RNI NO.DELHI/2012/48369
वर्ष 10 अंक 76
नई दिल्ली, शुक्रवार, 21 जनवरी, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



अंडर-19 विश्व कप में भारत क्वार्टर फाइनल में

स्पोर्ट्स-12

# मुलायम के साढ़ू प्रमोद गुप्ता और कांग्रेस के अभियान का चेहरा रहीं डॉ. प्रियंका भाजपा में

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**समाजवादी** पार्टी के संरक्षक मुलायम सिंह यादव के रिश्ते में साढ़ू और पार्टी के पूर्व विधायक प्रमोद गुप्ता तथा कांग्रेस की पोस्टर गर्ल प्रियंका मौर्य बृहस्पतिवार को भाजपा में शामिल हो गए। उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक प्रमोद गुप्ता आज भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए। गुप्ता और मौर्य राज्य इकाई के पूर्व अध्यक्ष और भाजपा की ज्वाइनिंग कमेटी के प्रमुख लक्ष्मीकांत बाजपेई की मौजूदगी में पार्टी में शामिल हुए। गौरतलब है कि एक दिन पहले ही मुलायम सिंह की छोटी बहू अपर्णा यादव भी भाजपा में शामिल हुई हैं।

औरैया के बिधूना सीट से 2012 में विधायक बने गुप्ता के साथ कांग्रेस नेता डॉ. प्रियंका मौर्य और अयोध्या से लोक गायिका वंदना मिश्रा ने भी भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। गौरतलब है कि मौर्य प्रदेश में कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी वाड्रा द्वारा शुरू किए गए अभियान लड़की हूं, लड़ सकती हूं के पोस्टर का चेहरा थीं। भाजपा में नए सदस्यों के शामिल होने से संबंधित समिति के प्रमुख और पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ लक्ष्मीकांत बाजपेई ने सभी को पार्टी की सदस्यता दिलाई। बाजपेई ने गुप्ता का स्वागत करते हुए कहा कि एक महत्वपूर्ण राजनीतिक नाम, समाजवादी पार्टी परिवार के सदस्य और औरैया के पूर्व विधायक प्रमोद गुप्ता आज भाजपा परिवार में शामिल हो रहे हैं। उन्होंने कहा, मैं याद दिलाना चाहता हूं ( शेष पेज 9 )



लखनऊ में पार्टी के वरिष्ठ नेता लक्ष्मीकांत वाजपेयी की उपस्थिति में भाजपा में शामिल हुए प्रमोद गुप्ता और डॉ. प्रियंका मौर्या

## मुख्यमंत्री योगी के खिलाफ उतरेंगे चंद्रशेखर आजाद

**नोएडा (पीएनएस)।** दलित नेता चंद्रशेखर आजाद गोरखपुर शहर सीट से उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव लड़ेंगे। उनकी आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) ने बृहस्पतिवार को यह घोषणा की। राज्य के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गोरखपुर शहर से भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार हैं। आजाद ने कहा कि वह भाजपा के खिलाफ अपनी लड़ाई जारी रखेंगे। पार्टी ने सोशल मीडिया पर एक बयान में कहा, बहुजन हिताय- बहुजन सुखाय की बाबासाहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर और कांशीराम साहब की विचारधारा को आगे बढ़ाते हुए, आजाद समाज पार्टी (कांशीराम), गोरखपुर सदर (322) सीट से ( शेष पेज 9 )

## मैनपुरी में करहल सीट से चुनाव लड़ेंगे अखिलेश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सपा** अध्यक्ष अखिलेश यादव उत्तर प्रदेश के आगामी विधानसभा चुनाव में मैनपुरी जिले की करहल सीट से मैदान में उतरेंगे। सपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता आशुतोष वर्मा ने बताया कि अखिलेश मैनपुरी की करहल सीट से पार्टी के उम्मीदवार होंगे। अखिलेश इस समय आजमगढ़ से सांसद हैं और पहली बार विधानसभा का चुनाव लड़ेंगे। आज की घोषणा से पहले उनके अपने संसदीय निर्वाचन क्षेत्र की ही किसी विधानसभा सीट से चुनाव लड़ने की अटकलें लगाई जा रही थीं। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, सपा की मैनपुरी इकाई ने बृहस्पतिवार को सपा मुखिया को करहल सीट से चुनाव लड़ने की पेशकश की थी जिसे उन्होंने मंजूर कर लिया। करहल विधानसभा सीट पर समाजवादी पार्टी ( शेष पेज 9 )

# सात राज्यों में कोरोना से हालात चिंताजनक, केंद्र ने भेजी टीमें

● देश में तीसरी लहर के दौरान पहली बार आए तीन लाख से अधिक केस

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**देश** में तीसरी लहर के दौरान पहली बार गुरुवार को तीन लाख से अधिक मामले आए। केरल, कर्नाटक और तमिलनाडु में गुरुवार को पिछले 24 घंटों के दौरान कोविड-19 मामलों में भारी वृद्धि हुई, जबकि मुंबई और दिल्ली में स्थिति स्थिर होती दिख रही है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि देश के कम से कम 515 जिलों में पिछले एक सप्ताह में 5 प्रतिशत से अधिक की सकारात्मकता दर बनी हुई है। महाराष्ट्र, कर्नाटक, गोवा, तमिलनाडु, केरल, दिल्ली और उत्तर प्रदेश में स्थिति चिंताजनक है, जहां उच्च सकारात्मकता दर है।

हालात की निगरानी के लिए केंद्र सरकार ने स्वास्थ्य टीमों को गंभीर स्थिति वाले राज्यों में भेजा है। मंत्रालय ने हालांकि कहा कि तीसरी लहर में दूसरी लहर की तुलना में मौतें कम हो रही हैं और बिस्तर तक पहुंचने वाले मरीजों की संख्या भी काफी कम है। केरल में गुरुवार को कोरोनाकाल में अब तक सबसे अधिक 46,387 नए केस आए। राज्य में दूसरी लहर के दौरान एक दिन में 43,529 केस आए थे। इसी तरह, कर्नाटक में भी गुरुवार को 47,754 मरीज मिले। इनमें से 30,540 ( शेष पेज 9 )



पटना में एक कैदी की कोरोना जांच के लिए नमूना लेता स्वास्थ्यकर्मी

## दिल्ली में आरटी-पीसीआर जांच 300 रुपये में होगी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**दिल्ली** सरकार ने बृहस्पतिवार को निजी अस्पतालों और प्रयोगशालाओं में कोविड का पता लगाने वाली आरटी-पीसीआर जांच की कीमत 500 रुपये से घटाकर 300 रुपये तय कर दी है। अब तक निजी अस्पतालों और प्रयोगशालाओं में आरटी-पीसीआर जांच के लिए 500 रुपये का भुगतान करना होता था। इसी तरह रैपिड एंटीजन ( शेष पेज 9 )

## बूस्टर डोज ओमीक्रोन वैरिएंट पर प्रभावी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**कोविड-19** वैक्सीन की तीसरी बूस्टर डोज एंटीबॉडी के स्तर को सफलतापूर्वक बढ़ाती है जो ओमीक्रोन वैरिएंट को बेअसर कर देती है। प्रयोगशाला के निष्कर्षों को द लैंसेट में प्रकाशित किया गया है। फ्रांसिस क्रिक इंस्टीट्यूट और नेशनल इंस्टीट्यूट फॉर हेल्थ रिसर्च (एनआईएचआर) यूसीएलएच बायोमेडिकल रिसर्च सेंटर के शोधकर्ताओं ( शेष पेज 9 )

# भाजपा ने पर्रिकर के बेटे को पणजी से नहीं दिया टिकट

● गोवा के लिए पहली सूची में 34 उम्मीदवारों के नाम

● केजरीवाल ने उत्पल को टिकट का ऑफर दिया

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**भाजपा** ने गुरुवार को गोवा में होने वाले आगामी विधानसभा चुनाव के लिए, पार्टी के 34 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी है। उम्मीदवारों की इस सूची से गोवा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर पर्रिकर के बेटे उत्पल पर्रिकर का नाम गायब है। उत्पल अपने पिता की परंपरागत सीट पणजी से चुनाव लड़ना चाहते थे, लेकिन पार्टी ने वहां से इनकार कर उन्हें दो विकल्प दिए, जहां से उत्पल नहीं लड़ना चाहते।

भाजपा की उम्मीदवारों की सूची में उत्पल का नाम नहीं होने पर आम आदमी पार्टी के प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने ट्वीट कर कहा कि उत्पल पर्रिकर का आप में शामिल होने और चुनाव लड़ने के लिए स्वागत है। पर्रिकर परिवार के करीबी लोगों ने समाचार एजेंसी एएनआई से कहा कि उत्पल किसी अन्य सीट से लड़ने के लिए राजी नहीं होंगे, क्योंकि यह उनके लिए राजनीति से अधिक भावनात्मक मुद्दा है। पिछले एक महीने ( शेष पेज 9 )



नई दिल्ली में गोवा के लिए पार्टी प्रत्याशियों की सूची जारी करते अरुण सिंह और देवेंद्र फडणवीस

## उत्तराखंड में भाजपा की पहली सूची, खटीमा से लड़ेंगे धामी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**भाजपा** ने गुरुवार को 70 विधानसभा क्षेत्रों वाले उत्तराखंड के लिए 59 के लिए उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की। मौजूदा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को प्रदेश के खटीमा निर्वाचन क्षेत्र से पार्टी का टिकट दिया गया है। उत्तराखंड के भाजपा चुनाव प्रभारी प्रह्लाद जोशी ने संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि पहली सूची में पांच महिला उम्मीदवार हैं। पूर्व कांग्रेसी बागी उमेश शर्मा को उनकी पारंपरिक रायपुर सीट से मैदान में उतारा गया है। पहले उनके कांग्रेस में लौटने की अटकलें लगाई ( शेष पेज 9 )

## बीएचयू ने हिन्दू धर्म में पीजी पाठ्यक्रम शुरू किया

भाषा। वाराणसी

**काशी** हिन्दू विश्वविद्यालय ने हिन्दू धर्म में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम की शुरुआत की है। विश्वविद्यालय ने इसे देश में इस तरह का पहला पाठ्यक्रम बताया है। विश्वविद्यालय के रेक्टर प्रोफेसर वी के शुक्ला ने इस नए पाठ्यक्रम का उद्घाटन करते हुए बताया कि यह पाठ्यक्रम दुनिया को हिन्दू धर्म के कई अज्ञात पहलुओं से अवगत कराने के साथ ही हिन्दू धर्म की शिक्षाओं को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाने में मदद करेगा। शुक्ला ने कहा कि यह देशभर में पहला ऐसा पाठ्यक्रम होगा। यह पाठ्यक्रम भारत अध्ययन केंद्र के कला संकाय के दर्शनशास्त्र और धर्म विभाग, संस्कृत विभाग और प्राचीन भारतीय इतिहास, संस्कृति और पुरातात्विक विभाग के सहयोग से चलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि पाठ्यक्रम के पहले सत्र में एक विदेशी छात्र सहित कुल 45 छात्रों ने दाखिला लिया है। भारत अध्ययन केंद्र के समन्वयक सदाशिव कुमार द्विवेदी ने बताया कि दो वर्ष के इस पाठ्यक्रम में 4 सेमेस्टर और 16 पेपर होंगे।

# सुप्रीम कोर्ट ने नीट में ओबीसी कोटा बरकरार रखा

● आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के आरक्षण को भी दी हरी झंडी

भाषा। नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने बृहस्पतिवार को यूजी और पीजी चिकित्सा पाठ्यक्रमों के लिए राष्ट्रीय पात्रता एवं प्रवेश परीक्षा (नीट) में अखिल भारतीय कोटा (एआईक्यू) सीटों में अन्य पिछड़ा वर्ग के वास्ते 27 प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था बरकरार रखी है। न्यायालय ने कहा कि योग्यता को प्रतिस्पर्धी परीक्षा में प्रदर्शन के संकीर्ण परिभाषा तक कमतर नहीं किया जा सकता क्योंकि यह सिर्फ समान अवसर प्रदान करती है।

मौजूदा शैक्षणिक वर्ष के लिए मौजूदा कोटा पर आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों (ईडब्ल्यूएस) के लिए आरक्षण की अनुमति को सही ठहराते हुए, पीठ ने कहा, हम अभी भी महामारी के बीच में हैं और चिकित्सकों की भर्ती में किसी भी तरह की देरी महामारी का प्रबंधन करने की क्षमता को प्रभावित करेगी। इसलिए, प्रवेश प्रक्रिया में किसी और देरी से बचने और तुरंत काउंसलिंग शुरू करने की अनुमति देना आवश्यक है। शीर्ष अदालत ने कहा कि संविधान के अनुच्छेद 16 (4), 15 (4) और 15 (5) समूह में पहचान के लिए इस्तेमाल होता है और यह आरक्षण नीति की तार्किकता में कोई बदलाव नहीं लाता है।

न्यायमूर्ति डी. वाई. चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति ए. एस. बोपन्ना की पीठ ने अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के लिए 27 प्रतिशत आरक्षण को बरकरार रखने और इस वर्ष के लिए मौजूदा मानदंडों पर 10 प्रतिशत ईडब्ल्यूएस कोटा की अनुमति देने के कारणों का विवरण देते हुए यह आदेश पारित किया। पीठ ने कहा, उपरोक्त चर्चा के मद्देनजर हम मानते हैं कि स्नातक (यूजी) और स्नातकोत्तर (पीजी) चिकित्सा और दंत चिकित्सा पाठ्यक्रम के लिए एआईक्यू सीटों में ओबीसी अभ्यर्थियों के लिए आरक्षण संवैधानिक रूप से मान्य है। पीठ ने कहा, योग्यता को प्रतिस्पर्धी परीक्षा में प्रदर्शन की संकीर्ण परिभाषा तक कमतर नहीं किया जा सकता क्योंकि यह सिर्फ समान अवसर प्रदान करती है।

प्रतियोगी परीक्षाएं शैक्षिक संसाधनों को आवंटित करने के लिए बुनियादी वर्तमान योग्यता का आकलन करती हैं, लेकिन किसी व्यक्ति की उत्कृष्टता, क्षमताओं को प्रतिबिंबित नहीं करती हैं। शीर्ष अदालत ने कहा कि महत्वपूर्ण रूप से, खुली प्रतियोगी परीक्षाएं सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक लाभ को नहीं दर्शाती हैं जो कुछ वर्गों को प्राप्त होता है और ऐसी परीक्षाओं में उनकी सफलता में योगदान देता है। ईडब्ल्यूएस कोटा पर, उच्चतम न्यायालय ने कहा कि कोटा की वैधता पर याचिकाकर्ताओं का तर्क एआईक्यू सीटों में आरक्षण की अनुमति तक सीमित नहीं था। पीठ ने कहा, इसके बजाय, याचिकाकर्ताओं ने ईडब्ल्यूएस के निर्धारण ( शेष पेज 9 )



## भारतीय सेना ने अरुणाचल से लापता लड़के का पता लगाने के लिए पीएलए से संपर्क किया

भाषा। नई दिल्ली

**भारतीय** सेना ने चीन की पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) से लापता एक लड़के मिराम टैरोन का पता लगाने और स्थापित प्रोटोकॉल के अनुसार उसे वापस करने के लिए सहायता मांगी है। रक्षा प्रतिष्ठान के सूत्रों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अरुणाचल प्रदेश के सांसद तापिर गाव ने बुधवार को कहा था कि पीएलए ने मंगलवार को राज्य के अपर सियांग जिले में भारतीय क्षेत्र से 17 वर्षीय एक लड़के का अपहरण कर लिया। रक्षा प्रतिष्ठान के सूत्रों ने बृहस्पतिवार को कहा कि जब भारतीय सेना को टैरोन के लापता होने के बारे में सूचना मिली तो उसने तुरंत हॉटलाइन के स्थापित तंत्र के माध्यम से पीएलए से संपर्क करके सूचित किया कि जड़ी-बूटी इकट्ठा करने निकला एक लड़का रास्ता भटक गया है और उसका पता नहीं चल रहा है। सूत्रों ने कहा कि पीएलए से उनके क्षेत्र में किशोर का पता लगाने और स्थापित प्रोटोकॉल के अनुसार उसे वापस करने ( शेष पेज 9 )

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 59,464 | 634 |
| निफ्टी | 17,757 | 181 |
| सोना | 48,327 | 415 /10g |
| चांदी | 64,429 | 858 /kg |

## क्विक न्यूज

### नए संसद भवन की लागत में होगी 200 करोड़ की वृद्धि

**नई दिल्ली।** नए संसद भवन के निर्माण की अनुमानित लागत में 200 करोड़ रुपए की वृद्धि हो सकती है। इसकी वजह इस्पात, इलेक्ट्रॉनिक्स और जरूरत के अन्य सामान व कार्यों का खर्च बढ़ जाना बताया गया है। सूत्रों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि लोकसभा सचिवालय इस सिलसिले में केंद्रीय लोक निर्माण विभाग (सीपीडब्ल्यूडी) को मंजूरी दे सकता है। सूत्रों ने पीटीआई को बताया कि इस महीने की शुरुआत में सीपीडब्ल्यूडी ने लागत में वृद्धि को सैद्धांतिक मंजूरी देने का लोकसभा सचिवालय से अनुरोध किया था। इस परियोजना के क्रियान्वयन का जिम्मा सीपीडब्ल्यूडी के पास है। उनके मुताबिक इस वृद्धि के बाद परियोजना की कुल लागत 1200 करोड़ रुपए हो जाने की उम्मीद है।

# दिल्ली दंगे में मिली पहली सजा, पांच साल की कैद

● दंगाई की भीड़ में था शामिल दोषी, बुजुर्ग महिला का जलाया था घर

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**राजधानी** दिल्ली में फरवरी 2020 में हुए दंगे में गुरुवार को पहली सजा सुनाई गई। दंगाई भीड़ में शामिल जिस युवक दिनेश यादव ने बुजुर्ग महिला का घर जलाया था, अदालत ने उसे पांच साल कैद की सजा दी है। उस पर 12 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश वीरेंद्र भट ने पिछले महीने दिनेश यादव को एक घर को आग लगाने वाली दंगाई भीड़ में शामिल होने का दोषी पाया था। यादव की अधिवक्ता शिखा गर्ग ने कहा कि अदालत ने उनके मुवक्किल पर 12 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। अभियोजन पक्ष के अनुसार यादव दंगाई भीड़ का सक्रिय सदस्य था और 25 फरवरी की रात मनोरी नामक 73 वर्षीय महिला के घर में तोड़फोड़ करने और आग लगाने वालों में शामिल था। मनोरी ने आरोप लगाया था कि करीब 150-200 दंगाइयों की भीड़ ने उनके घर पर हमला किया था, जब उनका परिवार घर पर नहीं था। इस दौरान दंगाइयों ने सारा सामान लूट लिया और बैंस तक भी अपने साथ ले गए। यादव (25) को आठ जून 2020 को गिरफ्तार किया गया था। अदालत ने तीन अगस्त 2021 को उस पर आरोप तय किये। छह दिसंबर को उसे दोषी करार दिया गया। उत्तर-पूर्वी दिल्ली में फरवरी 2020 में नागरिकता (संशोधन) कानून के समर्थकों और विरोधियों के बीच हिंसा के बाद सांप्रदायिक झड़पें हुई थीं, जिसमें कम से कम 53 लोगों की मौत हो गई थी और 700 से अधिक लोग घायल हुए थे।

# नए भारत में भेदभाव के लिए कोई जगह नहीं: मोदी

● कहा, समानता व सामाजिक न्याय आधारित समाज बना रही सरकार

भाषा। जयपुर

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने बृहस्पतिवार को कहा कि लोग ऐसे भारत को उभरते हुए देख रहे हैं जिसकी सोच व एप्रोच (दृष्टिकोण) नई है और जिसके निर्णय प्रगतिशील हैं। मोदी ने कहा कि सरकार समानता व सामाजिक न्याय आधारित समाज बना रही है जिसमें भेदभाव की कोई जगह न हो। इसके साथ ही मोदी ने आगामी 25 साल को देश के लिए महत्वपूर्ण बताते हुए कहा, यह कालखंड सैकड़ों वर्ष की गुलामी में हमारे समाज ने जो गंवाया उसे दोबारा प्राप्त करने का है।

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी भारत की छवि खराब करने की प्रवृत्ति पर दुख जताते हुए उन्होंने कहा, हमारा दायित्व है कि दुनिया भारत को सही रूप में जाने। प्रधानमंत्री मोदी माउंट आबू स्थित ब्रह्मकुमारीज संस्थान द्वारा आयोजित आजादी के अमृत महोत्सव से स्वर्णिम भारत की ओर कार्यक्रम के शुरुआत समारोह को ऑनलाइन संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव समारोहों के क्रम में ब्रह्मकुमारीज संस्था का यह कार्यक्रम स्वर्णिम भारत की भावना, प्रेरणा और साधना का परिचायक है। उन्होंने कहा कि एक तरफ निजी आकांक्षाएं और सफलताएं हैं, तो दूसरी तरफ राष्ट्रीय आकांक्षाएं और सफलताएं हैं, जिनके बीच कोई अंतर नहीं है। प्रधानमंत्री ने जोर देते हुए कहा, राष्ट्र की प्रगति हमारी प्रगति है। हमसे ही राष्ट्र का अस्तित्व है, और राष्ट्र से ही हमारा अस्तित्व है। यह भाव, यह बोध ही नए भारत के निर्माण में हम भारतवासियों की सबसे बड़ी ताकत बन रहा है। आज देश में जो कुछ हो रहा है, उसमें सबका प्रयास शामिल है। उन्होंने कहा कि सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास देश का दिग्दर्शक मूलमंत्र बन रहा है। नए भारत की नवोन्मेषी और प्रगतिशील नई सोच और नई दृष्टि का उल्लेख करते उन्होंने कहा, आज हम एक ऐसी व्यवस्था बना रहे हैं, जिसमें भेदभाव की कोई जगह न हो, हम एक ऐसा समाज बना रहे हैं, जो समानता और सामाजिक न्याय की बुनियाद पर मजबूती से खड़ा हो।

प्रधानमंत्री ने उपासना की भारतीय परंपरा और महिलाओं के महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि दुनिया जब अंधकार के गहरे दौर में थी, महिलाओं को लेकर पुरानी सोच में जकड़ी थी, तब भारत मातृशक्ति की पूजा, देवी के रूप में करता था। हमारे यहां गार्गी, मैत्रेई, अनुसूया, अरुंधति और मदालसा जैसी विदुषियां समाज को ज्ञान देती थीं। प्रधानमंत्री ने सशस्त्र बलों में महिलाओं के प्रवेश, मातृत्व अवकाश में बढ़ोतरी, अधिक संख्या में मतदान के रूप में ( शेष पेज 9 )



ब्रह्मकुमारीज संस्थान द्वारा आयोजित आजादी के अमृत महोत्सव समारोह को ऑनलाइन संबोधित करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

विधानसभा चुनाव

# पंकज सिंह और पंखुडी पाठक के पास सबसे कम संपत्ति

## अधिकतर उम्मीदवारों ने अपने ऊपर बताया लाखों का कर्जा

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए नोएडा से सभी उम्मीदवारों ने अपना नामांकन दाखिल कर दिया है। नामांकन दाखिल करते समय नोएडा से भारतीय जनता पार्टी, कांग्रेस, बहुजन समाज पार्टी, समाजवादी पार्टी और आम आदमी पार्टी के नेताओं ने हैरान कर देने वाला नामांकन पत्र भरा है।

नोएडा से वर्तमान विधायक पंकज सिंह ने नामांकन पत्र दाखिल करते हुए बताया कि उनके पास कोई भी गाड़ी नहीं है। इतना ही नहीं पंकज सिंह की पत्नी के ऊपर 12 लाख रुपए का कर्ज है। पंकज सिंह के पास अचल संपत्ति 2 करोड़ रुपए से ज्यादा है। उन पर कोई भी मुकदमा दर्ज नहीं है। वैसे आपको बता दें कि पंकज सिंह भारत के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के बेटे हैं। भारतीय जनता पार्टी ने पंकज सिंह को काफी पद भी दिया हुआ है लेकिन नामांकन पत्र दाखिल करते समय पंकज सिंह ने जो जानकारी निर्वाचन आयोग को दी है वह काफी हैरान कर देने वाली है।

वहीं कांग्रेस से प्रत्याशी पंखुडी पाठक ने नामांकन पत्र दाखिल करते हुए बताया कि उनके पास भी कोई गाड़ी नहीं है। इतना ही नहीं पंखुड़ी पाठक पर 57 लाख रुपए से ज्यादा कर्जा है और उनके पति अनिल यादव पर 26 लाख रुपए से ज्यादा कर्ज है। हालांकि पंखुड़ी पाठक पर कोई भी अपराधिक मुकदमा दर्ज नहीं है। पंखुड़ी पाठक के पास केवल 50 हजार रुपए का ही सोना है।

दूसरी ओर, बसपा उम्मीदवार कृपाराम शर्मा ने नामांकन पत्र दाखिल करते हुए बताया कि उनके पास एक इनोवा गाड़ी है। हालांकि उन पर कोई भी मुकदमा दर्ज नहीं है और ना ही उनपर कोई कर्ज है।

वहीं समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार सुनील चौधरी पर एक इनोवा गाड़ी है। इसके अलावा सुनील चौधरी 4 मुकदमे दर्ज हैं। सुनील चौधरी पर 19 लाख से ज्यादा रुपए का कर्जा है। आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार पंकज अवाना के पास एक फॉर्च्यूनर और एक लैंड रोवर गाड़ी है। इसके अलावा पंकज अवाना पर कोई भी मुकदमा दर्ज नहीं है। आपको बता दें कि पंकज अवाना पहली बार नोएडा विधानसभा से चुनाव लड़ रहे हैं।

# भाजपा के 30 स्टार प्रचारकों में सुरेंद्र सिंह नागर भी शामिल

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

● स्थानीय सांसद महेश शर्मा का नाम नहीं

विधानसभा चुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी ने अपने स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी है। गौतमबुद्धनगर के राज्यसभा सांसद सुरेंद्र सिंह नागर को भारतीय जनता पार्टी ने स्टार प्रचारक बनाया है लेकिन लोकसभा सांसद डॉ महेश शर्मा को स्टार प्रचारकों में शामिल नहीं किया है।

उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव को लेकर हाईकमान ने 30 नेता, मंत्री को स्टार प्रचारक बनाया है। जिसमें देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से लेकर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तक का नाम शामिल है। हैरानी की बात यह है कि गौतमबुद्धनगर के स्थानीय सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ महेश शर्मा को स्टार प्रचारक में शामिल नहीं किया बल्कि गौतमबुद्धनगर निवासी राज्यसभा सांसद सुरेंद्र सिंह नागर को स्टार प्रचारक में शामिल किया है। इसका मतलब साफ है कि भारतीय जनता पार्टी ने डॉ महेश शर्मा से ऊंचा राज्यसभा सांसद संजय सिंह नागर का कद माना है।

सुरेंद्र सिंह नागर कुछ साल पहले ही भारतीय जनता पार्टी में आए थे लेकिन डॉ महेश शर्मा भारतीय जनता पार्टी के सांसद होने के अलावा पूर्व में केंद्रीय मंत्री भी रह चुके हैं। डॉ महेश शर्मा को एक या दो नहीं बल्कि तीन मंत्रालयों को संभाला था लेकिन इस समय सिर्फ डॉ महेश शर्मा सांसद है। आपको बता दें कि मिहिर भोज प्रकरण मामले के दौरान लोगों ने कहा था कि भारतीय जनता पार्टी में सुरेंद्र सिंह नागर का कद डॉ महेश शर्मा से नीचे हो गया है लेकिन स्टार प्रचारक की सूची जारी होने के बाद यह साफ हो गया है कि सुरेंद्र सिंह नागर का कद डॉ महेश शर्मा से ऊंचा है।

## साहिबाबाद से कांग्रेस ने संगीता त्यागी को बनाया प्रत्याशी



गाजियाबाद। कांग्रेस ने साहिबाबाद विधानसभा से वसुंधरा निवासी संगीता त्यागी को अपना प्रत्याशी घोषित किया है। संगीता त्यागी कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता दिवंगत राजीव त्यागी की धर्मपत्नी हैं।

राजीव त्यागी की टेलीविजन डिबेट का दौरान हार्ट अटैक से निधन हो गया था। संगीता त्यागी पेशे से शिक्षिका हैं। उन्होंने टिकट देने के लिए कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि वह कांग्रेस के आदर्शों पर चलते हुए चुनाव लड़ेंगी। उन्होंने कहा कि शिक्षा, सुरक्षा और विकास उनका चुनावी मुद्दा होगा। इसके अलावा कांग्रेस ने मोदीनगर से नीरज प्रजापति तथा धौलाना से अरविंद शर्मा को अपना प्रत्याशी घोषित किया है।

# केके शुक्ला, मंजू शिवाच और रंजीता समेत कई ने भरे पर्चे

## सभी प्रत्याशियों ने किया जीत का दावा

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद



नामांकन प्रक्रिया के छठवें दिन गाजियाबाद विधानसभा से बसपा प्रत्याशी के के शुक्ला, मोदीनगर से भाजपा प्रत्याशी मंजू शिवाच समेत कई दलों के प्रत्याशियों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर नामांकन पत्र जमा किए। इस अवसर पर सभी उम्मीदवारों ने अपनी जीत का दावा भी किया। गाजियाबाद विधानसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी के बागी हुए बसपा के प्रत्याशी केके शुक्ला टिकट ना मिलने से पार्टी से बागी हो गए थे। भाजपा ने उन्हें पार्टी से निष्कासित कर दिया था। उनके साथ पार्षद कृपाल सिंह समेत कई कार्यकर्ता थे।

मोदीनगर से भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी व विधायक मंजू शिवाच ने भी आज कलेक्ट्रेट पहुंचकर अपना नामांकन पत्र दाखिल कर दिया। साहिबाबाद क्षेत्र से भाजपा से टिकट न मिलने से नाराज डॉक्टर सपना बंसल ने भी आज अपना नामांकन दाखिल किया। मुरादनगर विधानसभा से आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी महेश त्यागी ने, साहिबाबाद विधानसभा से ए आई एम आई एम के प्रत्याशी मनमोहन गामा ने, मोदीनगर से बसपा की प्रत्याशी पूनम गर्ग ने, समाज पार्टी के प्रत्याशी प्रदीप पाठक ने भी अपने नामांकन पत्र दाखिल किए। इसके अलावा रजनीश ठाकुर ने गाजियाबाद से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया।

# कोरोना संक्रमित भड़ाना नहीं लड़ेंगे चुनाव

## जेवर से भाजपा प्रत्याशी धीरेंद्र सिंह ने किया नामांकन

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

जेवर सीट से सपा-रालोद गठबंधन के प्रत्याशी अवतार सिंह भड़ाना ने नामांकन दाखिल करने के तीन दिन बाद बृहस्पतिवार को चुनाव लड़ने से इनकार कर दिया है। रालोद ने यह जानकारी देते हुए कहा कि कोरोना वायरस से संक्रमित होने के कारण भड़ाना ने यह कदम उठाया है।

रालोद जिला अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने बताया, अवतार सिंह भड़ाना कोरोना वायरस से संक्रमित हो गए हैं। स्वास्थ्य खराब होने के कारण उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है, इसलिए वह चुनाव नहीं लड़ेंगे। वहीं रालोद नेता चौधरी ने कहा कि जेवर से प्रत्याशी को लेकर पार्टी आलाकमान से बातचीत की जा रही है और जल्दी ही नये नाम की घोषणा की जाएगी।

उधर, जेवर से ही भाजपा उम्मीदवार धीरेंद्र सिंह पर योगी आदित्यनाथ ने विश्वास जताते हुए एक बार फि र प्रत्याशी बनाया है। गुरुवार को धीरेंद्र सिंह नामांकन करने कलेक्ट्रेट पहुंचे। इस दौरान धीरेंद्र सिंह ने कहा कि गौतमबुद्धनगर और पूरे उत्तर प्रदेश की जनता इस बार विकास कार्यों पर अपना वोट करेगी। जितना विकास कार्य भाजपा सरकार में हुआ, इतना विकास कोई अन्य सरकार कभी भी नहीं कर सकती।

## संक्षिप्त समाचार



### सामूहिक विवाह कार्यक्रम 23 को

साहिबाबाद। राजेन्द्र नगर सेक्टर 3 स्थित स्वामी विवेकानंद सरस्वती विद्या मंदिर में 23 जनवरी को 13 कन्याओं का सामूहिक विवाह कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। साहिबाबाद शाखा के अध्यक्ष अनिरुद्ध अग्रवाल ने बताया कि 13 कन्याओं विवाह कार्यक्रम का प्रारंभ प्रात: 8 बजे से होगा। कोरोना प्रोटोकॉल का पालन करने की दृष्टि से कार्यक्रम को तीन खंडों में विभाजित किया गया है, ताकि एक साथ अधिक संख्या में लोगों की उपस्थिति न हो सके। किसी भी चिकित्सकीय आवश्यकता की पूर्ति के लिए दो विशेषज्ञ चिकित्सकों की देखरेख में हेल्प डेस्क के साथ साथ टेंपरेचर रिकॉर्डर, सैनिटाइजर व आवश्यकतानुसार मास्क वितरण की व्यवस्था भी उपलब्ध रहेगी। इस सामाजिक व मांगलिक कार्यक्रम को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने हेतु दिनेश गुप्ता, अंजू गुप्ता, बी के वर्मा शैदी, बृजेश जादौन, प्रवीण भाटी, हरीश गर्ग, अरुण शर्मा साहिबाबाद शाखा के अध्यक्ष कुलभूषण, शाखा सचिव एम पी अरोड़ा, कोषाध्यक्ष अमित गुप्ता व शाखा महिला संयोजिका निशि शर्मा लोग मौजूद रहेंगे।

### 'आजादी के बाद की पत्रकारिता' पर संगोष्ठी आयोजित



गाजियाबाद। आज 'भगदड़ वाली पत्रकारिता' का दौर है। जिसमें जीवन मूल्य नहीं हैं। सभी अपनी-अपनी जान बचाने की जुगत में दिखते हैं। शांत चित्त पत्रकारिता हो, पत्रकारिता पुन: पटरी पर आए, इसके लिए जरूरी प्रयास करने होंगे। इसके लिए ट्रैफिक पुलिस जैसे नियंत्रण की आवश्यकता है।'' वरिष्ठ पत्रकार एवं इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र के अध्यक्ष पद्मश्री राम बहादुर राय ने यह बात गुरुवार को कही। वह प्रभाष परम्परा न्यास एवं मेवाड़ विश्वविद्यालय द्वारा 'आजादी के बाद की पत्रकारिता' विषय पर आयोजित ऑनलाइन विचार संगोष्ठी में अपने विचार प्रकट कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज पत्रकारिता में नीति और नियमन की जरूरत है।

# गश्त के दौरान 3 शातिर चोर गिरफ्तार, 20 गाड़ियां बरामद

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

● सौ से ज्यादा वारदात को दिया अंजाम

थाना सूरजपुर पुलिस ने बीती रात को गश्त के दौरान तीन शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनकी निशानदेही पर एनसीआर के विभिन्न स्थानों से चोरी की गई 20 मोटरसाइकिलें बरामद की हैं।

पूछताछ के दौरान गिरफ्तार बदमाशों ने वाहन चोरी की 100 से ज्यादा वारदातों में शामिल होने की बात स्वीकार की है। पुलिस उपायुक्त (जोन प्रथम) हरीश चंदर ने बताया कि थाना सूरजपुर पुलिस ने बीती रात एक सूचना के आधार पर तिलपता गांव के पास से हनी, मोहित तथा विशेष शर्मा नामक तीन वाहन चोरों को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि इनकी निशानदेही पर पुलिस ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के विभिन्न जगहों से चोरी की गई 20 मोटरसाइकिलें, तीन देसी तमंचे, तथा कारतूस बरामद किये हैं। पूछताछ के दौरान गिरफ्तार बदमाशों ने पुलिस को बताया है कि उन्होंने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में वाहन चोरी की 100 से ज्यादा वारदातों को अंजाम दिया है। ये बदमाश इससे पहल भी जेल जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि मौज मस्ती करने के लिए ये लोग वाहन चोरी करते हैं। चोरी के वाहनों पर फर्जी नंबर लगाकर ये लोग ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को बेच देते थे।

## सेक्टरों और गांवों में कांग्रेसियों ने किया प्रचार

नोएडा। नोएडा विधानसभा की कांग्रेस प्रत्याशी पंखुडी पाठक, वरिष्ठ नेता अनिल यादव व कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने 5-5 लोगों की टुकडियों में नोएडा के विभिन्न सैक्टरों व गावों में जाकर कांग्रेस प्रत्याशी पंखुडी पाठक के लिए चुनाव प्रचार किया।

वहीं पंखुडी पाठक ने गुरुवार को अपने चुनाव प्रचार के दौरान सैक्टर 15, 27 128 असगरपुर बख्तावरपुर व रायपुर गावों में घर-घर जाकर संपर्क किया तथा लोगों से अपने लिए वोट व समर्थन मांगा। उन्होंने लोगों को वचन दिया कि मैं आपके हर सुख, दु:ख में एक फोन कॉल पर हाजिर रहूंगी।

# चुनाव में खपाने को लाई 17 पेटी शराब बरामद, 2 धरे

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा



पुलिस ने दो शराब तस्करों को गिरफ्तार किया और उनके पास से 17 पेटी हरियाणा मार्का शराब बरामद की है। एक पुलिस अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी।

थाना सेक्टर-58 के प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार ने बताया कि बुधवार रात गुप्त सूचना के आधार पर मॉडल टाउन चौकी के पास से आकाश श्रीवास्तव और सुमित कश्यप को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि आरोपियों के पास से पुलिस ने 17 पेटी हरियाणा मार्का शराब बरामद की। एक कार के जरिए शराब भेजी जा रही थी। कुमार ने बताया कि जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि राज्य में विधानसभा चुनाव के दौरान बांटने के लिए दोनों अवैध तरीके से शराब की खेप पहुंचा रहे थे। उन्होंने बताया कि आरोपियों के और सहयोगियों का पता लगाने के लिए पूछताछ की जा रही है।

# एक्सप्रेसवे पर हादसे में बाइक सवार की मौत

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

● सीसीटीवी फुटेज की मदद से अज्ञात वाहन को तलाश रही पुलिस



शहर के जेवर थानाक्षेत्र में यमुना एक्सप्रेस -वे पर बीती रात को एक अज्ञात वाहन की टक्कर से एक मोटरसाइकिल सवार की मौत हो गई। पुलिस आयुक्त आलोक सिंह के मीडिया प्रभारी पंकज कुमार ने बताया कि यमुना एक्सप्रेस- वे पर बीती रात को बनवारी (35) मोटरसाइकिल से नोएडा की तरफ आ रहे थे, उसी दौरान किसी अज्ञात वाहन ने उनकी मोटरसाइकिल में टक्कर मार दिया।

मीडिया प्रभारी ने बताया कि गंभीर रूप से घायल बनवारी को जेवर के कैलाश अस्पताल में भर्ती करवाया गया, वहां पर उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। बनवारी भरतपुर राजस्थान के भरतपुर जनपद के रहने वाले थे।

कुमार ने बताया कि पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए ले गयी है तथा यमुना एक्सप्रेस -वे पर लगे सीसीटीवी कैमरे की सहायता से घटना को अंजाम देने वाले वाहन की तलाश की जा रही है।

एक अन्य घटना में मीडिया प्रभारी ने बताया कि फरीदाबाद के प्रकाश सिंह (42 वर्ष) काम करते समय ऊंचाई से गिर गए थे जिसके बाद उन्हें सेक्टर 142 थानाक्षेत्र में स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। कुमार के अनुसार उपचार के दौरान बीती रात क प्रकाश की मौत हो गई अब शव का पोस्टमार्टम किया जा रहा है।


सार्वजनिक सूचना

गुजरात उच्च न्यायालय, अहमदाबाद (मूल न्यायाधिकार क्षेत्र) में
कम्पनी याचिका सं. 3/2015 के संबंध में
जे. अपील नंबर 11/2015 के संबंध में
सिविल आवेदन सं. 3/2021

नियत तिथि : 28-01-2022
जिला : अहमदाबाद

याचिकादाता के अधिवक्ता : श्री मासूम के शाह जे.पी. फाइनैंशियल सर्विसेज प्रा. लि. ..........................याचिकादाता(गण)

विरूद्ध

गोल्डन टोबैको लि. ..........................प्रतिवादी(गण)

सेवा में,

7. भारत बी मर्चेंट, 8 ए, लैंड्स एण्ड, 8वां तल, 29-डी, दूनजर्सी रोड, मालाबार हिल, मुंबई-400 006
8. ऑल्टर इन्वेस्टमेंट प्रा. लि., पंजी. कार्यालय पता : बी-97, द्वितीय तल, अमृत पुरी, गढ़ी, ईस्ट ऑफ कैलाश, नई दिल्ली-110065
9. एलीगैंट इन्वेस्टमेंट प्रा. लि., पंजी. कार्यालय पता : बी-97, द्वितीय तल, अमृत पुरी, गढ़ी, ईस्ट ऑफ कैलाश, नई दिल्ली-110065
10. ओवल इन्वेस्टमेंट प्रा. लि., पंजी. कार्यालय पता : बी-97, द्वितीय तल, अमृत पुरी, गढ़ी, ईस्ट ऑफ कैलाश, नई दिल्ली-110065
11. लाम्पा ट्रेडिंग कम्पनी लि., पंजी. कार्यालय पता : बी-97, द्वितीय तल, अमृत पुरी, गढ़ी, ईस्ट ऑफ कैलाश, साउथ दिल्ली डी 1 110065
12. कोमासम इन्वेस्टमेंट प्रा. लि., पंजी. कार्यालय पता : बी-97, द्वितीय तल, अमृत पुरी, गढ़ी, ईस्ट ऑफ कैलाश, नई दिल्ली, साउथ दिल्ली डी 1 110065
13. पशुपतिनाथ कॉमर्शियल प्रा. लि., पंजी. कार्यालय पता : परिधान गारमेंट पार्क, 19, कनाल, साउथ रोड, एसडीएफ-प्पए तृतीय तल, यूनिट-403, कोलकाता, प श्चि म बंगाल - 700 015
14. लवली इन्वेस्टमेंट लि., पंजी. कार्यालय पता : बी-97, द्वितीय तल, अमृत पुरी, गढ़ी, ईस्ट ऑफ कैलाश, नई दिल्ली-110065
15. एक्सीलैंट कॉमर्शियल एंट ऐंड इन्व. लि., पंजी. कार्यालय पता : सी-76, प्रथम तल, सेक्टर-22, नोएडा, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश- 201301
16. हार्वटेक्स इंजी. ऐंड प्रोक. क. लि., पंजी. कार्यालय पता : 20/I, महर्षि देबेन्द्र रोड, द्वितीय तल, कोलकाता, पश्चिम बंगाल - 700 007
17. इंटरनैशनल रिसोर्सेज लि., पंजी. कार्यालय पता : सी-76, प्रथम तल, सेक्टर-22, नोएडा, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश- 201301
18. मानसरोवर कॉमर्शियल प्रा. लि., मोहरा बिल्डिंग, एम जी मार्ग, गंगटोक-737 101 (सिक्किम)
19. डालमिया फाइनैंस लि., पंजी. कार्यालय पता : एलजीएफ-15, अम्बादीप बिल्डिंग 14, कस्तूरबा गांधी मार्ग, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली, सेंट्रल दिल्ली डी 1 110 001
20. कैरीसा इन्वेस्टमेंट प्रा. लि., पंजी. कार्यालय पता : बी-97, द्वितीय तल, अमृत पुरी, गढ़ी, ईस्ट ऑफ कैलाश, नई दिल्ली, साउथ दिल्ली डी 1 110065
21. जैम्स कॉमर्शियल क. लि., पंजी. कार्यालय पता : 20/I, महर्षि देबेन्द्र रोड, द्वितीय तल, कोलकाता, पश्चिम बंगाल - 700 007
22. सीकर इन्वेस्टमेंट क. लि., पंजी. कार्यालय पता : घना सेवर बाई पास रोड, भरतपुर-321001, राजस्थान
23. मॉडरेट इन्वेस्टमेंट ऐंड कॉम. एंट. लि., पंजी. कार्यालय पता : सी-76, प्रथम तल, सेक्टर-22, नोएडा, गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश- 201301
24. जनरल एक्सपोर्ट्स ऐंड क्रेडिट्स लि., पंजी. कार्यालय पता : तृतीय तल, एफ 1-301, 64 बी, जीटी रोड (भद्रकाली), एलपी-7/5, हुगली, पश्चिम बंगाल - 712 232
25. सॉवरेन कॉमर्शियल प्रा. लि., मोफीरा बिल्डिंग, एम जी मार्ग, गंगटोक-737 101 (सिक्किम)
26. भरतपुर इन्वेस्टमेंट लि., पंजी. कार्यालय पता : घना सेवर बाई पास, भरतपुर-321001, राजस्थान
27. डब्ल्यूजीएफ फाइनैंशियल सर्विस लि., पंजी. कार्यालय पता : एलजीएफ-15, अम्बादीप बिल्डिंग 14, कस्तूरबा गांधी मार्ग, कनॉट प्लेस, नई दिल्ली, सेंट्रल दिल्ली डी 1 110 001
29. चिड़ावा इन्वेस्टमेंट लि., पंजी. कार्यालय पता : घना सेवर बाई पास, भरतपुर-321001, राजस्थान
30. स्वागतम इन्वेस्टमेंट लि., पंजी. कार्यालय पता : घना सेवर बाई पास, भरतपुर-321001, राजस्थान
31. स्वास्तिक कॉमर्शियल प्रा. लि., पंजी. कार्यालय पता : 361, साल्ट लेक सिटी, सेक्टर-1, कोलकाता-700 064
32. लक्ष्मी विष्णु इन्वेस्टमेंट लि., पंजी. कार्यालय पता : घना सेवर बाई पास रोड, भरतपुर, राजस्थान
33. डियर इन्वेस्टमेंट प्रा. लि., पंजी. कार्यालय पता : बी-97, द्वितीय तल, अमृत पुरी, गढ़ी, ईस्ट ऑफ कैलाश, नई दिल्ली-110065
34. डालमिया हाउसिंग फाइनैंस लि., पंजी. कार्यालय पता : बी-97, द्वितीय तल, अमृत पुरी, गढ़ी, ईस्ट ऑफ कैलाश, नई दिल्ली, साउथ दिल्ली डी 1 110065
35. मौर्य फाइनैंस लि., पंजी. कार्यालय पता : घना सेवर बाई पास रोड, भरतपुर, राजस्थान
36. हॉटेक्स कम्पनी लि., पंजी. कार्यालय पता : बी-97, द्वितीय तल, अमृत पुरी, गढ़ी, ईस्ट ऑफ कैलाश, नई दिल्ली, साउथ दिल्ली डी 1 110065
37. लिटिल रॉक ट्रेड ऐंड इन्वेस्टमेंट लि., पंजी. कार्यालय पता : 20/I, महर्षि देबेन्द्र रोड, द्वितीय तल, कोलकाता, पश्चिम बंगाल - 700 007
30. अंटार्टिका इन्वेस्टमेंट प्रा. लि., पंजी. कार्यालय पता : बी-97, द्वितीय तल, अमृत पुरी, गढ़ी, ईस्ट ऑफ कैलाश, नई दिल्ली, साउथ दिल्ली डी 1 110065

ध्यान दें कि उपरोक्त नामक याचिकादाताओं ने इस न्यायालय में एक आवेदन पैरा 10 (बी) में प्रार्थित अनुसार राहत प्रदान करने के लिए उनको प्रतिवादी सं. 7 से 12, 14 से 27, 29 से 38 तक को समाचार पत्र प्रकाशन द्वारा सूचना देने हेतु आवेदक के पक्ष में आवश्यक आदेश/निर्देश जारी करने हेतु प्रस्तुत किया था और उसको इस न्यायालय में सिविल आवेदन सं. 3 वर्ष 2021 के रूप में पंजीबद्ध किया गया था और इस न्यायालय (गणपूर्ति : माननीय श्री न्यायाधीश एस. एच. वोरा और माननीय श्री न्यायाधीश अनिरूद्ध पी. मायी) ने 23 दिसम्बर, 2021 को उक्त सूचना प्रतिवादी सं. 7 से 12, 14 से 27, 29 से 38 तक के संबंधित राज्यों में पर्याप्त प्रसार वाले अंग्रेजी समाचार पत्र तथा क्षेत्रीय भाषा में स्थानीय समाचार पत्र में सार्वजनिक सूचना के रूप में प्रकाशित करने हेतु आदेश दिया था।

ध्यान दें कि जे. अपील सं. 11 वर्ष 2015 में उक्त सिविल आवेदन सं. 3/2021 की सुनवाई 28 जनवरी, 2022 को पूर्वा. 11 बजे इस न्यायालय में की जाएगी और यदि आप उपरोक्त तिथि को स्वयं, आपकी ओर से आपके अधिवक्ता अथवा कार्यवाही करने हेतु कानून द्वारा अधिकृत किसी व्यक्ति के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे, तो इसकी सुनवाई तथा निर्णय आपकी अनुपस्थिति में किया जाएगा।

साक्षी अरविंद कुमार, माननीय मुख्य न्यायाधीश, अहमदाबाद 23 दिसम्बर, 2021.

(जे.बी. परमार)

| | | | |
|---|---|---|---|
| (जे.बी. परमार) | (जे जे शाह) | (ए.जे. राठोड़) | (एम. शिवकुमार) |
| (कम्प्यूटर आपरेटर) | (डि. एस.ओ.) | (सेक्शन ऑफीसर) | (असिस्टैंट रजिस्ट्रार) |

न्यायालय द्वारा
(टी.एफ. शाह)
12 जनवरी, 2022 (डिप्टी रजिस्ट्रार)



PUBLIC NOTICE

Subject: Transfer of ownership in respect of Residential Plot bearing no. 63, HIG, admeasuring around 127.48 Sq. Mt., situated at Sector 04, Vaishali, Ghaziabad, Uttar Pradesh.
In respect of 100% share upon the intestate death of Mrs. Shashi Bala resident of P-19, Engineers Park, Sector Omega -1, Greater Noida, Gautam Budh Nagar, Uttar Pradesh - 201310
WHEREAS Shashi Bala was the co-owner of Residential Plot bearing no. 63, HIG, admeasuring around 127.48 Sq. Mt., situated at Sector 04, Vaishali, Ghaziabad, Uttar Pradesh.
WHEREAS the said Shashi Bala has died on 23.04.2021.
WHEREAS Mr. Ram Pal Singh (Husband), Mr. Somil Yadav (Son) and Mrs. Priyanka Yadav (Daughter), legal heirs of the said Late Shashi Bala intend to apply for the transfer of the said property in their favour being the only legal heirs of the said Shashi Bala.
If any person is having any objection against the transfer of said property Residential Plot bearing no. 63, HIG, admeasuring around 127.48 Sq. Mt., situated at Sector 04, Vaishali, Ghaziabad, Uttar Pradesh in favour of Mr. Ram Pal Singh (Husband), Mr. Somil Yadav (Son) and Mrs. Priyanka Yadav (Daughter), legal heirs of the said Late Shashi Bala, he/she /they can submit objection in writing to the office of the undersigned, along with supporting documents within 07 days from the date of publication of this notice failing which the concerned Authority may sanction the mutation of the property as per the records & may not entertain subsequent claim, thereupon.

Mr. Subash Bhat (Advocate)
Add: Trinity Legal Partners, C-401, The Courtyard, Nirvana Country, Sector 50, Gurgaon, Haryana.
subash.bhat@trinitylegalpartners.com



रेडियो फ्रिक्वेंसी सर्वेक्षण

निविदा सूचना सं.: एन_5_एचक्यू-2021-22, अधोहस्ताक्षरी द्वारा नीचे उल्लिखित कार्य के निष्पादन हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैं: निविदा सं.: एन_5_एचक्यू_ई-टेंडर-2021-22; कार्य का नाम: ट्रेन टक्कर परिवर्जन प्रणाली के संबंध में कम घनत्व वाली रेलवे नेटवर्क पर लॉंग टर्म इवोलुशन सिस्टम के प्रावधान के लिए पू.सी. रेल के एलटीई कर्य हेतु नेटवर्क डिजाइन सर्विसेस के साथ रेडियो फ्रिक्वेंसी सर्वेक्षण। विज्ञापित मूल्य: ₹ 23,85,000; बयाना राशि: ₹ 47,700; निविदा दिनांक 07-02-2022 को दोपहर 12.00 बजे बंद होगी। विवरण के लिए कृपया वेबसाइट www.ireps.gov.in देखें।

डेपुटी सीएसटीई/प्रोजेक्ट/मालीगाँव
पूर्वोत्तर सीमा रेल
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



सार्वजनिक सूचना

एतद्द्वारा सूचित करना है कि भूखण्ड संख्या-बी-44, सैक्टर-23 नोएडा जिसके आवंटी मैसर्स राजेश इलैक्ट्रानिक्स एवं भागीदार श्री राजेशवर चौहान, श्री विजेशवर चौहान पुत्रगण श्री एस.एल. चौहान निवासी बी-40, सेक्टर-14, नोएडा, गौतमबुद्धनगर उ0प्र0 जिनके द्वारा श्रीमती कलावती देवी पत्नी स्वं श्री बिसमबर दत्त निवासी जी-96, नैरोजी नगर दिल्ली के पक्ष में जीपीए पंजीकृत करायी गयी थी तथा विक्रय संविदा पंजीकृत नही है। अतः अब उपरोक्त भूखण्ड संख्या-बी-44, सेक्टर-23, नोएडा का अंतरण जीपीए के आधार पर श्री प्रान्शु पोखरयाल एवं हर्षित पोखरयाल पुत्रगण श्री डी. एस. पोखरयाल एवं पौत्रगण श्रीमती कलावती देवी निवासी डी-1405, फयूजन होम्स टैकजोन-4, ग्रेटर नोएडा वेस्ट उ0प्र0 के पक्ष में अंतरण होने के लिए प्राधिकरण में प्रस्तुत किया जा रहा है। यदि इस सम्बन्ध में किसी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपत्ति है तो कृपया अपनी आपत्ति साक्ष्य सहित नौएडा प्राधिकरण के आवासीय भवन विभाग में इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिन के अंदर दाखिल कर दें। हर्षित पोखरयाल



PUBLIC NOTICE

The Public at large is hereby notified that my clients (i) Kampesh Lata (20% Share), (ii) Madhu Lata (20% Share), (iii) Manju Duggal (20% Share) & (iv) Mahesh kumar Duggal (20% Share) all daughters & son of Late Rajinder Parkash Duggal alongwith Smt. Anita Duggal (10% Share) W/o Late Sh. Dinesh Kumar Duggal and Sh. Jalaj Duggal (10% Share) S/o Late Dinesh Kumar Duggal, represent himself as the owners and in possession of an inherited Freehold built-up Property No.B-162 (Plot No.162, in Block-B), Measuring Area 186.67 Sq.Yds. Situated in the Layout Plan of the Ministry of Works, Housing & Supply Co-operative House Building Society Ltd. Known as Nirman Vihar, Delhi-110092, after the death of Late Rajinder Parkash Duggal (Expired on 29.07.2016), and his one of the son Late Dinesh Kumar Duggal (Expired on 23.08.2018)
It is therefore notified that anybody claiming any rights, share, claim, title, interest or lien over the aforesaid property may file such claim or objection to the undersigned within a period of 15 days from the date of Publication of this Notice, otherwise it will be presumed that the said property is free from all encumbrances, charges and/or lien etc. and my clients are free to sell/transfer the said property.

Sd/Rakesh N.D., Advocate #Office No.107, First Floor, M.S. Chamber, C-1/A, Vikas Marg, Laxmi Nagar, Delhi-110092



सार्वजनिक सूचना

ICICI Bank | शाखा कार्यालय: आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, प्लॉट नंबर- 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली- 110005

एतद्द्वारा, आईसीआईसीआई बैंक के आधिकृत अधिकारी द्वारा सूचित किया कि वित्तीय अस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत सभी नीलामीयां, जो जनवरी 20, 2022 से फरवरी 28, 2022 तक के बीच की अवधि में आयोजित की जानी निर्धारित थी, कोरोना वायरस (कोविड-19) के अभूतपूर्व प्रसार के कारण, अगली सूचना तक प्रास्थगित की जाती है।
प्रास्थगित नीलामी की सूची यहां निचे दिया गया है:

| क्र. सं. | कर्जदार (रों)/ सह-कर्जदारों/ गारंटरों का नाम/ | प्रत्याभूत आस्ति का विवरण, ऋणभारों सहित, यदि कोई | नीलामी की निर्धारित तिथि और समय |
|---|---|---|---|
| 1. | सोनू कुमार (कर्जदार), शिव कुमार (गारंटर) लैन नं- LBNOD00002252451 | जी/यूएच-801 8वीं मंजिल, टावर- जी अर्बन होम्स, शाहपुर बम्हेट्टा, एनएच-24 गाजियाबाद, 201001 सुपर एरिया: 585 वर्ग फीट | जनवरी 27, 2022 को दो. 12:00 बजे से दो. 01:00 बजे तक |
| 2. | जितेंद्र कुमार छाबड़ा (कर्जदार)/ राम देवी (सह-कर्जदार) LBNOD00002116807 | फ्लैट नंबर ए-2002, टॉवर ए, स्प्रिंगव्यू फ्लोर्स, क्रिसेंट पार्क टाउनशिप, एनएच-24, गाजियाबाद, उ.प्र. क्षेत्र: 1243 वर्ग फुट | जनवरी 28, 2022 को दो. 01:00 बजे से दो. 02:00 बजे तक |

तिथि : जनवरी 21, 2022
स्थान : दिल्ली/ एनसीआर
प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड



सांकेतिक कब्जे की सूचना

ICICI Bank | शाखा कार्यालय: आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, प्लॉट नंबर -23, शाल टॉवर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली -110005

जबकि
अधोहस्ताक्षरी ने वित्तिय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में नीचे वर्णित कर्जदारों को मांग सूचनाएं निर्गमित की थी जिसमें उक्त सूचना के प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि को प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।
कर्जदार/सह-कर्जदार/जमानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे है अतएव एतद् द्वारा कर्जदार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षर दाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है एतद् द्वारा विशेष रुप से कर्जदार एवं जनसाधारण को सम्पत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा सम्पत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. | कर्जदार/ सह-कर्जदार का नाम/ खाता क्र. | सम्पति का विवरण/ सांकेतिक कब्जे की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | मेसर्स कनेक्शन इंडिया डॉटकॉम प्रायव्हेट लिमिटेड/ नितीन कंबोज/ अमन साहनी/ खाता नंबर- 002105014346/ 002160000714/ 002160000752 | यूनिट नंबर 524 5 वीं मंजिल सिल्वरटन टॉवर सेक्टर 50 ग्राम बादशाहपुर गुड़गांव 122001/ 19 जनवरी, 2022 | जून 22, 2021 ₹ 75,75,211.94/- | गुड़गांव |


उपरोक्त दर्शाये गये कर्जदार/सह-कर्जदार एवं जमानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जायेगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 सुरक्षित ब्याज 2002 के अंतर्गत है।
दिनांक: जनवरी 21, 2022
स्थान: गुड़गांव
प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लि.


सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879800-4879900।

# ई-वाहनों की पूरी जानकारी वेबसाइट पर

● केजरीवाल सरकार ने जारी किया ईवी वेब पोर्टल

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने की लगातार कोशिश कर रही दिल्ली सरकार। पेट्रोल और डीजल गाड़ियों की जगह इलेक्ट्रिक वाहनों को खदीदने वालों को उससे संबंधी सभी जानकारी एक ही जगह मुहैया कराने के मकसद से एक समर्पित वन-स्टॉप वेबसाइट लॉन्च की।

नई डिजाइन की गई ईवी वेबसाइट ev.delhi.gov.in उपभोक्ताओं को बल्कि निर्माताओं, शिक्षाविदों और ईवी में रूचि रखने वाले सभी लोगों के लिए एक प्रमुख सूचना संसाधन के रूप में कार्य करेगी। इलेक्ट्रिक वाहन खरीदना आसान हो जाये। वेबसाइट को एक विशिष्ट आधुनिक वेबसाइट के रूप में विकसित किया गया है ताकि संभावित ईवी उपभोक्ता को सभी आवश्यक जानकारी प्रदान की जा सके। वेबसाइट पर उपभोक्ता शहर में वर्तमान में सक्रिय सभी सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशनों के बारे में जानकारी हासिल कर सकेंगे।

अब तक, दिल्ली में 170 स्थानों पर 377 चार्जिंग पॉइंट हैं। वेबसाइट निम्नलिखित सम्बंधित जानकारी प्रदान करती है। जैस चार्जर का स्थान, चार्जर की विशिष्टता / प्रकार,चार्जिंग पॉइंट दिल्ली में जिस तरह से चार्जिंग स्टेशन बढ़ रहे हैं, यह वेबसाइट रीयल-टाइम में उपयोगकर्ताओं को अपडेटेड जानकारी प्रदान करेगी।

## फीडबैक एंड ग्रीवांस

पेज पर फीडबैक और शिकायत दर्ज किया जा सकेगा । किसी भी शिकायत या अनुरोध की स्थिति यूजर्स को दिल्ली परिवहन विभाग की ओर से ऑटोमेटेड ईमेल चला जायेगा। परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने कहा आधुनिकीकरण हर क्षेत्र में महत्वपूर्ण है। मुख्यमंत्री के नेतृत्व में सरकार, उपयोगकर्ता के अनुकूल, इंटरैक्टिव और संसाधनपूर्ण प्लेटफार्म लोगों को प्रदान करना चाहती है।



## ईवी कैलकुलेटर, सर्च व डैशबोर्ड

यह उपभोक्ताओं को एक तर्कसंगत विकल्प चुनने और ईवी के दाम के बारे में सारी जानकारी उपलब्ध कराने में सक्षम है। यह पोर्टल खरीदारों को बिना किसी परेशानी के सभी पंजीकृत ईवी मॉडलों के बारे में जानकारी प्राप्त करने में मदद करेगा। ईवी सर्च फंक्शन विजटिर को उनके लिए उपलब्ध विभिन्न ईवी मॉडल वेरिएंट का पता लगाने में सक्षम बनाता है, जिन्हें उनकी कीमत, ब्रांड और रेंज के अनुसार फिल्टर किया जा सकता है। सभी लोग जिन्हें ईवी में रूचि है, इस वेबसाइट पर लॉग इन कर सम्बंधित सभी जानकारी प्राप्त कर सकतें हैं । ईवी डैशबोर्ड पर दिल्ली में इलेक्ट्रिक वाहनों की कुल बिक्री की अपडेटेड जानकारी उपलब्ध रहेगी । इन विशेषताओं के अलावा, वेबसाइट पर निम्नलिखित सुविधाएं भी उपलब्ध होंगी।

**न्यूनतम तापमान 9.8 व अधिकतम पार 19 डिग्री सेल्सियस दर्ज**

# कोहरे से ट्रेनों की आवाजाही रही प्रभावित

● पालम वेधशाला में घने कोहरे के साथ दृश्यता महज 50 मीटर दर्ज की गई।

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



गुरुवार को कोहरे के चलते सूरज दिन भी लुकाछिपी करता रहा जिसके कारण पूरे दिन दिल्ली और एनसीआर में शीतलहर जारी रही। वहीं अगले दिन बारिश होने का पूर्वानुमान लगाया गया है। सुबह के समय घने कोहरे ने सड़क यातायात और ट्रेनों के आने-जाने के समय पर ग्रहण लगा दिया।

बृहस्पतिवार को दिल्ली में सुबह के समय कोहरा छाने के कारण दृश्यता घटकर 400 मीटर हो गई। वहीं, न्यूनतम तापमान सामान्य से तीन डिग्री अधिक 9.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार घने कोहरे के साथ दृश्यता 400 मीटर दर्ज की गई। पालम वेधशाला में घने कोहरे के साथ दृश्यता 50 मीटर दर्ज की गई। इस बीच, रेल अधिकारियों ने बताया कि कोहरा छाने की वजह से दिल्ली आ रहीं 10 से अधिक ट्रेनें देरी से पहुंची। इसके बाद सूर्यदेव दिनभर बदालों में छिपे रहे। जिसके चलते शीतलहर ने परेशानी खड़ी कर दी।

## वायु गुणवत्ता बेहद खराब

केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार, दिल्ली में बृहस्पतिवार को वायु गुणवत्ता 'बेहद खराब' श्रेणी में रही। वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 368 दर्ज की गई। पड़ोसी शहर, गाजियाबाद में एक्यूआई 366, गुरुग्राम में 318, ग्रेटर नोएडा में 333 तथा नोएडा में 345 दर्ज किया गया और वायु गुणवत्ता 'बेहद खराब' श्रेणी में रही। वहीं, फरीदाबाद में एक्यूआई 416 दर्ज किए जाने के साथ ही वायु गुणवत्ता 'गंभीर' श्रेणी में रही।



बाइक पर चलने वालों को जैकेट में भी राहत नहीं मिली। इसके अलावा कई जगहों पर लोग अलावा सेंकते नजर आए। मौसम वैज्ञानिक महेश पलावत का कहना है कि अगले तीन दिन बारिश होने का अनुमान है। जिसके चलते सर्दी ओर बढ़ जाएगी। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने कहा, बृहस्पतिवार को दिल्ली में मध्यम कोहरा छाया रहा। अधिकतम तापमान के 19 डिग्री सेल्सियस रहा है। आईएमडी के अनुसार, बृहस्पतिवार हवा में आर्द्रता का स्तर 95 प्रतिशत रही।

## वेस्टर्न और नॉर्थ डिस्टर्बेंस का असर

*स्काईमेट के अनुसार राजधानी में मौसम में हल्की धूप की वजह से ठंड के कहर और कंपकंपी का अहसास है. दोपहर तक कोहरा छाया रहा है। दरअसल इस समय पूर्व और पश्चिम दोनों तरफ से ठंड की चपेट में आ रही है। पूर्वी हिस्से में जहां उत्तर प्रदेश में इस समय शीत लहर का प्रभाव है तो पश्चिमी हिस्से में पंजाब और हरियाणा में भी शीतलहर का प्रकोप है। इसलिए हवाएं चाहे पूर्व से आएं या पश्चिम से राजधानी को भी ठंड से राहत नहीं मिल पा रही है। अब एक एक्टिव वेस्टर्न डिस्टरबेंस आ रहा है। दोनों की वजह से दिल्ली के लगभग हर हिस्से में बादल छाएंगे और बारिश होगी। 21 जनवरी से 23 जनवरी के बीच बारिश की होंगी। सबसे ज्यादा बारिश 22 जनवरी को होने की संभावना है। इसके बाद मौसम साफ होने के बाद 24 जनवरी से एक बार फिर से शीतलहर का प्रभाव राजधानी में बढ़ सकता है। जनवरी के अंतिम सप्ताह में एक बार फिर शीतलहर और कोहरा वापसी कर सकता है। साथ ही ठिठुरन बरकरार रहेगी।*



# तीसरी लहर पड़ी कमजोर पर 7 महीने बाद 43 मौतें



कोरोना की जांच करते स्वास्थ्यकर्मी। फोटो रंजन डिमरी

● एक दिन में 12 हजार केस

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

राजधानी में पिछले चौबीस घंटे में संक्रमितों की संख्या कम हो गई। एक दिन में 12306 नए मरीज मिले हैं। इस दौरान 18,815 लोगों ने कोरोना से जंग जीत ली है।

हालांकि इस दौरान 43 लोगों ने संक्रमण के चलते दम भी तोड़ दिए हैं। अब तक कुल एक्टिव मामलों की संख्या 68,730 पहुंच गई है. पॉजिटिविटी रेट घटकर 21.48 प्रतिशत पर पहुंच गई है।

दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य विभाग द्वारा साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार 10 जून 2021 के बाद से एक दिन में कोविड से मौत के यह सर्वाधिक संख्या है। पिछले साल 10 जून को 44 लोगों की संक्रमण से मौत हुई थी। इस साल जनवरी में संक्रमण से अब तक 396 लोगों की मौत हो चुकी है। बुधवार को 57,290 नमूनों की कोविड जांच की गई, जबकि मंगलवार को 57,776 नमूनों की जांच हुई थी। बुधवार को संक्रमण से 35 लोगों की मौत हुई थी और 13,785 नए मामले सामने आए थे जबकि संक्रमण दर 23.86 प्रतिशत थी।

इससे पहले बृहस्पतिवार को कोविड-19 के 28,867 मामले सामने आए थे। महामारी शुरू होने के बाद से एक दिन में आए यह सर्वाधिक मामले थे। वहीं, शुक्रवार को 24,383, शनिवार को 20,718, रविवार को 18,286, सोमवार को 12,527 और मंगलवार को 11,684 मामले सामने आए।

पिछले शनिवार को संक्रमण दर 30.6 प्रतिशत थी। महामारी की इस लहर में यह सबसे ज्यादा संक्रमण दर थी। रविवार को संक्रमण दर 27.9 प्रतिशत, सोमवार को 28 प्रतिशत और मंगलवार को 22.5 प्रतिशत दर्ज की गई।

# कोविड की तीसरी लहर का चरम खत्म : जैन

● अन्य राज्यों के मुकाबले दिल्ली में हो रही है ज्याद जांचः स्वास्थ्य मंत्री

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी में कोविड-19 की तीसरी लहर का चरम संभवत: गुजर चुका है। साथ ही उन्होंने आगाह किया कि दिल्ली अभी खतरे से बाहर नहीं आई है। हाल ही में कोरोना संक्रमण के दैनिक मामलों में भारी भारी उछाल देखने को मिला था, जब एक दिन में 28 हजार से ज्यादा मामले सामने आए थे। संक्रमण दर भी बढ़कर 30 फीसदी के पार पहुंच गई थी।

इस उछाल को कोविड-19 की मौजूदा लहर का चरम माना जा सकता है और ऐसा लगता है कि इस लहर का चरम गुजर चुका है। सत्येंद्र जैन ने बृहस्पतिवार को कहा कि पिछले कुछ दिनों में रोजाना दर्ज होने वाले नए मामलों में गिरावट आई है। बुधवार को 24 फीसदी की संक्रमण दर के साथ 13 हजार से ज्यादा मामले सामने आए थे। बृहस्पतिवार को नए मरीजों की संख्या 12,306 दर्ज की गई है। गत 13 जनवरी को 29.21 फीसदी की संक्रमण दर के साथ 28,867 नए मरीज सामने आए थे, जो महामारी की शुरुआत के बाद एक दिन में दर्ज सर्वाधिक मामले थे। इसके अगले दिन यानी 14 जनवरी को संक्रमण दर बढ़कर 30 फीसदी से अधिक हो गई थी। मंत्री ने दिल्ली वालों को चेताया कि कोविड-19 की मौजूदा लहर का चरम भले ही गुजर चुका हो, लेकिन अब भी यह नहीं सकते कि राष्ट्रीय राजधानी खतरे से बाहर है। अभी महामारी की अगले रुख पर नजर रखने की जरूरत है।

प्रतिबंधों में ढील दिए जाने के सवाल के जवाब में जैन ने कहा कि जरूरी उपायों के जरिये कोरोना संक्रमण के नए मामलों में कमी लाने में सफलता मिली है, लेकिन प्रतिबंधों में रियायत पर फैसला लेने से पहले उन्हें आने वाले दिनों में स्थिति की निगरानी करने की जरूरत पड़ेगी। कोरोना संक्रमण की जांच दर में कमी आने के सवाल पर जैन ने दावा किया कि अन्य राज्यों के मुकाबले अब भी ज्यादा नमूनों की जांच की जा रही है। अगर जरूरत है तो किसी की भी जांच करने से इनकार नहीं किया जा रहा है।

## सीआईएसएफ के सहायक उप निरीक्षक ने की आत्महत्या

**नई दिल्ली।** नरेला औद्योगिक क्षेत्र में बुधवार रात केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के एक जवान ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली।

मरने वाले जवान की पहचान प्रवीण कुमार (51 साल) के रूप में हुई है। घटना स्थल से सुसाइड नोट नहीं मिला है। प्रवीण के परिजनों को मामले की सूचना दे दी गई। एनआईए थाना पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार, प्रवीण कुमार मूल रूप से पत्थर वाली गली आर्य नगर सोनीपत हरियाणा के रहने वाले थे। परिवार में पत्नी, दो बेटे व एक बैटी हैं। प्रवीण कुमार सीआईएसएफ में बतौर हवलदार (ड्राइवर) भर्ती हुए थे। कुछ समय पहले ही वह पदोन्नती के बाद एएसआई बने थे। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# कोविड के कारण बाधित न हो बच्चों की पढ़ाईः सिसोदिया

● उपमुख्यमंत्री ने की शिक्षा अधिकारियों के साथ ऑनलाइन पढ़ाई की समीक्षा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



कोविड-19 के चलते सरकारी और निजी स्कूल बंद हैं। स्कूलों के बंद होने के बावजूद छात्र-छात्राओं को अच्छी गुणवत्ता वाली पढ़ाई-लिखाई निर्बाध रूप से जारी रहे।

उपमुख्यमंत्री व शिक्षामंत्री मनीष सिसोदिया ने गुरुवार को शिक्षा निदेशक समेत अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर ऑनलाइन टीचिंग-लर्निंग प्रोसेस की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को ये सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि ऑनलाइन टीचिंग-लर्निंग प्रोसेस में बच्चों की पढ़ाई के साथ-साथ उनके मेंटल वेल-बींग का भी ध्यान रखा जाए। स्कूल बंद रहने तक ऑनलाइन विधियों के माध्यम से बच्चों की पढ़ाई जारी रहनी चाहिए ताकि बच्चों में लर्निंग गैप कम किये जा सके।

मनीष सिसोदिया ने कहा कि कोविड-19 महामारी के कारण स्कूलों के बंद होने से छात्रों की पढ़ाई भारी नुकसान हुआ है। छात्रों का स्वास्थ्य बेहद महत्वपूर्ण है लेकिन ये भी महत्वपूर्ण है कि बच्चों की पढ़ाई न रुके। कोरोना महामारी ने देश दुनिया के सामने नई चुनौतियाँ खड़ी की लेकिन दिल्ली की टीम शिक्षा ने इन चुनौतियों का सामना करते हुए ये सुनिश्चित कर रही है कि हर बच्चे तक शिक्षा की पहुँच हो। इस मौके पर शिक्षा निदेशक हिमांशु गुप्ता ने बताया कि शिक्षा निदेशालय द्वारा नियमित रूप से वर्कशीट के माध्यम से ये सुनिश्चित किया जा रहा है कि सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों कि लर्निंग न रुके।

साथ ही स्कूली स्तर पर कक्षा 9वीं से 12वीं के लिए ऑनलाइन क्लास का जारी रहे। जिन बच्चों के पास डिजिटल डिवाइस नहीं है हर सप्ताह स्कूल द्वारा उन्हें वर्कशीट की प्रिंटेड कॉपी भी दी जा रही है। नर्सरी से 10वीं तक के विद्यार्थियों को हर सप्ताह नियमित रूप से व्हाट्सएप्प के माध्यम से वर्कशीट भेजी जाती है साथ ही शीतकालीन अवकाश के दौरान प्रोजेक्ट,असाइनमेंट और एक्टिविटी शीट भी भेजी गई है।

# अब नहीं जलेगी अमर जवान ज्योति

● राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर जल रही लौ में किया जाएगा विलय

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



इंडिया गेट पर पिछले 50 साल से जल रही अमर जवान ज्योति का शुक्रवार को राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर जल रही लौ में विलय किया जाएगा।

सेना के अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अमर जवान ज्योति की स्थापना उन भारतीय सैनिकों की याद में की गई थी जोकि 1971 के भारत-पाक युद्ध में शहीद हुए थे।

इस युद्ध में भारत की विजय हुई थी और बांग्लादेश का गठन हुआ था। तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने 26 जनवरी 1972 को इसका उद्घाटन किया था।

सेना के अधिकारियों ने बताया कि अमर जवान ज्योति का शुक्रवार दोपहर को राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर जल रही लौ में विलय किया जाएगा जोकि इंडिया गेट के दूसरी तरफ केवल 400 मीटर की दूरी पर स्थित है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 25 फरवरी 2019 को राष्ट्रीय युद्ध स्मारक का उद्घाटन किया था, जहां 25,942 सैनिकों के नाम स्वर्ण अक्षरों में लिखे गए हैं।

## नगर निगम संपतियों के साथ स्कूलों को बेचने की तैयारी में : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** भाजपा शासित दिल्ली नगर निगम प्राइमरी शिक्षा के लिए कोई स्कूल तो नहीं बनाया स्कूल बेचा जा रहा है। यह आरोप कांग्रेस के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष चौधरी अनिल कुमार ने लगाया है।

नगर निगम की संपत्तियों को बेचने के बाद भाजपा की नजर स्कूलों पर है। चौधरी अनिल कुमार ने कहा कि उत्तरी नगर निगम करोल बाग में 4115 वर्ग मीटर की जमीन को भूमाफियाओं के साथ मिलकर कर्मशियल प्रोजेक्ट लिए बेचा जा रहा है, इस स्कूल को 2019 में बंद कर दिया गया था जिसमें 800 बच्चे पढ़ते थे। उन्होंने कहा कि भाजपा और आम आदमी पार्टी दिल्ली में शिक्षा देने और स्कूल खोलने के मामले में एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। क्योंकि आम आदमी पार्टी ने सत्ता में आने से पूर्व दिल्ली में 500 स्कूल खोलने की घोषणा की थी।

## विपक्ष पर भाजपा का पलटवार

**नई दिल्ली।** भाजपा के प्रवक्ता प्रवीण शंकर कपूर ने कहा है कि आम आदमी पार्टी विधायकों को हर क्षेत्र की मौलिक आवश्यकता कार पार्किंग के निर्माण पर आपत्ति करते देख आश्चर्य होता है। आप के विधायक विशेष रवि ने अपने क्षेत्र के दो स्कूलों से जुड़े परिसरों के पास कार पार्किंग निर्माण पर आपत्ति की है जबकि उनके क्षेत्र में कार पार्किंग की कमी एक बड़ी समस्या है। भाजपा प्रवक्ता ने आप विधायक एवं नेताओं से प्रश्न किया है कि कार पार्किंग के लिए भूमि नगर निगम को देनी होती है और निगम के पास अतिरिक्त भूमि केवल स्कूल परिसरों या पार्कों में। यदि वह यह भूमि ना दे तो भूमि कहां से आएगी। यह सरकारी भूमि है और भविष्य में कार पार्किंग भी सरकारी सम्पति रहेंगे, क्योंकि कोई भूमि बेची नही जा रही अत: इस पर आम आदमी पार्टी की आपत्ति समझ से परे है।

# चांदनी चौक से हटाए जाएंगे अनधिकृत फेरी वाले

## उच्च न्यायालय ने दिया पुलिस और एनडीएमसी को अभियान चलाकर अतिक्रमण हटाने का निर्देश

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



उच्च न्यायालय ने दिल्ली पुलिस और उत्तरी दिल्ली नगर निगम को चांदनी चौक तथा सुभाष मार्ग के नो-हॉकिंग जोन से सभी अनधिकृत फेरीवालों और विक्रेताओं को हटाने के लिए अभियान चलाने का निर्देश दिया।

न्यायमूर्ति विपिन सांघी और न्यायमूर्ति जसमीत सिंह की पीठ ने चौक सर्व व्यापार मंडल द्वारा पेश की गयी कई तस्वीरों पर गौर करने के बाद यह आदेश दिया। उन तस्वीरों में चांदनी चौक और सुभाष मार्ग में अवैध और अनधिकृत फेरीवालों की गतिविधियों को दिखाया गया है।

अदालत ने कोतवाली थाने के प्रभारी और उत्तरी दिल्ली नगर निगम के उपायुक्त को अभियान चलाने एवं एक सप्ताह के भीतर कार्रवाई रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया।

पीठ चांदनी चौक सर्व व्यापार मंडल की एक याचिका पर सुनवाई कर रही थी। व्यापार मंडल की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता संजीव रल्ली और वकील मोहित मुद्गल ने दलीलें दीं। याचिका में अनुरोध किया गया है कि अधिकारियों को चांदनी चौक में नो-हॉकिंग जोन से अवैध फेरीवालों और विक्रेताओं को हटाने का निर्देश दिया जाए। हाल ही में चांदनी चौक क्षेत्र का पुनर्विकास किया गया है।

इससे पहले उच्च न्यायालय ने कहा था कि सार्वजनिक स्थान पर अतिक्रमण करने वालों को हटाया जाना चाहिए और इस बात की अनुमति नहीं दी जा सकती कि बाजारों में फुटपाथ अतिक्रमण से ढंके हों और लोगों के पैदल चलने के लिए कोई जगह नहीं हो। अदालत ने नगर निगम से फेरी के संबंध में योजना तैयार करने को भी कहा था।

## बाजार में जाम से मिलेगी मुक्ति




शहर में जाम की सबसे बड़ी समस्या अतिक्रमण के कारण होती है। जाम के कारण अधिक भीड़ एकट्ठा होने से न सिर्फ कोरोना संक्रमण फैलने की प्रबल संभावना बनी रहती है बल्कि शहर वासियों को परेशानी का सामना करना पड़ता है। लोग समय पर दफ्तर व अन्य जरूरी काम नहीं कर पाते हैं। सड़क दुर्घटना अधिक और कोरोना संक्रमण के नियंत्रण पर प्रतिकूल असर पड़ता है।

## गणतंत्र दिवस परेड में कमल मॉडल और वंदना स्कूल देंगे प्रस्तुति

**नई दिल्ली।** गणतंत्र दिवस पर दिवस होने वाली परेड में शामिल होने के लिए दिल्ली के कमल मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल मोहन गार्डन और वंदना इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल दो स्कूलों को परेड के लिए चुना गया है। ये दोनों स्कूल राजपथ पर 26 जनवरी को फ्यूजन नृत्य पेश करेंगे।

इन स्कूलों की संयुक्त टीम ने कठिन प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा साबित करते हुए गणतंत्र दिवस परेड में शामिल होने की उपलब्धि हासिल की। इस उपलब्धि पर केंद्रीय विदेश राज्य व सांस्कृतिक मंत्री मीनाक्षी लेखी, डॉ. वीके टंडन और कोरियोग्राफर दिलीप परिहार, दिनेश परिहार ने सम्मानित किया। गौरतलब है कि 75 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है।

# संक्षिप्त समाचार



सरोजनी नगर में पिंक शौचालय का उद्घाटन करतीं सांसद मीनाक्षी लेखीत्र

## कूड़े के पृथक्करण के लिए चला डोर टू डोर अभियान

**नई दिल्ली।** दक्षिणी निगम ने स्लम व जेजे बस्तियों में कूड़े के पृथकरण हेतु डोर टू डोर अभियान चला रहा है, इसी कड़ी में दक्षिणी जोन के आरकेपुरम वार्ड स्थित एकता कैंप में आईटीसी वाउ के सहयोग से स्त्रोत पर ही गीले, सूखे व अन्य कूड़े को अलग करने हेतु अभियान चलाया गया। एकता कैंप के नागरिकों को समझाया गया किस प्रकार गीले-सूखे कूड़े को अलग-अलग किया जा सकता है। इस अभियान के अंतर्गत 540 घरों का दौरा कर, लोगों को स्वच्छता के प्रति प्रेरित किया गया। इसके अतिरिक्त पन्नी से कन्नी कार्यक्रम के तहत दुकानदारों, मोबाइल विक्रेताओं और छोटे ठेले वालो को सिंगल यूज प्लास्टिक के हानिकारक प्रभावों के बारे में शिक्षित व जागरूक किया गया। उन्हें जूट व कपड़े के थैले के उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

## बिना कार्ड वालों को नहीं मिल रहा राशन : बिधूड़ी



**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार उन 60 लाख लोगों के राशन नहीं दे रही है जिनके पास राशन कार्ड नहीं हैं। यह आरोप दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने लगाया है। बिधूड़ी ने कहा कि दिल्ली सरकार ने सुप्रीम कोर्ट की फटकार के बाद इन लोगों को मुफ्त राशन देने का ऐलान तो कर दिया लेकिन उन्हें राशन नहीं मिल रहा। कोरोना की इस तीसरी लहर की बंदिशों ने इन लोगों के लिए इतनी ज्यादा मुश्किलें खड़ी कर दी है जिसके कारण वो पलायन के लिए मजबूर हो रहे हैं। बिधूड़ी ने कहा कि बिना राशन कार्ड वालों को राशन देने के दिल्ली सरकार के दावे की एनजीओ 'दिल्ली रोजी रोटी अधिकार अभियान' द्वारा कराए गए सर्वे ने पोल खोल दी है। बिना राशन कार्ड वाले लोगों को राशन बांटने के लिए स्कूलों में केंद्र बनाए गए हैं लेकिन एनजीओ के लोग जब 62 स्कूलों में गए तो वहां या तो राशन केंद्र ही नहीं था या फिर केंद्र तो था लेकिन अनाज का एक दाना भी नहीं था। वहां से लोग खाली हाथ वापस लौट रहे थे।

# निर्माणाधीन बेसमेंट की मिट्टी में दबने से दो मजदूरों की मौत

## गुरुग्राम में प्लाट नम्बर- डी-323 में चल रहा था कंस्ट्रक्शन का काम

## एक महिला और एक व्यक्ति की दबने से हुई मौत


गुरुग्राम के सेक्टर-56 में गिरी निर्माणाधीन इमारत की बेसमेंट।

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**नगर** के सेक्टर-56 में प्लॉट में चल रहे कंस्ट्रक्शन के काम के दौरान मिट्टी धंसने से दो मजदूरों की मिट्टी में दबने से मौत हो गई। दोनों ही मजदूरों को मिट्टी से निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है, साथ ही इसकी पूरी जानकारी मृतक के परिवार वालों को भी दे दी गई है। जानकारी के अनुसार गुरुग्राम के सेक्टर 56 के प्लॉट नंबर डी 323 में कंस्ट्रक्शन का काम चल रहा था। बेसमेंट के कंस्ट्रक्शन के दौरान जो मिट्टी निकाली गई थी, उसमें एक तरफ से मिट्टी धस गई। जिसमें मलखान और गुड्डू की इस मिट्टी में दबने से मौत हो गई है। इस पूरे मामले में पुलिस तफ्तीश कर रही है। ठेकेदार व मालिक के खिलाफमामला दर्ज किया गया है। जिस दौरान यह हादसा हुआ उस वक्त इस बेसमेंट के निर्माण कार्य में अन्य मजदूर भी काम कर रहे थे, लेकिन जैसे ही मिट्टी गिरी तो मजदूर अपनी जान बचाकर बाहर निकल गए।

मलखान और गुड्डू इस हादसे के दौरान मिट्टी में दब गए। जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। काफी मशक्कत के बाद उन्हें इस मिट्टी से बाहर निकाला गया।

# स्वतंत्रता सेनानी हॉल में मनाई जाएगी नेताजी की जयंती

## एक हजार पुस्तकों का भी किया जाएगा वितरण

## भाजपा नेता नवीन गोयल समारोह में होंगे मुख्य अतिथि

**गुरुग्राम।** स्वतंत्रता सेनानी उत्तराधिकारी समिति गुरुग्राम की बैठक में निर्णय लिया गया कि आगामी 23 जनवरी 2022 को महान स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चन्द्र बोस जी की 125वीं जयंती स्वतंत्रता सेनानी जिला परिषद हाल, सिविल लाइन में प्रात: 10:00 बजे मनाई जाएगी। आजादी के 75 वें अमृत महोत्सव के अंतर्गत मनाई जाने वाली इस जयंती पर पर्यावरण संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल मुख्य अतिथि होंगे।

इस समारोह में सर्वप्रथम नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी पर आधारित एक हजार पुस्तकें विमोचन के बाद वितरित की जाएंगी। इस पुस्तक में 532 प्रश्न उत्तर के रूप में प्रकाशित किए गए हैं। नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी के फोटो के साथ एक बैज भी मौके पर उपस्थित जन को लगाया जाएगा। समारोह के आयोजक अध्यक्ष कपूर सिंह दलाल, सूबेदार बिजेन्द्र सिंह ठाकरान, महासचिव रोशन लाल यादव उपाध्यक्ष, लेखराज सिंह राघव कोषाध्यक्ष ने स्वतंत्रता सेनानी परिवारों से अनुरोध है कि समारोह में समय पर पहुंचकर नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी को पुष्पांजलि अर्पित करें। यहां निर्माणाधीन स्वतंत्रता सेनानी स्मारक पर जिला गुरुग्राम के व जो भी स्वतंत्रता सेनानी गुरुग्राम में रह रहे हैं, उन सभी के स्मारक पर स्वतंत्रता सेनानियों के नाम लिखे जाने हैं। इसलिए सभी स्वतंत्रता सेनानी परिवारों से निवेदन है कि सूची में नाम देख लें, ताकि किसी का नाम छूट ना जाए। यह सूची हरियाणा सरकार के मुख्य सचिव की ओर से उपलब्ध कराई गई है।

# अधिकारियों और कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस किया जारी

**फरीदाबाद।** निगमायुक्त यशपाल यादव धीरे-धीरे निगम कि कमियों को दुरुस्त कर रहे है। उन्होंने पिछले कुछ समय में निगम की छवि को सुधारने के लिए अच्छी खासी मेहनत की है। इसी कड़ी में निगमायुक्त ने आज प्रात: 9:15 बजे नगर निगम मुख्यालय की विभिन्न शाखाओं (लेखा, न्यायवादी तथा स्थापना शाखा) का औचक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान लगभग 46 अधिकारी/कर्मचारी अपने-अपने कार्यालय में अनुपस्थित पाये गये। इन सभी अनुपस्थित अधिकारियों /कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है कि वे आज सुबह देर से आने का कारण स्पष्ट करें तथा यह चेतावनी भी दी कि यदि वे भविष्य में देर से कार्यालय आयेंगे तो नियमानुसार विभागीय कार्यवाही की जायेगी। इस बारे निगमायुक्त ने बताया कि 3 जनवरी को उन्होंने सभी विभागाध्यक्षों को निर्देश दिये थे कि वे समय पर कार्यालय आयें।

# संक्षिप्त समाचार

## खेड़ला में सरकारी रास्ता से अवैध कब्जा हटाया



**सोहना।** पंचायत विभाग खंड के गांव खेड़ला में पंचायती रास्ता पर हो रहा अवैध कब्जा का सफाया किया। रास्ते में बनी पक्की दीवार और मकानों को जेसीबी से हटाया गया। ग्राम पंचायत खेड़ला के आम रास्ता पर पिछले करीब 12 साल से यहा के ग्रामीणों ने पक्की दीवार और मकान बनाकर अवैध कब्जा किया हुआ था। जिसकी शिकायत यहां के निवासी जयवीर सिंह ने सीएम विन्डो पर की थी। सीएम विन्डो को जांच और पड़ताल जिला उपायुक्त द्वारा की गई। जांच में रास्ते में बनी दीवार और मकान अवैध पाए गए। जिला उपायुक्त यश गर्ग ने बीडीपीओ प्रमेन्द्र सिंह को आदेश देते हुए अवैध कब्जों को तुरन्त प्रभाव से हटाने को कहा था। बीडीपीओ प्रमेन्द्र सिंह ने अपनी टीम के साथ बुधवार को जेसीबी ले जाकर कार्रवाई अमल में लाई गई। बीडीपीओ परमेन्द्र सिंह बताया कि ग्राम पंचायतों में किसी भी प्रकार से अवैध कब्जों को बख्शा नहीं जाएगा।

## व्यापार मंडल ने की जिला उपायुक्त संग बैठक



**फरीदाबाद।** भारतीय जनता पार्टी व्यापारी हितों के लिए सदा ही कार्य करती आ रही है पार्टी के इस हितों के कार्यों को देखते हुए व्यापार मंडल के प्रधान राजेश भाटिया ने जिला उपायुक्त संग एक बैठक की। जिसमें, प्रधान ने व्यापारियों के व्यापार को बढ़ाने हेतु दुकानों की समय सीमा को बढ़ाने का भी आग्रह किया जोकि 6 बजे से बढ़कर रात्रि 8 बजे तक हो। व्यापार मंडल के प्रधान ने 1-2 चौक खुलवाने व उस पर रेड-लाइट लगाने का आग्रह किया। व्यापार मंडल के प्रधान ने व्यापार मंडल के प्रांगण में चल रहे कोविड-19 के टीकाकरण शिविर को सुचारू रूप से चलाए रखने पर, जिला उपायुक्त महोदय का आभार व्यक्त किया। अंत में लीज-शुदा दुकानों की फ्री होल्ड योजना को पुन: लागू कर समय सीमा को आगामी कुछ माह आगे बढ़ाने का भी आग्रह किया। इस बैठक में प्रधान राजेश भाटिया संग नीरज मिगलानी (प्रधान ओल्ड फरीदाबाद व्यापार मंडल), बिट्टू पंजाबी (प्रधान व्यापार मंडल बल्लभगढ़), जितेंद्र भारद्वाज (चावला कॉलोनी बल्लभगढ़),सुधीर भाटिया (उपप्रधान), अमर बजाज (उप प्रधान), बंसीलाल कुकरेजा (महासचिव), हरीश कुमार सेठी (उप प्रधान), अजय अरोड़ा (सह कोषाध्यक्ष), गगन अरोड़ा (संयुक्त सचिव), रिंकल भाटिया, प्रेम बब्बर, बलजीत भाटिया, जतिन मलिक शामिल थे।

## उपायुक्त ने मासिक बैठक की तैयारियों का जायजा लिया



**फरीदाबाद।** उपायुक्त जितेंद्र यादव ने कल होने वाली परिवेदना एवं कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक की तैयारियों का जायजा लिया। बैठक 21 जनवरी को प्रात: 11-15 बजे एचएसवीपी कन्वेंशन सेंटर सेक्टर-12 में आयोजित की जाएगी। मीटिंग की अध्यक्षता प्रदेश के उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला करेंगे। उपायुक्त जितेंद्र यादव ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए कि कल होने वाली इस बैठक में सर्वप्रथम कोरोना नियमों का पालन किया जाए। जितने भी डिपार्टमेंट के अधिकारी मीटिंग में आए, उनमें केवल एक ही व्यक्ति हॉल के अंदर मौजूद रहे। इस दौरान एडीसी सतबीर मान, सीटीएम नसीब कुमार, एचएसवीपी एस्टेट ऑफिसर अमित गुलिया व अन्य गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

## नारी शक्ति पुरुस्कार 2021 के लिए नामांकन करें : डीसी

**फरीदाबाद।** उपायुक्त जितेंद्र यादव ने बताया कि केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने नारी शक्ति पुरस्कार-2021 के लिए ऑनलाइन आवेदन/नामांकन आमंत्रित किए हैं। इस पुरस्कार के लिए 31 जनवरी 2022 तक प्राप्त आवेदनों/नामांकनों पर विचार किया जाएगा। उपायुक्त जितेंद्र यादव ने बताया कि केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा नारी शक्ति पुरस्कार-2021 अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस (8 मार्च, 2022) के अवसर पर दिया जाएगा। इस प्रकार के पुरस्कार महिलाओं के आर्थिक और सामाजिक सशक्तिकरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट काम करने को मान्यता देते हैं। केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा हर साल व्यक्तियों और संस्थानों को महिला सशक्तिकरण, विशेष रूप से कमजह्योर और हाशिए पर रहने वाली महिलाओं के लिए इनकी सेवा के सम्मान में नारी शक्ति पुरस्कार दिया जाता है। प्रत्येक विजेता को पुरस्कार में रूप में प्रमाण पत्र और दो लाख रुपये की नकद राशि दी जाती है। उपायुक्त ने बताया कि पुरस्कारों की अधिकतम संख्या (व्यक्तिगत और संस्थागत सहित) 15 हो सकती है। हालांकि, अधिकतम संख्या में किसी प्रकार की छूट की अनुमति महिला एवं बाल विकास मंत्री की अध्यक्षता वाली चयन समिति के विवेक पर दी जा सकती है। पुरस्कारों के लिए स्व-नामांकन और सिफारिशों पर भी विचार किया जाता है। चयन समिति पर्याप्त औचित्य के साथ अपनी इच्छा के अनुरूप पुरस्कार के लिए किसी व्यक्ति/संस्था की सिफारिश भी कर सकती है। उपायुक्त ने बताया कि केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के संयुक्त सचिव स्तर के अधिकारी की अध्यक्षता वाली स्क्रीनिंग कमेटी पुरस्कारों के लिए आवेदन/अनुशंसित संस्थानों और व्यक्तियों की उपलब्धियों पर विचार करते हुए पुरस्कारों के लिए प्राप्त नामांकनों की जांच कर उसे शॉर्टलिस्ट करेगी। पुरस्कार विजेताओं का अंतिम चयन स्क्रीनिंग कमेटी की सिफारिशों के आधार पर केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री की अध्यक्षता वाली चयन समिति करेगी। आवेदन केवल www.awards.gov.in पोर्टल के माध्यम से स्वीकार किए जाएंगे।

# 80 विद्यार्थियों के दाखिले कागजात पूरे न होने के कारण हुए रद्द

**सोहना।** निजी स्कूल में 134ए के तहत दाखिला लेने वाले विद्यार्थियों के कागजात पूरे नहीं पाए गए हैं। जबकि 35 विद्यार्थियों को चार निजी स्कूलों ने दाखिला देने से इंकार कर दिया है।

जिसके कारण अभिभावक अपने बच्चों को दाखिला कराने के लिए दर-दर की ठोकरें खाने को मजबूर हो रहे हैं। इस वर्ष 134ए के तहत निजी स्कूलों में 253 विद्यार्थियों का लगभग 30 निजी स्कूलों में दाखिला होना था, लेकिन अभी तक 138 बीपीएल परिवार के बच्चों को ही 134ए के तहत निजी स्कूलों में दाखिला मिल सका है। 115 विद्यार्थियों को दाखिला नहीं मिल सका है। जिसमें 80 विद्यार्थियों का दाखिला कागजात पूरे न होने के कारण निजी स्कूल संचालकों ने रदद किए है। 80 विद्यार्थियों के अभिभावक निजी स्कूल संचालकों को दाखिला प्रक्रिया के तहत वे सभी असल कागजात पेश नहीं कर सके हैं।

# हाईटेक बनने के लिए हरेरा का ज्यूपिटिस से समझौता

## भारत का पहला डिजिटल रेरा कोर्ट लान्च करने की योजना

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**हरियाणा** रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथरिटी, गुरुग्राम (हरेरा) की शिकायत निवारण प्रणाली हाईटेक और डिजीटल होने जा रही है। इसके लिए हरेरा गुरूग्राम ने आज ज्यूपिटिस जस्टिस टैक्नोलाजिज प्राइवेट लिमिटेड के साथ एक एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं। यह कार्यक्रम लोक निर्माण विश्राम गृह में आयोजित किया गया।

इस एमओयू के साथ ही हरियाणा का गुरूग्राम हरेरा पहला डिजीटल हरेरा कोर्ट बनने की दिशा में अग्रसर हो गया है। इससे सभी हिताारकों को अपने घर या कार्यालय में बैठे ही आनलाइन मायम से विवाद समाधान तंत्र की सुविधा उपलब्ध होगी। इस एमओयू पर हरियाणा रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथारिटी गुरूग्राम के सचिव प्रताप सिंह ने चेयरमैन डा. केके खंडेलवाल व अथोरिटी के सदस्यों की उपस्थिति में हरेरा की ओर से हस्ताक्षर किए, जबकि ज्यूपिटिस जस्टिस टेक्नोलजीज गुरूग्राम की ओर से कंपनी के संस्थापक व सीईओ रमन अग्रवाल की उपस्थिति में निदेशक मानसी ने हस्ताक्षर किए।

मीडिया प्रतिनिायों को इस एमओयू से होने वाले फायदों के बारे में बताते हुए गुरूग्राम हरेरा के चेयरमैन डा. केके खंडेलवाल ने कहा कि तकनीक और आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस का प्रयोग करते हुए कंपनी द्वारा एक विशेष डिजिटल हरेरा कोर्ट बनाई जाएगी, ताकि लोगों को सरल, तेज, सुरक्षित और पारदर्शी तरीके से न्याय दिया जा सके। अभी इसे एक प्रयोग के तौर पर अपनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि लोगों की सुविधा को देखते हुए हरेरा द्वारा डिजिटल कोर्ट को बढ़ावा दिया जाएगा, ताकि विवादों के समाान के लिए प्रभावी तरीके से कार्यवाही की जा सके। इस सुविधा के साथ ही लोगों को एक ही मंच पर अपनी शिकायत दायर करने से लेकर निर्णय आने तक की सुविधा डिजिटल मायम से मिलेगी। यह पूर्ण रूप से अटोमैटिक प्रक्रिया होगी।

# मारपीट कर दुष्कर्म करने के मामले आरोपी को एक साल की कैद

## जुर्माना न भरने पर दो वर्ष का कारावास भी

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**युवती** से मारपीट कर दुष्कर्म करने के मामले की सुनवाई करते हुए अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाीश राज गुप्ता की अदालत ने वीरवार को पुख्ता सबूतों व गवाहों के आधार पर आरोपी को दोषी करार देते हुए 1 साल की कैद व 55 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना का भुगतान न करने पर दोषी को 2 वर्ष का अतिरिक्त कारावास भी भुगतना होगा।

प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्ष 23 अगस्त को यूपी मूल की एक युवती ने सेक्टर 14 स्थित पुलिस थाना में शिकायत दर्ज कराई थी कि वह दिल्ली में रहती है। अगस्त 2018 में वह अपनी सहेली से मिलने रेवाड़ी गई थी। सहेली ने पटौदी क्षेत्र के गांव हलियाकी के जयवीर सिंह को रेवाड़ी बस स्टैण्ड से उसे लेने के लिए भेज दिया था। इस प्रकार जयवीर से उसकी मुलाकात हुई थी। जयवीर उसे फोन व मैसेज करता रहा। जयवीर ने उससे शादी करने का आग्रह भी किया था। 2 नवम्बर 2019 को जयवीर ने उसे मंदिर में ले जाकर उसकी मांग में सिंदूर लगा दिया था। उसे आश्वस्त किया था कि वह अपने घरवालों से उससे शादी करने की बात करेगा, लेकिन जयवीर बहाना बनाता रहा। इसी दौरान 22 अगस्त को 2020 को जयवीर ने उसे हुडा सिटी सेंटर बुलाया और अपने साथ सेक्टर-14 स्थित एक होटल ले गया और जयवीर ने उससे मारपीट कर दुष्कर्म किया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। मामला अदालत में चला। अभियोजन पक्ष ने अदालत में जो सबूत व गवाह पेश किए, उनसे आरोपी पर लगे आरोप सिद्ध होना पाते हुए आरोपी को दोषी करार देते हुए 1 साल की कैद व 55 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है।

# 10 माह में 1500 लोगों ने आयुष्मान कार्ड बनवाए

**सोहना।** नागरिक अस्पताल में बीतें 10 माह में 1500 लोगों ने आयुष्मान कार्ड बनवाया है। शहरी क्षेत्र में अभी भी 2 हजार परिवारों का आयुष्मान कार्ड बनाया जाना बाकी है। सोहना शहरी क्षेत्र में मार्च 2021 में तक 3500 के लगभग लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाया जाना बाकी था।

जिसके लिए नागरिक अस्पताल में तैनात सक्षम की टीम सदस्य सूची में नामजद परिवार वालों को नियमित मोबाइल पर फोन करके लोगों को योजना के तहत आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है, लेकिन शहरवासी योजना का लाभ लेने के लिए आगे नहीं आ रहे है। मार्च 2021 से दिसम्बर 2021 के बीच बीते 10 माह में मात्र 1500 लोगों ने ही अपना आयुष्मान कार्ड बनवाया है। अभी भी शहर में 2000 लोगों का कार्ड बनाया जाना बाकी है। समक्ष टीम के सदस्य नितिन बताया कि बार-बार सूची में नामजद लोगों को मोबाइल फोन से सर्म्पक किया जा रहा है। जरुरत पड़ने पर ही लोग कार्ड बनवाने के लिए केन्द्र पर आ रहे है। उन्होंने बताया कि एक माह में 70 से 80 लोगों का ही आयुष्मान कार्ड बन रहा है। दस माह में मात्र 1500 के लगभग लोगों का आयुष्मान कार्ड बनें है।

**क्या कहते हैं अधिकारी :** नागरिक अस्पताल के एसएमओ डॉक्टर नवल किशोर ने बताया कि केन्द्र की योजना का लाभ लेने के लिए आशा वर्कर्स और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की मदद ली जा रही है।

# राजकीय स्कूलों के 90 फीसदी विद्यार्थियों को लगी वैक्सीन

## सोहना उपखंड में 7 हजार 285 विद्यार्थियों में से डोज लगवाई

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**खंड** में 15 से 18 वर्ष की उम्र वाले 6 हजार 89 विद्यार्थियों ने कोरोना की डोज लगवाई। शेष 1196 विद्यार्थी जल्द ही कोरोना वैक्सीन लगवाने का प्रयास कर रहे हैं। सोहना के 26 राजकीय हाई व सीनियर सैकेंडरी स्कूलों में 15 से 18 वर्ष की उम्र वाले विद्याथियों में से 90 फीसदी ने मात्र 15 दिन में कोरोना वैक्सीनेशन पूरा कर लिया है।

खंड के राजकीय हाई व सीनियार सैकेंडरी स्कूलों में पढ़ने वाले 7 हजार 285 विद्यार्थी है। जिनमें 6 हाई स्कूल तथा 20 सीनियर सैकेडरी स्कूल शामिल हैं। तीन जनवरी से देशभर में 15 से 18 वर्ष की उम्र वाले किशोरों को कोरोना वैक्सीनेशन शुरू किया था। जिसमें खंड सोहना में 7 हजार 285 विद्यार्थियों में से 90 फीसदी से भी अधिक ने कोरोना की डोज लगवाई है। जिसमें राजकीय स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थी शामिल है। 10 फीसदी में 1196 विद्यार्थी ऐसे हैं। जिन्हें किसी कारण वश वैक्सीनेशन नहीं हो सका है। शिक्षा विभाग की तरफ से शेष विद्यार्थियों को भी जल्द से जल्द वैक्सीनेशन कराने के निर्देश दिए जा चुके हैं।

### संस्कृति मॉडल स्कूल के विद्यार्थियों ने ली डोज

**सोहना** शहर के अंदर स्थित खंड की सबसे अधिक विद्यार्थी वाले स्कूल राजकीय संस्कृति मॉडल बाल व कन्या सीनियर सैकेंडरी स्कूल में करीब दो हजार विद्यार्थियों ने कोरोना की डोज लगवाई है।

### मार्च में 6806 विद्यार्थियों लगेगी वैक्सीन

**मार्च** माह में 12 से 14 वर्ष की उम्र वाले बच्चों को लगने वाली वैक्सीनेशन के दौरान राजकीय स्कूलों में पढ़ाई कर रहे विद्यार्थी भी शामिल होंगे। जिनकी संख्या 6806 के लगभग है।

# मृत पशु उठाने वाले ठेकेदार पर केस दर्ज

**फरीदाबाद।** दिनांक 18 जनवरी को बल्लभगढ़ निवासी अशोक उर्फ बाबा द्वारा थाना सूरजकुंड में दी गई शिकायत के आधार पर पुलिस ने मृत पशुओं का अवशेष उठाने वाले ठेकेदार के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। अशोक उर्फ बाबा निवासी बल्लभगढ़ की शिकायत मिलने पर थाना सूरजकुंड की पुलिस टीम तुरंत घटनास्थल पर पहुंची और निरीक्षण करने व जाचं पड़ताल पाया कि वहां मृत पशुओं के कंकाल पड़े हैं।

विस्तृत जांच के दौरान पाया कि ठेकेदार कर्जन जिसे एमसीएफ फरीदाबाद से, मृत पशुओं को उठाने का कॉन्ट्रैक्ट मिला हुआ है। ठेकेदार कर्जन मृत पशुओं को उठाता है और पहाड़ी एरिया में लाकर उनकी खाल उतारकर बाकी अवशेषों को खुले में छोड़ देता है।

# केन्द्रीय मंत्री राव इन्द्रजीत सिंह ने शहीद परिजनों को दी सांत्वना



भाजपा सांसद एवं केन्द्रीय मंत्री राव इन्द्रजीत सिंह गांव अलीपुर में शहीद सचिन डागर को श्रंद्धाजंलि के बाद परिजनों से मिलते।

## सांसद ने शहीदों को मिलने वाली सभी सुविधाएं दिलवाने का आश्वासन दिया

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम/सोहना

**गुरुग्राम** से भाजपा सांसद एवं केन्द्रीय मंत्री राव इन्द्रजीत सिंह ने अलीपुर पहुंचकर शहीद सचिन डागर के परिजनों मिलकर सांत्वना दी। सांसद ने पीड़ित परिवार को शहीद को मिलने वाली सभी सुविधाएं जल्द से जल्द दिलवाने का आश्वासन दिया तथा परिजनों से शहीद के सम्मान में मांग पूछी गई।

गुरुवार को गुरुग्राम से भाजपा सांसद एवं केन्द्रीय मंत्री राव इन्द्रजीत सिंह गांव अलीपुर में शहीद सचिन डागर के घर पर शोक जताने के लिए पहुंचे। राव इन्द्रजीत सिंह ने शहीद के परिजनों में पिता हवासिंह सहित अन्य लोगों के बीच में बैठकर सांत्वना दी। शहीद की फोटों पर पुष्प अर्पित करके दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। राव इन्द्रजीत सिंह ने करीब 30 मिनट तक शहीद के परिजनों के बीच में बैठकर उनके दु:ख में शामिल हुए। उसके बाद उन्होने शहीद के पिता हवासिंह सहित मौजूद ग्रामीणों के बीच आश्वासन दिया कि सचिन डागर की शाहदत पर जो भी सुविधाएं पीड़ित परिवार को मिलने वाली है। उन्हें जल्द से जल्द पूरी कराया जाएगा। इसके अलावा उन्होंने शहीद के सम्मान में ग्रामीण और परिजनों से मांग पूछी गई। लेकिन ग्रामीण और पीड़ित परिवार ने सोच विचार करने के बाद ही इस विषय में मांग पत्र देने की बात कही। केन्द्रीय मंत्री ने पीड़ित परिवार समेत ग्रामीणों को इस विषय में जब भी मांग की जाएगी। उसे पूर्ण कराए जाने का आश्वासन भी दिया।

# वृद्धा के दो पुत्र वृद्धा को जीवन यापन के लिए प्रतिमाह देंगे 5-5 हजार रुपये

## वेलफेयर आफ पैरेंट्स एंड सीनियर सिटीजन ट्रिब्यूनल ने वृद्धा की शिकायत पर दिया फैसला

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



**वृद्धा** की शिकायत पर सुनवाई करते हुए वेलफेयर आफ पैरेंट्स एंड सीनियर सिटीजन ट्रिब्यूनल ने वृद्धा के दोनों पुत्रों को आदेश दिए हैं कि अपनी माता की देखभाल करना उनकी सामाजिक व नैतिक जिम्मेदारी बनती है। इसलिए उन्हें दोनों पुत्र प्रतिमाह 5—5 हजार रुपए भरण—पोषण के लिए देंगे, ताकि वह अपनी दैनिक जरुरतें पूरी कर सके।

ट्रिब्यूनल के पदेन सदस्य अिवक्ता बीएस चौधरी व अरविंद कुमार ने बताया कि डीएलएफ फेस 2 की वृद्धा ऊषा कपूर ने अपने दोनों पुत्र सलिल कपूर व संजय कपूर के खिलाफ शिकायत दायर कर आरोप लगाए थे कि वे दोनों उसकी देखभाल नहीं करते हैं। हालांकि वह पुत्र संजय कपूर के साथ रहती भी हैं। वृद्धा ने अपने पुत्रों पर कई सामाजिक आरोप भी लगाए थे कि वे उन्हें परेशान करते हैं। ट्रिब्यूनल के सदस्यों ने बताया कि उप मंडलाधीश बादशाहपुर जोकि ट्रिब्यूनल के अयक्ष हैं उन्होंने दोनों पुत्रों को समन भेजकर न्यायालय में तलब भी किया। उन्होंने वृद्धा द्वारा लगाए गए सभी आरोपों को बेबुनियाद बताया और न्यायालय को बताया कि उन्हें उनके पिता के निधन के बाद काफी संपत्ति में हिस्सा भी मिला है। न्यायालय ने आदेश पारित किया कि वृद्धा के दोनों पुत्रों की जिम्मेदारी बनती है कि वे अपनी माता का ध्यान रखें और दोनों पुत्र उन्हें प्रति माह 5—5 हजार रुपए की ानराशि का भुगतान किया करेंगे, ताकि वे अपना रखरखाव व जीवन यापन ठीक प्रकार से कर सकें और न्यायालय ने दोनों को ये आदेश भी दिए कि वे किसी भी प्रकार का दुव्यज़्वहार वृद्धा से नहीं करेंगे।

गौरतलब है कि ट्रिब्यूनल में वृद्धजन अपनी शिकायतें समय—समय पर देते रहे हैं। जिनका ट्रिब्यूनल दोनों पक्षों की उपस्थिति में निपटारा भी करता आ रहा है। प्रदेश सरकार ने वृद्धजनों के कल्याण के लिए ट्रिब्यूनल का गठन किया हुआ है।

# ड्राइवरों की कमी से खड़ी रहेंगी एम्बुलेंस व चिकित्सा इकाई

**कविता।** फरीदाबाद

**स्वास्थ्य** मंत्री अनिल विज ने बृहस्पतिवार को 198 नई एंबुलेंस और 47 मोबाइल चिकित्सा इकाइयों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिसमें जिले को छह नई एम्बुलेंस और एक मोबाइल चिकित्सा इकाई तो मिली है। लेकिन इन एम्बुलेंस को चलाने के लिए जिले में ड्राइवरों की संख्या न के बराबर है। जिस कारण यह एम्बुलेंस और मोबाइल चिकित्सा इकाई बीके अस्पताल में सिर्फ दिखावें के लिए खड़ी रहेंगी। हालांकि यहां करीब एक महीने पहले 18 हरियाणा रोडवेज के ड्राइवरों को भेजा गया है, लेकिन यह मात्र एक से डेढ़ माह तक ही यहां सेवाएं देंगे। इनके जाने के बाद स्थिति फिर से वहीं हो जाएगी।

### छह नई एंबुलेंस और एक मोबाइल चिकित्सा इकाई तो मिली, लेकिन ड्राईवर नहीं

### जिले में 80 से 90 की जरूरत पर 31 ड्राईवर ही मौजूद हैं


बीके अस्पताल के बाहर खड़ी एम्बुलेंस।

### मिले रोडवेज के 18 ड्राइवर

**जिले** में कोरोना महामारी के रोजाना सामने आ रहे मरीजों की संख्या को देखते हुए हरियाणा रोडवेज के ड्राइवरों से यहां काम लिया जा रहा है। हरियाणा रोडवेज की तरफ से यहां 18 ड्राइवर भेजे गए हैं। लेकिन इन 18 ड्राइवरों के आने से 87 की संख्या पर नहीं पहुंच पाई है। ऐसे में यहां अभी भी संख्या काफी कम है। वहीं पलवल जैसे छोटे जिले में हरियाणा रोडवेज की तरफ से दोगुने ड्राइवर दिए गए है। जबकि फरीदाबाद जिले में ड्राइवरों की काफी कमी है।

### हर जगह चाहिए एम्बुलेंस

**ड्राइवरों** की कम संख्या और लगातार वीआईपी के जिले में आने से जिला प्रशासन द्वारा किए जाने वाले प्रोग्रामों में एम्बुलेंस ही मंगवाई जाती है। जिससे यहां एम्बुलेंस मरीजों को नहीं मिल पाती है। अब 26 जनवरी को जहां एक एम्बुलेंस दिल्ली जाएगी, वहीं सेक्टर-12 में होने वाले 26 जनवरी के कार्यक्रम में दो और सेक्टर-30 में एक और बल्लभगढ़ में भी एक एम्बुलेंस उपलब्ध करवाई जाएगी। वहीं जिले में होने वाली तोड़फोड़ में भी लगातार एक से दो एम्बुलेंस जाती है। ऐसे में मरीजों को एम्बुलेंस नहीं मिल पाती है।

### यह है एंबुलेंस चालकों की स्थिति

**जिले** में नई और पुरानी एम्बुलेंस मिलाकर कुल 29 एम्बुलेंस है। इन सभी एम्बुलेंसों के लिए प्रत्येक पर तीन के हिसाब से 87 ड्राइवर चाहिए। लेकिन जिले में मात्र 31 ही एम्बुलेंस ड्राइवर हैं। जिसमें से तीन ड्राइवर अधिकारियों के पास है। ऐसे में वीआईपी और जिला स्तर पर होने वाले कार्यक्रमों में भी आए दिन एम्बुलेंस भेजी जाती है। ऐसे में यहां मरीजों के लिए हमेशा एम्बुलेंस का संकट बना है।

# दूसरे दिन नगर निगम ने खोरी बस्ती से हटाए 600 अतिक्रमण

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद


गांव खोरी से अवैध कब्जे हटाती निगम की मशीन।


गांव खोरी में तोड़-फोड़ के दौरान तैनात पुलिस।

**नगर** निगम की बेशकीमती जमीन पर पिछले कुछ समय से लोगों ने अवैध कब्जा किया हुआ था। जिस पर कार्यवाही करते हुए सूरजकुंड क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले खोरी बस्ती क्षेत्र में सितंबर 2021 में हजारों कब्जे हटाये थे। यहां से विस्थापित लोगों को उच्चतम न्यायालय के आदेशानुसार निगम द्वारा निर्मित की डबुआ कालोनी और बापू नगर में बने ईडब्ल्यूएस क्वार्टरों में पुनः स्थापित करने के लिये एक योजना तैयार की गई और उसके अन्तर्गत इन लोगों को स्थापित करने की कार्यवाही भी शुरू हो चुकी है। बुधवार को दोबारा हुए अतिक्रमणों को हटाने गई निगम टीम और पुलिस बल पर पथराव करने वाले 200 लोगों पर थाना सूरजकुंड ने मामला दर्ज किया है।

निगमायुक्त के आदेश पर दूसरे दिन बृस्पतिवार को भी इन क्षेत्र में तोड़-फोड़ कार्यवाही की गई। इस काम की निगरानी के लिये तीनों संयुक्त आयुक्त तथा पांच सुपरवाईजरी अधिकारियों की भी डयूटी लगाई गई। इस काम को सफल बनाने के लिये अतिरिक्त स्टाफ भी लगाया गया। ताकि अभियान में कोई रूकावट न हो।

इस दौरान लगभग 600 अतिक्रमण हटाये। यह सारा काम बहुत ही शान्तिपूर्वक तरीके से किया गया। जिससे निगम की कार्रवाई निरंतर दिनभर जारी रही।

पुलिस के मुताबिक खोरी गांव में अतिक्रमण हटाने के बाद पुनर्निर्माण की गई झुगियों को हटाने के निर्देश के तहत जिला व पुलिस प्रशासन की टीम खोरी गांव बुधवार को पहुंची थी। वहां पर मौजूद लोगों ने प्रशासन का विरोध करना शुरू कर दिया। पुलिस अधिकारियों ने मौके पर जाकर लोगों को समझाने की कोशिश की। परंतु लोगों द्वारा प्रशासन की टीम पर हमला कर दिया गया। जिसमें पुलिस कर्मियों सहित तोड़फोड़ दस्ते को काफी चोटें आई। वहां पर मौजूद लोगों ने वहां पर पड़े घास फूस में आग लगा दी और अतिक्रमण हटाने गई जेसीबी मशीन के साथ भी तोड़फोड़ की।

इस मामले में पुलिस थाना सूरजकुंड में एमसीएफ एसडीओ करतार सिंह द्वारा दी गई शिकायत के आधार पर दो नामजद आरोपियों सहित 200 व्यक्तियों के खिलाफ सरकारी आदेशों के उल्लंघन करने, सरकारी कार्य में बाधा डालने तथा सरकारी कर्मचारी पर हमला करने के जुर्म में मुकदमा दर्ज किया गया। दो व्यक्तियों को मौके से काबू कर लिया। जिसमें सफदर और रामप्रसाद का नाम शामिल है। इसके अलावा वीडियोग्राफी में दिखाई दे रहे तोड़फोड़ करने वाले करीब 200 से अधिक आरोपियों की पुलिस द्वारा तलाश की जा रही है।

पुलिस आयुक्त विकास अरोड़ा ने कहा कि माननीय सुप्रीम कोर्ट के आदेशों के अनुपालना हर हाल में करवाई जाएगी। जिला प्रशासन द्वारा जितने पुलिस बल की आवश्यकता होगी उन्हें तुरंत उपलब्ध करवा दी जाएगी।

# तीन पॉजिटिव मृतकों का अंतिम संस्कार, आंकड़े में एक

### 3 मृतकों में सेक्टर-8 से एक समेत बाकी दो अन्य जिलों से मृतक शामिल रहे


कोरोना की जांच करवते हुए।

**फरीदाबाद।** जिले में कोरोना के पॉजिटिव मरीजों की संख्या का आंकड़ा लगातार बढ़ता जा रहा है। वहीं दूसरी तरफ जिले में लगातार मौत भी हो रही है। बृहस्पतिवार को जिले में तीन मरीजों की मौत हुई। जिनका अंतिम संस्कार कोविड-19 गाइडलाईन के अनुसार किया गया। लेकिन जिला स्वास्थ्य विभाग की तरफ से मात्र एक ही मौत का जिक्र आंकड़ों में किया गया। जिससे मृतकों की संख्या का आंकड़ा 721 पर है।

तीनों मृतकों में एक सेक्टर-8 से और दो अन्य जिलों से मृतक शामिल हैं। वहीं जिले में 1080 नए कोरोना संक्रमित मरीज सामने आए हैं। जबकि स्टेट बुलेटिन में 1285 दर्शाए हैं। जिससे जिले में एक्टिव केसों की संख्या का आंकड़ा 12257 पर पहुंच गया है। वहीं जिले में होम आईसोलेशन के मरीजों की संख्या का आंकड़ा 12047 पर है। वहीं अस्पताल में भर्ती मरीजों की संख्या का आंकड़ा 210 पर है। जिसमें ऑक्सीजन पर 32, आईसीयू में 20 और वैंटीलेटर पर 8 मरीज शामिल है। वहीं जिले में लगातार सैम्पल जांच किए जा रहे है। जिसमें 4466 सैम्पल पिछले 24 घंटे में लिए गए है। अभी जिले 3827 सरकारी और निजी में 1027 सैम्पलों की रिपोर्ट आनी शेष है।

**यहां से हुई मौत :** मृतकों में पलवल निवासी 82 वर्षीय एक बुजुर्ग की मौत ईएसआई मेडिकल कॉलेज में हो गई। जिसे कोविड-आईसीयू में गत 16 जनवरी को भर्ती किया गया था। सेक्टर-21 सी स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती सेक्टर-8 निवासी 73 वर्षीय पुरूष की मौत हो गई। जोकि आईसीयू में गत 17 जनवरी से भर्ती था। वहीं सेक्टर-16 स्थित निजी अस्पताल में गुरूग्राम निवासी 28 वर्षीय व्यक्ति की मौत हो गई। तीनों का अंतिम संस्कार कोविड-19 गाइडलाईन के अनुसार किया गया।

यहां से पॉजिटिवः 1080 नए पॉजिटिव में सेक्टर-77, 39 और जवाहर कालोनी से 8-8 मरीज है। अनंगपुर, सराय ख्वाजा और अंखीर से 1-1 मरीज है। एसजीएम नगर और सेक्टर-23 से 13-13 मरीज है।

# तिगांव सगाई समारोह में हत्या करने वाले दो गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** थाना तिगांव में 16 जनवरी को हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया था। वारदात में संलिप्त आरोपियों की धरपकड़ के लिए पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा ने क्राइम ब्रांच को आदेश दिए थे। डीसीपी क्राइम नरेंद्र कादयान के दिशा निर्देशानुसार, एसीपी क्राइम सुरेंद्र स्योराण के मार्गदर्शन में कार्य करते हुए क्राइम ब्रांच ऊंचागांव प्रभारी जगमिंद्र सिंह की टीम ने दोनों आरोपियों को बल्लभगढ़ बस स्टैंड एरिया से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम सागर तथा आकाश है। तिगांव के रहने वाले आरोपियों ने अपने ही गांव के कपिल की 16 जनवरी को एक लगन सगाई के प्रोग्राम में गोली मारकर हत्या कर दी थी।



क्राइम ब्रांच की टीम ने गुप्त सूत्रों की सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को बल्लभगढ़ बस स्टैंड से काबू किया है। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि हत्या की वजह आरोपियों का इससे पहले मृतक कपिल के भतीजे सोनू जोकि एक दुकानदार है, के साथ लड़ाई झगड़ा व छीना झपटी करने पर नवंबर माह मे थाना तिगावं मे मुकदमा दर्ज हुआ था। आरोपियों ने सोनू की दुकान से सामान लेने के बाद पैसे के लेन देन पर सोनू के साथ की गई बहस बाजी के दौरान मारपीट छीनाझपटी की वारदात को अंजाम दिया था जिसका मुकदमा थाना तिगांव में दर्ज किया गया था। मुकदमा दर्ज होने के पश्चात आरोपी सोनू के साथ समझौता करने, तथा मुकदमा वापस लेने का दबाव बना रहे थे परंतु सोनू ने मुकदमा वापस नहीं लिया। समझौता ना होने पर आरोपी रंजिश पाल बैठा इसी रंजिश के चलते आरोपी सागर अपने साथ अवैध हथियार रखने लगा। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि 16 जनवरी को समारोह में दोनों पक्षों का आमना सामना हुआ। आरोपियों ने सोनू और उसके चाचा कपिल पर पुराना मुकदमा वापस लेने का दबाव बनाया।

# नोवो नॉर्डिस्क इंडिया ने लॉन्च किया जीएलपी-1 आरए, ओरल सेमैग्लूटाइड

**पायनियर समाचार सेवा।** फीदाबाद

**मरीजों** के जीवन में सुधार करने वाले उत्पादों में नवाचार पर फोकस के साथ नोवो नॉर्डिस्क इंडिया ने विश्व का पहला और एकमात्र 'गोली में पेप्टाइड', एक ओरल सेमैग्लूटाइड लॉन्च किया है, जो डायबिटीज के प्रबंधन में गेमचेंजर है। सेमैग्लूटाइड एक जीएलपी-1 रिसेप्टर एनालॉग (जीएलपी-1 आरए) है, जो डायबिटीज के उपचार के लिए औषधि वर्गों में से एक है। अभी तक यह केवल इंजेक्शन के रूप में उपलब्ध था। यह पहली बार हुआ है कि एक जीएलपी-1 को एक ओरल फार्मूलेशन में तैयार किया गया है।

नोवो नॉर्डिस्क ने 15 वर्षों के लगातार अनुसंधान, नवाचार और विकास के बाद सेमैग्लूटाइड के ओरल फार्मूलेशन को वास्तविक रूप में पेश किया है। इस महत्वपूर्ण वैज्ञानिक खोज के कारण इसे वर्ष 2020 में सर्वश्रेष्ठ जैवतकनीकी नवाचार के लिए प्रिक्स गेलियन अवार्ड दिया गया, जो उद्योग में एक प्रतिष्ठित पुरस्कार है। इसने भारत



सहित अनेक देशों में पायनियर 10 सख्त फेज 3ए चिकित्सीय परीक्षणों को पार किया है। ओरल सेमैग्लुटाइड के साथ पूरी हो चुकी और अभी चल रही वैश्विक जांचों में 10,000 से अधिक मरीज शामिल हैं, जिनमें से 1,000 से अधिक मरीज भारत के हैं। अभूतपूर्व ग्लाईसेमिक नियंत्रण के अलावा ओरल सेमैग्लूटाइड ने चिकित्सीय परीक्षणों में वजन में अद्वितीय कमी और निरंतर हृदयधमनीय सुरक्षा का प्रदर्शन किया। ओरल सेमैग्लूटाइड को वर्ष 2020 में ड्रग्स कंट्रोलर जनरल ऑफ़ इंडिया (डीसीजीआई) द्वारा स्वीकृत किया जा चुका है। ओरल सेमैग्लूटाइड, जो टाइप 2 डायबिटीज से पीड़ित वयस्कों में ग्लाईसेमिक नियंत्रण के लिए सूचित है, से अपेक्षा है कि यह डायबिटीज के प्रबंधन में गेमचेंजर और लाइफ चेंजर बनेगा।

लॉन्च के अवसर पर नोवो नॉर्डिस्क इंडिया के कॉर्पोरेट वाईस प्रेसिडेंट और मैनेजिंग डायरेक्टर, विक्रांत श्रोतिया ने कहा कि, 'हम भारत में ओरल सेमैग्लूटाइड को लॉन्च करने अत्यंत गौरवान्वित और प्रफुल्लित हैं। मजबूत चिकित्सीय विवरण के साथ, हमें यकीन है कि इसमें टाइप 2 डायबिटीज के उपचार में अभूतपूर्व बदलाव लाने की शक्ति है, जैसा कि लाखों लोग फिलहाल उपलब्ध ओरल ऐंटीडायबिटिक दवाओं से लक्षित ब्लड शुगर का स्तर प्राप्त नहीं कर पाते। यह संयोग है कि इसकी लॉन्च इन्सुलिन की खोज की हमारी एक सौवीं वर्षगांठ के समय हो रही है, इन्सुलिन की ज़रुरत वाले डायबिटीज से पीड़ित लोगों का जीवन बदल दिया। इसी प्रकार, हमारा मानना है कि ओरल रूप में सेमैग्लूटाइड डायबिटीज के प्रबंधन का रूपांतरण कर देगा।

# अवैध हथियार सप्लायर गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच बदरपुर बॉर्डर प्रभारी सेठी मालिक की टीम ने एक आरोपी को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार करने मे सफलता हासिल की है। गिरफ्तार किए गए आरोपी का नाम हरीश है जो मथुरा के बरसाना गांव का रहनेवाला है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने मामले में जानकारी देते हुए बताया कि दिनांक 16 जनवरी को क्राइम ब्रांच की टीम को गुप्त सूत्रों की सहायता से सूचना प्राप्त हुई कि आरोपी हरीश फरीदाबाद के टाउन नं. 2 स्थित रोज गॉर्डन में किसी को हथियारों डिलीवरी देने के उद्देश्य से लाल रंग के एक बैग में हथियार लेकर घूम रहा है। क्राइम ब्रांच की टीम बताए गए स्थान पर पहुंची और आरोपी को पकड़ने के लिए घेराबंदी शुरू कर दी। पुलिस को वहां पर देखते ही आरोपी के हाथ पैर फूल गए और वह बैग लेकर भागने की कोशिश करने लगा लेकिन पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की तलाशी लेने पर पुलिस को उसके बैग से 5 देसी पिस्टल बरामद किए।

# लोन के नाम पर ठगने वाला गिरोह काबू

### आरोपियों के कब्जे से 1.26 लाख रुपए, छह मोबाइल फोन, एक लैपटॉप, चेकबुक व अहम दस्तावेज बरामद हुए

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद


साइबर ठगी के आरोप में गिरफ्तार युवकों के साथ साइबर थाना के पुलिस के जवान।

**साइबर** थाना की टीम ने लोन के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए गिरोह के आठ सदस्यों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों में शैलेंद्र, दीपांश, मोहित व गौरव, उत्तर प्रदेश, उमेश व अक्षय फरीदाबाद और राजस्थान,हनुमानगढ़ के रहने वाले सुरेंद्र और गुरप्रीत का नाम शामिल हैं।

आरोपियों ने तिगांव निवासी ऋषि से 1.93 लाख रुपये की धोखाधड़ी की थी। आरोपी, लोगों को कैपिटल वन फाइनेंस कंपनी के कर्मचारी बनकर फोन करते थे और उन्हें सस्ते दर पर लोन देने का लालच देते थे। भोले भले लोग आरोपियों की बातों में आ जाते थे।

जब व्यक्ति लोन लेने के लिए तैयार हो जाता तो आरोपी उनसे लोन पास करवाने के लिए रजिस्ट्रेशन चार्जेस, फाइल खर्च, प्रोसेसिंग फीस, जीएसटी इत्यादि के नाम पर उनसे पैसे मांग कर अपने बैंक खातों में डलवा लेते थे। इसी प्रकार धोखाधड़ी करते हुए आरोपियों ने ऋषि को अपने जाल में फंसाकर ठगी की वारदात को अंजाम दिया। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि आरोपियों की धरपकड़ के लिए पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा के निर्देश तथा डीसीपी मुख्यालय नीतीश अग्रवाल के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी बसंत कुमार के नेतृत्व में टीम गठित की गई थी।

आरोपियों के कब्जे से 1.26 लाख रुपये, छह मोबाइल फोन, एक लैपटॉप, चेक बुक व आवश्यक दस्तावेज बरामद किए गए हैं। ठगी का पैसा आरोपी अपने साथी गुरप्रीत के अकाउंट में जमा करवाते थे, जिसे फ्रीज कर दिया गया है। पुलिस पूछताछ में आरोपियों द्वारा दिल्ली, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश सहित 5 अन्य राज्यों/यूटी में भी साइबर ठगी की 15 वारदातों का खुलासा किया है।

# पुलिस आयुक्त की पहल अधीनस्थों का जन्मदिवस मनाएं प्रभारी

### थाना, चौकी सभी इकाइयों एवं पुलिस कार्यालयो में तैनात पुलिसकर्मियों का मनाया जाए जन्मदिनः सीपी


सब इंस्पेक्टर नरेंदर कुमार शर्मा को जन्मदिन के अवसर पर बधाई देते पुलिस कमिश्नर विकास अरोडा।

**फ़रीदाबाद।** पुलिस कमिश्नर विकास कुमार अरोड़ा ने आत्मीय पहल करते हुए पुलिस कमिश्नरेट के सभी डीसीपी, एसीपी, थाना एवं चौकी प्रभारी, क्राइम ब्रांच प्रभारी, ईओडब्ल्यू प्रभारी, पुलिस लाइन प्रबंधक इत्यादी आधिकारी को उनके अधिनस्थ कार्यरत पुलिस कर्मियों का जन्मदिन सेलिब्रेट करने का निर्देश दिया है।

इसकी शुरूआत करते हुए पुलिस आयुक्त विकास अरोड़ा ने अपने कार्यालय के अकाउंट ब्रांच में तैनात सब-इंस्पेक्टर नरेंद्र कुमार शर्मा के जन्मदिन के अवसर पर उनके उज्ज्वल जीवन की मंगलकामना की तथा उन्हें धार्मिक ग्रंथ श्रीमद् भगवद्गीता भेंट किया। पुलिस आयुक्त कार्यालय में तैनात सभी पुलिस कर्मियों, एसपीओ, होमगार्ड एंव चतुर्थवर्गीय कर्मचारियों के जन्मदिन के अवसर पर पुलिस आयुक्त स्वयं मिलकर उनको जन्मदिन की शुभकामनाएं देगें। पुलिस आयुक्त द्वारा इस विशेष पहल पर पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि पुलिस विभाग में तैनात कर्मी ड्यूटी की व्यवस्था व कार्य की अधिकता के कारण व्यस्त रहते हैं। जिसके कारण कई बार पुलिस कर्मचारी अपने परिवार के साथ अपना जन्मदिन नहीं मना पाते हैं। ऐसे में फरीदाबाद पुलिस परिवार अपने कर्मचारियों के साथ मिलकर जन्मोत्सव सेलिब्रेट करने की पहल एक नयी खुशी मिलेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### भाजपा की आत्मा में सर्वोपरि है राष्ट्रः राजेश नागर


जिला कार्यालय के निर्माण का निरीक्षण करते जिला प्रभारी रवीन्द्र राजू विधायक राजेश नागर, जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा व अन्य।

**फरीदाबाद।** तिगांव से विधायक राजेश नागर ने जिला भाजपा कार्यालय निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी है और यहां कार्यकर्ता ही नेता बनते हैं। सेक्टर 15 में निर्माणाधीन जिला भाजपा कार्यालय का दौरा करने पहुंचे प्रदेश प्रभारी रवींद्र राजू का विधायक राजेश नागर ने स्वागत किया। राजू ने निर्माण संबंधी कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने अपने सुझाव भी निर्माण टीम को दिए। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष गोपाल शर्मा भी मौजूद रहे। विधायक राजेश नागर ने कहा कि भाजपा का नेतृत्व देश को पहले फिर पार्टी और उसके बाद परिवार को देखने की सीख देता है। हम सब उसी दिशा में काम कर भारत राष्ट्र को सुदृढ़ बनाने का प्रयास कर रहे हैं। श्रीनगर ने कहा कि आज भारत के नेतृत्व में देश ने बड़ी महामारी से सफलतापूर्वक देश का बचाव किया है जबकि बड़ी बड़ी महाशक्तियां भी बीमारी के आगे नतमस्तक हो गई थीं। नागर ने कहा कि भारत 157 करोड़ से अधिक वैक्सीन लगवाकर दुनिया में नंबर एक की स्थिति पर बना हुआ है। वहीं हमारे यहां बुजुर्गों को बूस्टर डोज और किशोरों को भी वैक्सीन लगाने का काम शुरू कर दिया गया है। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा, महासचिव एम सी मित्तल आदि प्रमुख रूप से मौजूद थे।

### पुलिस ने जब्त 950 किलोग्राम नशीले पदार्थ नष्ट किया

**फरीदाबाद।** पुलिस महानिदेशक हरियाणा के आदेशानुसार, फरीदाबाद पुलिस द्वारा विभिन्न केसों में बरामद मादक पदार्थ को पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा की देखरेख में नष्ट किया गया। जिला फरीदाबाद में गठित ड्रग डिस्पोजल कमेटी के चेयरमैन पुलिस आयुक्त विकास अरोड़ा, डीसीपी सेंट्रल मुकेश मल्होत्रा, डीसीपी बल्लभगढ़ जयबीर राठी, एसीपी हेडक्वार्टर संदीप मोर, एसीपी मुख्यालय संदीप मोर, एसीपी तिगांव सुरेंद्र श्योराण, एसीपी सेंट्रल महेंद्र सिंह, एसीपी बल्लभगढ़ मनीष सहगल, एसीपी सराय देवेंद्र सिंह, एसएचओ थाना तिगांव कुलदीप सिंह सहित गवाह के तौर पर समाज के गणमान्य व्यक्तियों में शाहबाद सरपंच अजायब सिंह, ज्ञानेंद्र सरपंच के पुत्र कृष्ण तथा जसाना गांव के नंबरदार बिल्लू की मौजूदगी में गोल्डन ईगल वेस्ट मैनेजमेंट कंपनी तिगांव रोड गांव जसाना फरीदाबाद में विभिन्न थानों के 113 मुकदमों में बरामद मादक पदार्थों को अपनी देखरेख में फोटोग्राफी करवा कर सुरक्षित तरीके से नष्ट किया गया। इन 113 मुकदमों में फरीदाबाद पुलिस के 52 तथा जीआरपी पुलिस के 61 मुकदमों में जप्त किया गया नशीला पदार्थ शामिल है। पुलिस आयुक्त विकास कुमार अरोड़ा (कमेटी चेयरमेन) की अध्यक्षता में नष्ट किए गए विभिन्न थानों के 113 मुकदमों में बरामद मादक पदार्थ थे।


### बिजली निगम के निजीकरण के विरोध में सौंपा ज्ञापन

**फरीदाबाद।** दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम फरीदाबाद के सर्कल सेक्टर-23 पर बिजली कर्मचारी यूनियन हरियाणा स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड वर्कर यूनियन के सर्कल सचिव सन्तराम लाम्बा की अगुआई में फरीदाबाद डीएचबीवीएन के अधीक्षण अभियन्ता नरेश कुमार कक्कड़ को एचएसईबी वर्कर यूनियन की ओर से अपना विरोध पत्र सौंपा। जिसमें बिजली कर्मचारी नेताओं व सर्कल सचिव ने आरोप लगाया है कि फिलहाल डीएचबीवीएन में चालित बिजली निगम के 33 केवी पावर हाउसों को एचवीपीएन को देने की जो प्रक्रिया सहित फरीदाबाद बिजली निगम की 12 सब डिवीजनों के कामों को प्राइवेट हाथों में देने पर इसको लेकर अपना भारी विरोध जताया और कहा है कि अगर निगम मैनेजमेंट इन्हें निजी हाथों में देना या इस तरह की निन्दात्मक कार्यवाही को करता है, तो फरीदाबाद का एक एक बिजली कर्मचारी किसी भी प्राइवेट ठेकदार को अपने निगम में घुसने नही देंगे तथा दफ्तरों को ठेकदार के हाथों में देने पर पुरजोर विरोध करेगा और मैनेजमेंट आदि ने आगर आगे कर्मचारी विरोधी नीतियों पर ऐसा कोई फैसला लिया तो एचएसईबी वर्कर यूनियन इसकी खिलाफत कर पुरजोर विरोध प्रदर्शन करेगा। इस मौके पर एनआईटी प्रधान विनोद शर्मा, ओल्ड फरीदाबाद से प्रधान लेखराज चौधरी, ग्रेटर फरीदाबाद से प्रधान सुनील कुमार, बल्लभगढ़ से प्रधान कर्मवीर यादव, मो. शौकीन खान, मुकेश कुमार धतीर, कुलदीप हरिनिवास आदि कर्मचारी नेता विरोध पत्र देने पर मौजूद रहे।

### किसानों का ई-केवाईसी सत्यापन अनिवार्य

**फरीदाबाद।** कृषि तथा किसान कल्याण विभाग, हरियाणा द्वारा बताया गया कि भारत सरकार ने लाभ के सुचारू हस्तांतरण के लिए पीएम किसान योजना के सभी लाभार्थी किसानों का ई-केवाईसी सत्यापन करने का निर्णय लिया है। यह अभ्यास 31 मार्च 2022 तक पूरा किया जाएगा। कृषि तथा किसान कल्याण विभाग, हरियाणा द्वारा आगे बताया गया कि पीएम किसान पंजीकृत किसानों के लिए ई-केवाईसी अनिवार्य है। लाभार्थियों का प्रमाणीकरण ई-केवाईसी ओटीपी मोड के साथ-साथ ई-केवाईसी बायोमेट्रिक मोड दोनों द्वारा किया जाएगा। लाभार्थियों या राज्य के पदाधिकारियों द्वारा ओटीपी मोड के माध्यम से लाभार्थियों का ई-केवाईसी प्रमाणीकरण पीएम किसान पोर्टल और ऐप पर मुफ्त किया जा सकता है। ई-केवाईसी बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण सुविधा के लिए, सीएससी प्रत्येक लाभार्थी से प्रति बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण कर सहित केवल 15 रुपये सीधे चार्ज करेगा। पीएम किसान योजना के सभी लाभार्थी अगली किश्त जारी होने से पूर्व अपना प्रमाणीकरण ज़रूर करवा लें।

### किशोरों सहित 11278 लोगों को लगी वैक्सीन



**फरीदाबाद।** उपायुक्त जितेन्द्र यादव ने कहा कि जिला में आज वीरवार को 15 से 18 वर्ष आयुवर्ग के 3785 किशोरों सहित 11278 लोगों को वैक्सिनेशन लगाई गई। जिला में अब तक 3494005 वैक्शीनेशन किए गए हैं। इनमें प्रथम डोज वैक्शीनेशन 2016086 और द्वितीय डोज वैक्शीनेशन 1469617 सहित प्रीकुवैशन वैक्शीनेशन डोज 8302 शामिल हैं। उपायुक्त जितेन्द्र यादव ने कहा कि सरकार द्वारा जारी हिदायतों के अनुसार यदि किसी ने मास्क लगाने, सोशल डिसटेंश निर्देशों की अनुपालना नहीं की तो उनके चालान करने और निर्धारित प्रोटोकॉल की अनुपालना न करवाने वाले संस्थानों के विरूद्ध भी जुर्माना लगाने की कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। सार्वजनिक स्थानों पर जांच के लिए विशेष कदम उठाये जा रहे हैं। शिक्षण संस्थानों और सरकारी व गैर-सरकारी संस्थानों के मुख्यद्वार पर जांच की व्यवस्था की जा रही है। नो मास्क-नो सर्विस के तहत की कार्रवाई जा रही है। उपायुक्त ने कहा कि अब पूर्ण सावधानी बरतने का समय है। इसके लिए स्थानीय स्तर पर गठित की गई लोकल कमेटियों को भी पुनः सक्रिय कर दिया गया है।

### गांजे की तस्करी में महिला समेत दो गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच सेक्टर-85 प्रभारी सुमेर सिंह की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए गांजा तस्करी के आरोप में एक महिला सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों में आकाश तथा महिला आरोपी सोनम का नाम शामिल है। दोनों आरोपियों से पुलिस ने 10.6 किलो गाँजा बरामद किया गया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने मामले में जानकारी देते हुए बताया कि क्राइम ब्रांच को गुप्त सूत्रों की सहायता से सूचना मिली थी कि एक महिला खेड़ी पुल थानाक्षेत्र में गांजा की डिलवरी देने के लिए किसी का इंतजार कर रही है। सूचना प्राप्त होते ही क्राइम ब्रांच की पुलिस टीम उक्त स्थल पर पहुंची और घेराबंदी करते हुए महिला आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

## कटु यथार्थ
### भूखे से मौतें

**वर्तमान** समय और युग में भी भूख से होने वाली मौतें एक कटु यथार्थ है और सरकार को इसके प्रति अपनी आंखें नहीं बंद करनी चाहिए। मंगलवार को भारत के अटार्नी जनरल ने सर्वोच्च न्यायालय को बताया कि हाल में भूख से एक भी मौत नहीं हुई है। लेकिन अदालत ने पुराने डेटा पर आधारित होने के कारण अधिकारी के इस बयान को सतही बताया। अदालत एक याचिका पर सुनवाई कर रही है जिसमें भूख से होने वाली मौतों से बचने के लिए राष्ट्रीय सामुदायिक रसोई नीति बनाने की मांग की गई है। अधिकारी ने कहा कि केन्द्र को राज्यों से मिलने वाले डेटा पर निर्भर रहना पड़ता है क्योंकि वही भूख से मौतों की खबरें देते हैं और उन्होंने हालिया सालों में ऐसी एक भी मौत से इनकार किया है। इस पर अदालत ने तमिलनाडु में भूख से होने वाली एक मौत की मीडिया में आई खबर की ओर संकेत किया। तमिलनाडु के विल्लुपुरम में 19 दिसंबर, 2021 को भूख से मौत की खबर आई थी जहां साढ़े पांच साल के एक बच्चे के शव परीक्षण में उसकी आंतों में कोई भोजन नहीं मिला था। इसका अर्थ था कि बच्चे को मौत से कम से कम दो दिन पहले से भोजन नहीं मिला था। जुलाई, 2018 में दिल्ली में तीन बच्चों की भूख से मौत की खबर आई थी। अधिकारियों ने मौतों की खबर की पूर्णत: पुष्टि के लिए दूसरी बार शव परीक्षण किया था। ऐसे में यह कहने का कोई औचित्य नहीं है कि भूख से मौतें नहीं हो रही हैं। वर्तमान डेटा से संकेत मिलता है कि बच्चों में भूख से पहले वाले चरणों में होने वाली मौतें हो रही हैं। भोजन की पूर्ण अनुपस्थिति भुखमरी का कारण बनती है। लेकिन बीच-बीच में भोजन मिलने पर भूख से



होने वाली मौत का कारण कुपोषण होता है जिससे बच्चे बौने होते है तथा उनकी बढ़वार बाधित होती है। ऐसे में भूख के शिकार व्यक्ति को न केवल भोजन, बल्कि पौष्टिक भोजन की जरूरत होती है।

भारत की खाद्य सुरक्षा नीति में भूख को कुपोषण के एक आयाम की तरह देखा गया है। भोजन में केवल चावल खाने वाला व्यक्ति भले ही भूख का अनुभव न करे, लेकिन उसमें पोषण संबंधी कमियां आ जाती हैं। आज लाखों लोग दिन में एक बार भोजन की व्यवस्था कर पाते हैं और कभी-कभी उससे भी वंचित रहना पड़ता है। वैश्विक महामारी ने भोजन तक पहुंच को और कठिन बना दिया है। सर्वेक्षणों से पता चलता है कि भारत के घरों में आश्चर्य जनक रूप से भोजन तथा जल्दी खराब होने वाली चीजों की बरबादी होती है तथा हर साल भारत भर के गोदामों में टनों अनाज सड़ जाता है। सरकार को भोजन में विविधता सुनिश्चित करने के साथ यह भी सुनिश्चित करना चाहिए कि गरीबों को जैव स्त्रोतों से समुचित मात्रा में सस्ता भोजन मिले। एक मामूली पोषक भोजन की कीमत आज लगभग 30 रुपये प्रति व्यक्ति प्रति दिन है। गरीबों को वर्तमान समय में हस्तांतरित नकदी से चार लोगों का परिवार एक महीने भी जीवित नहीं रह सकता है। इसी कारण खाद्य नीति को तार्किक बनाने की जरूरत है। वर्तमान समय में भारत के पास अतिरिक्त खाद्यान्न हैं। गरीबों को इसलिए सामान्य मासिक राशन की तीन गुना पहुंच सुनिश्चित की जा सकती है, भले ही उनके पास राशन या आधार कार्ड हो अथवा नहीं। सार्वजनिक वितरण प्रणाली का विस्तार कर इसमें अनाज और दालों के साथ आवश्यक चीजों, जैसे, अंडों, दूध व फलों को शामिल किया जा सकता है। कुछ राज्य आंगनबाड़ी व्यवस्था से बच्चों और माताओं को अंडे उपलब्ध करा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि मोटे अनाजों और बीजों का प्रयोग कर वैकल्पिक भोजन विकसित किया जा सकता है जिसमें समुचित पोषक तत्व हों और उसे लंबे समय तक सुरक्षित रखा जा सके। हम यह काम मध्यान्ह भोजन में अंडों तथा फलों या दूध को अनिवार्य रूप से शामिल कर कर सकते हैं। इस प्रकार केवल भोजन के बजाय समुचित पोषण एक समतावादी कदम होगा।

# उम्माह और उसका इजराइली जुड़ाव

कभी-कभी वास्तविक और कभी-कभी केवल कल्पना में, इज़राइल की हमेशा-वर्तमान छाया इस्लामी दुनिया में चल रही घटनाओं पर भारी पड़ती है।



**भूपिंदर सिंह**
(लेखक सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारी हैं)



इज़राइल के साथ फिक्सेशन उम्मा (पैन-इस्लामिक समुदाय) को परेशान करता है, कभी-कभी विश्वसनीय रूप से, कभी-कभी रचनात्मक रूप से कल्पना की जाती है। यहां तक कि दूर, बहुसांस्कृतिक और बहु-इकबालिया (मुस्लिम बहुमत के साथ) मलेशिया शिलालेख के साथ अपने पासपोर्ट पर जोर देता है ''यह पासपोर्ट इज़राइल को छोड़कर सभी देशों के लिए मान्य है।'' किसी भी इजरायल-मलेशियाई आयाम को घेरने वाली कोई क्षेत्रीय या व्यावसायिक असहमति नहीं है, फिर भी पूर्व मलेशियाई नेता मोहम्मद महाथिर ने इसे ''लुटेरों का राज्य'', ''दुश्मन'' कहा था और यहूदियों को ''हुक-नोज्ड'', ''प्रॉक्सी द्वारा इस दुनिया पर शासन'' के रूप में वर्णित किया था। आदि। इस गहरी जड़ वाले गुस्से के केंद्र में 7 मिलियन से कम यहूदियों की आबादी वाले देश, इज़राइल के एक संकीर्ण हिस्से द्वारा फिलिस्तीन का भावनात्मक और अनसुलझा मुद्दा है, जो लगभग 2 के वैश्विक उम्मा में कई लोगों को परेशान और परेशान करता है। अरब। यहां तक जब उम्मा खुद सांप्रदायिक, जातीय और राजनीतिक प्रकृति की असहमति में फंसी हुई है - लगभग सभी इजरायलियों के खुले या गुप्त हाथ को ला 'जियोनिस्ट कॉन्सपिरेसीज' कहते हैं, जो उनकी कथित समस्याओं को संदर्भित करता है। वास्तव में, इजरायल की जासूसी एजेंसी मोसाद अपने संप्रभु हितों की रक्षा में एक अति-घुसपैठ भूमिका निभाती है, लेकिन शायद उतनी काल्पनिक रूप से नहीं जितनी कि लोकप्रिय कल्पना की गई थी।

सुदूर देशों में हाल की तीन, एक साथ और पूरी तरह से असंबंधित घटनाएं इस इजरायली-यहूदी आकर्षण को दर्शाती हैं। पाकिस्तानी मूल की एक अमेरिकी नागरिक, एमआईटी-प्रशिक्षित न्यूरोसाइंटिस्ट डॉ आरिफा सिद्दीकी, जो वर्तमान में अफगानिस्तान में हिरासत में रहते हुए अमेरिकी सेना और एफबीआई अधिकारियों पर गोली चलाने के आरोप में अमेरिका में 86 साल के लिए दोषी है, एक बंधक नाटक के केंद्र में थी। गहन रूप से पालन किए गए और विवादित मुकदमे में साज़िश, प्रतिवाद और अस्पष्ट निशान के सभी तत्व थे और पाकिस्तान सरकार को सार्वजनिक रूप से, व्यर्थ में अपने मामले का बचाव करने के लिए मजबूर किया गया था। हालाँकि, लंबे समय से चली आ रही अदालती कार्यवाही के दौरान, उसने अपने वकीलों को नौकरी से निकालने की कोशिश की क्योंकि वे यहूदी थे और उसने अदालतों को स्पष्ट रूप से लिखा था कि यहूदी ''क्रूर, कृतघ्न और पीठ में छुरा घोंपने वाले'' लोग थे! हाल ही में, टेक्सास के एक छोटे से शहर में एक बंदूकधारी ने एक आराधनालय में चार बंधकों को ले लिया, जिसमें निवासी रब्बी भी शामिल था - बंधक लेने वाले की एकमात्र मांग कैद में रखी गई 'लेडी अल कायदा' डॉ आरिफा सिद्दीकी की कथित रिहाई थी।

पाकिस्तानी मूल के एक दोषी आतंकवादी के लिए आराधनालय, रब्बी और बंधक नाटक का गप्पी प्रतीकवाद और संयोजन अफगानिस्तान से उठाया गया - सामान्य मिश्रण, किसी तरह इज़राइल/यहूदियों को एक ही, शायद अनुचित रूप से मिलाना। लगभग उसी समय, शिया ईरानी नेतृत्व और सुन्नी सऊदी अरब शाही परिवार के बीच लंबे समय से सांप्रदायिक शैडोबॉक्सिंग के हिस्से के रूप में, ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड्स कॉर्प्स नेवी के कमांडर जनरल अलीरेज़ा तांगसिरी द्वारा एक अभूतपूर्व आरोप, दूसरे को शर्मसार करना चाहता है। उन्होंने निहित किया कि सऊदी शाही परिवार यहूदियों के वंशज हैं जिन्होंने पवित्र पैगंबर से लड़ाई लड़ी थी, ''हम एक मुस्लिम देश में अन्याय को देखने के लिए सहन नहीं कर सकते हैं जो कि ज़ायोनी और यहूदियों के बीज द्वारा किया जाता है'', जोड़ते हुए, ''ये बहुत समान हैं'' यहूदी, और मैं ज़ायोनीवादियों को बेहतर कहूंगा, जिनके दिल कभी भी इस्लाम के साथ नहीं जुड़े हैं, और यहां तक कि अपने समय में पैगंबर के साथ भी।'' फिर से, उम्माह के भीतर राजनीतिक दोष खेल को ज़ायोनीवाद और यहूदियों के परिचित वॉटरमार्क को लागू करके, उसी से जुड़े कलंक और नफरत के बाद, चाहे वास्तविक इतिहास या इज़राइल के आधुनिक राज्य के पास कुछ भी हो, को हल करने की मांग की गई थी। उसी के साथ।

समवर्ती रूप से, तेल अवीव के बेन गुरियन हवाई अड्डे पर कुख्यात लीबियाई सरदार, खलीफा हफ्तार से संबंधित एक निजी विमान की रहस्यमय लैंडिंग के साथ उम्मा के अपरिवर्तनीय अनुयायियों के भीतर काल्पनिक इज़राइली कनेक्ट (इस बार अधिक अमिट रूप से) का एक और भयानक दर्शक सामने आया। गद्दाफी के बाद के युग में लीबिया की लूट के लिए विभिन्न गुटों (विभिन्न अंतरराष्ट्रीय शक्तियों द्वारा समर्थित) के साथ हिंसक झड़पों में उलझे हुए, खलीफा को सीरिया, रूस और अविश्वसनीय रूप से, यहां तक कि संयुक्त अरब अमीरात जैसी शक्तियों द्वारा समर्थित माना जाता था, जो इसके बजाय चरमपंथियों को बाहर रखने के लिए खलीफा में एक गद्दाफीस तानाशाह।

इसलिए, जबकि खलीफा की दासता और वर्तमान लीबिया के प्रधान मंत्री अब्दुलहमीद मोहम्मद दबीबेह के बारे में माना जाता है कि उन्होंने हाल ही में मोसाद के निदेशक डेविड बार्निया से इज़राइल के साथ संबंधों को सामान्य करने के लिए मुलाकात की थी - फिर भी यह उनकी राष्ट्रपति पद की उम्मीदवारी के लिए समर्थन लेने के लिए इज़राइल में खलीफा के विमान की असली लैंडिंग है। , जो उम्मा की गड़बड़ी में इजरायल की स्वीकृति की मात्रा बोलता है। किसी भी घरेलू बिजली बोली में इजरायल का समर्थन हासिल करने के महत्व का स्पष्ट संकेत, भले ही हजारों किलोमीटर दूर हो, अचूक है।

इज़राइल आधिकारिक तौर पर उम्माह के भीतर हंगामे में किसी भी हानिकारक भूमिका से इनकार करता है, हालांकि इसने अरब दुनिया में अब-अतिवाद से सावधान शेखडोम के साथ रणनीतिक पैठ बना ली है। इसने स्पष्ट रूप से संयुक्त अरब अमीरात में एक दूतावास खोला है और बहरीन और मोरक्को में जल्द ही ऐसा करने की योजना है (इसमें पहले से ही जॉर्डन और मिस्र में एक है)। सऊदी अरब के उत्तराधिकारी, मोहम्मद बिन सलमान (एमबीएस) को भी उन खबरों को अस्वीकार करना पड़ा कि उन्होंने पिछले साल नियॉन के लाल सागर बंदरगाह पर तत्कालीन इजरायली प्रधान मंत्री नेतन्याहू से गुप्त रूप से मुलाकात की थी।

स्पष्ट रूप से, बहुत सारी बैकरूम साजिशें, साजिशें और भावनाएं 'इजरायल कनेक्ट' में निहित हैं जो क्षेत्रीय उथल-पुथल के पीछे हैं - यह कितना वास्तविक या काल्पनिक है, अनुत्तरित है लेकिन जो सच है वह यह है कि फिलिस्तीन का मुद्दा बैकबर्न पर है , और इज़राइल पहले से कहीं ज्यादा मजबूत दिखता है।

# अनमोल है रेल यात्रियों का जीवन

**सुधांशु मणि**
(लेखक भारतीय रेलवे के पूर्व महाप्रबंधक हैं)



पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी जिले के मैनागुरी क्षेत्र में स्थित डोमाहानी में 13 जनवरी को शाम लगभग पांच बजे बीकानेर-गोहाटी एक्सप्रेस के कुछ कोचों के पटरी से उतर जाने के कारण नौ यात्रियों की मौत हुई तथा लगभग 40 अन्य घायल हो गए। इसके कारण पटरी से उतरे लगभग 12 कोच दूसरे कोचों पर चढ़ कर नष्ट हो गए। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने घोषणा की कि वे व्यक्तिगत रूप से बचाव उपायों की निगरानी कर रहे हैं। मृतकों के परिवारों को 5 लाख, गंभीर रूप से घायलों को एक लाख तथा सामन्य चोट वालों को 25,000 रुपये देने की घोषणा हुई। हालिया वर्षों में भारतीय रेलवे का सुरक्षा रिकार्ड बेहतर हुआ है।

आंकड़ों में होने के बजाय यदि रेलवे क्रासिंग पर दूसरे वाहनों से टकराने वाली घटनाओं को छोड़ दिया जाए तो हताहतों की संख्या में भारी कमी आई है क्योंकि ऐसी दुर्घटनाओं के लिए रेलवे सीधे जिम्मेदार नहीं है। इसके अनेक कारण हैं जिनमें पटरियों व संबंधित ढांचों का रखरखाव तथा बड़े पैमाने पर एलएचबी कोचों की संख्या में कमी है। एलएचबी कोचों का विकास जर्मनी की लिंके-होफमैन-बुश ने किया था। उनको 'एंटी टेलिस्कोपिक' माना जाता है, जिसका अर्थ है कि वे उलटते नहीं हैं तथा सीधे टकराने पर मुड़ते नहीं हैं। ये कोच स्टेनलेस स्टील के होते हैं तथा उनकी भीतरी डिजाइन एल्यूमीनियम से बनाई जाती है ताकि वे परंपरागत डिब्बों की तुलना में हल्के हों। तेज गति पर बेहतर ब्रेकिंग के लिए उनमें 'एडवांस न्यूमैटिक डिस्क ब्रेक सिस्टम' लगा होता है। ये आधुनिक कोच ज्यादा यात्रियों को ले जा सकते हैं, उनकी गति क्षमता अधिक होती है तथा वजन में हल्के होने के कारण उनका जीवन लंबा होता है। लेकिन इस दुर्घटना ने एक बार फिर सुरक्षित कोच डिजाइन की आवश्यकता उजागर की है ताकि हताहतों की संख्या कम हो सके। दुर्घटनाओं के अनेक कारण होते हैं और इस मामले में एक ट्रैक्शन मोटर के पटरी पर गिरने से ट्रेन पटरी से उतरी थी। यह आश्चर्यजनक है क्योंकि इसे बहुत मजबूती से जोड़ा जाता है।

हमारे सामने विचार यह होना चाहिए कि सारी सावधानियों व उपायों के बावजूद पटरी से ट्रेन उतरने पर हताहतों के आंकड़े न्यूनतम रखने के लिए कोचों को न्यूनतम नुकसान सुनिश्चित करना होगा। कहा जा रहा है कि यदि इंटीग्रल कोच फैक्ट्री के पुराने आईसीएफ कोचों के स्थान पर ट्रेन में केवल एलएचबी किस्म के कोच हों तो कोई भी जीवन नष्ट नहीं होगा। यह कथन अपने आप में सही है क्योंकि अनेक दुर्घटनाओं से सिद्ध हुआ है कि तेज गति पर एलसीएफकोच पटरी से उतर जाते हैं तथा एक दूसरे पर चढ़ कर बड़ी संख्या में हताहतों का कारण बनते



हैं, जबकि एलएचबी कोचों के साथ ऐसी दुर्घटनाओं में किसी को चोट नहीं लगती है और निश्चित रूप से कोई मरता नहीं है।

भारतीय रेल में मुख्यत: दो प्रकार के कोच प्रयोग होते हैं। इनमें से एक 1950 के दशक में डिजाइन आईसीएफ कोच तथा दूसरे जर्मन डिजाइन के एलएचबी कोच हैं जिनका 1990 के दशकांत में आयात किया गया था। हल्के कोच की डिजाइन में एक कपलर शामिल है जो दूसरे कोच के कपलर से मजबूती से जुड़ा होता है। यह कोचों का पार्श्व या ऊपर-नीचे खिसकना रोकता है तथा पटरी से उतरने पर भी कोच एक दूसरे पर चढ़ते नहीं हैं। दूसरी ओर आईसीएफकोचों में ऐसी कोई व्यवस्था नहीं होती है और वे रेल के पटरी से उतरने पर अपनी ऊर्जा के कारण एक दूसरे पर चढ़ जाते हैं। इसके अलावा हालिया ट्रेन 18 किस्म के कोच और ज्यादा सुरक्षित हैं क्योंकि उनमें अर्ध-स्थाई कपलर, एंटी-क्लाइंबिंग फीचर तथा सुरक्षित ढांचागत डिजाइन शामिल हैं। ऐसी दुर्घटना के बाद काफी शोरशराबा मचता है कि भारतीय रेलवे तेजी से एलएचबी कोच लगाने में विलंब कर रही है। लेकिन रेलवे इस मुद्दे से 2017 से निपट रही है, जब अनेक दुर्घटनाओं के बाद उसने आईसीएफकोच बनाना पूरी तरह बंद कर दिया था तथा उनके स्थान पर विनिर्माण की सीमाओं को देखते हुए एलएचबी कोच शामिल किए जा रहे थे। समस्या यह है कि बड़ी संख्या में आईसीएफ कोच हमारे पास हैं और अभी उनका लंबा जीवन बचा है क्योंकि यह 25 साल होता है। वर्तमान समय में भारतीय रेलवे के पास लगभग 40,000 आईसीएफ कोच तथा 25,000 एलएचबी कोच हैं। इसका अर्थ है कि अनेक तेज चलने वाली ट्रेनों में भी आईसीएफ कोच लगे हैं। अतीत की तरह कोई रेल दुर्घटना होने पर काफी शोरशराबा मचता है और आईसीएफकोचों को पटरियों पर दौड़ने वाले ताबूत तक कहा जाता है। यह एक प्रकार का अतिवाद है क्योंकि इस प्रकार के कोचों ने 1950 के दशक से भारतीय प्रगति में उल्लेखनीय योगदान दिया है। हालांकि, रेल यात्रियों का जीवन हमेशा महत्वपूर्ण रहा है, पर हाल में मुख्यत: सोशल मीडिया के कारण उसे और ज्यादा महत्व मिला है और यह ठीक भी है। ऐसे में कुछ कठोर उपायों की आवश्यकता है। अत्यधिक जल्दबाजी में आईसीएफकोचों को कबाड़ में बदलने के बजाय उनका स्थान लेने के लिए बड़ी संख्या में एलएचबी कोच बनाने की आवश्यकता है।

रेल उत्पादन इकाइयों, खासकर इंटीग्रल कोच फैक्ट्री द्वारा 2016 के बाद उठाए गए कुछ कदमों के कारण आज रेलवे प्रति वर्ष 9,000 कोच बना सकता है। यदि अप्रैल, 2022 में यह क्षमता प्राप्त हो जाती है तो 25,000 सबसे पुराने आईसीएफकोचों को समय से पहले ही एलएचबी कोचों से बदला जा सकता है। इसके साथ ही आंतरिक सेवाओं को बढ़ावा देना होगा ताकि यात्रियों का जीवन खतरे में डाले बिना पुराने कोचों का बेहतर प्रयोग किया जा सके। भारतीय रेलवे बहुत बड़ी व्यवस्था है तथा रेल ढांचे में सुधार के बावजूद कुछ स्थानों पर ट्रेनों के पटरियों से उतरने की घटनायें हो सकती हैं। हालांकि, ज्यादा से ज्यादा एलएचबी कोच का अर्थ ऐसी घटनाओं में हताहतों का जोखिम बहुत कम हो जाएगा। ऐसे में यह सवाल भी बहुत महत्वपूर्ण हो जाता है कि इसके लिए 15,000-20,000 करोड़ रुपये की कैसे व्यवस्था होगी। पहली बात यह है कि आने वाले सालों में सैकड़ों लोगों का जीवन बचाने के लिए यह धनराशि बहुत बड़ी नहीं है। दूसरा, भारतीय रेलवे ने बड़ी संख्या में अपने कारगर डीजल इंजनों का प्रयोग बंद करने, विद्युतीकरण तेज करने तथा बड़ी संख्या में विद्युत इंजनों को बनाने में अभूतपूर्व तेजी दिखाई है। यह हरित ऊर्जा के लिए उसकी प्रतिबद्धता प्रकट करता है, लेकिन विद्युत इंजनों द्वारा प्रयोग होने वाली ऊर्जा को हरित ऊर्जा कहना कठिन है। इस प्रकार रेलवे को अपने पैसे के ज्यादा सार्थक उपयोग के बारे में सोचना चाहिए। उसे अवसर का प्रयोग करते हुए पुरानी संरचनाओं को नई में बदलने का प्रयास करना चाहिए जिनमें केवल ज्यादा एलएचबी कोच शामिल नहीं हैं। इसका अर्थ ट्रेन 18 जैसी ज्यादा आधुनिक ट्रेनें हैं जिनकी एल्यूमीनियम बाडी और बेहतर होती है। आधुनिक ट्रेनों का अर्थ न केवल सुरक्षित यात्रा होगी, बल्कि यह यात्रियों को ज्यादा आरामदेह अनुभव भी प्रदान करेगी। समय आ गया है कि भारतीय रेलवे यात्रियों को सुरक्षित यात्रा प्रदान करने के लिए साहसी कदम उठाए।

## आप की बात

### आनलाइन कारोबार

**देशभर** में तेजी से पांव पसारते आनलाइन कारोबार को पहली बार उपभोक्ता कानून के दायरे में लाया गया है। किसी भी उपभोक्ता की शिकायत मिलने पर अब ई-कारोबारी कंपनी को अड़तालीस घंटे के भीतर उस शिकायत को स्वीकार करना होगा और एक महीने के भीतर उसका निस्तारण भी करना होगा। बाजार में उपभोक्ताओं को शोषण से मुक्ति दिलाने के लिए कई कानून बनाए गए। लेकिन जब से उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम अस्तित्व में आया, तब से उपभोक्ताओं को शीघ्र, त्वरित व कम खर्च पर न्याय दिलाने का मार्ग तो प्रशस्त हुआ ही, साथ ही उपभोक्ताओं को किसी भी प्रकार की सेवाएं प्रदान करने वाली कंपनियां व प्रतिष्ठान भी अपनी सेवाओं और उत्पादों की गुणवत्ता में सुधार करने के प्रति सचेत हुए। लेकिन इतना सब कुछ होने के बावजूद उपभोक्ता का शोषण होने का सिलसिला थमा नहीं। यह कारोबार को उपभोक्ता कानून में हराने के बाद अब हर शहर से लेकर छोटे कस्बों तक खाद्य पदार्थों की शुद्धता की जांच के लिए नींबू और बेटियां खुली जानी चाहिए ताकि उपभोक्ता अपने द्वार खरीदी गई खाद्य वस्तुओं का लेप परीक्षण कराकर संतुष्ट हो सकते।

– **सुभाष बुड़ावनवाला**, रतलाम

### बजट में आमजन को राहत

**केंद्र** सरकार का बजट आने वाला है। आम जनता को आय के हिसाब से तीन वर्गों में बांटा जा सकता है उच्च आय वर्ग, मध्यम आय वर्ग व निम्न आय वर्ग। यूं तो सारी आम जनता महंगाई से त्रस्त हैं , पर हर बार सबसे ज्यादा महंगाई की मार मध्यमवर्ग पर ही पड़ती है। पिछले 2 वर्षों से कोरोना के कारण मध्यमवर्ग सबसे ज्यादा प्रभावित हुआ है एक तो प्राइवेट काम करने वाले लोगों की नौकरियां छूट गई ऊपर से बीमारी में उनकी बची हुई जमा पूंजी खत्म हो गई और उन्हें कर्जा भी लेना पड़ा अब तीसरे साल भी वही हालात उत्पन्न हो रहे हैं। सरकार ने निम्न वर्ग को तो अनेकों सुविधाएं दी उन्हें जीवन यापन हेतु मुफ्त राशन दे रही है उनके खातों में विभिन्न तरीकों से पैसे जमा किए। उच्च आय वर्ग को इन सब से कोई ज्यादा फर्क ही नहीं पड़ा, पर मध्यमवर्ग को महंगाई एवं कोरोना से उत्पन्न कठिन आर्थिक अभाव से राहत देने के लिए कुछ नहीं किया गया। सरकार ने निम्न आय वर्ग को विभिन्न तरह की राहत जैसे की मुफ्त अनाज और पैसे एवं सब्सिडी देने के लिए पेट्रोल के दामों में अंतरराष्ट्रीय बाजार में दाम घटने के बावजूद देश में कोई कमी नहीं की जिसका सबसे अधिक भार मध्यमवर्ग पर पड़ा।

– **अतिवीर जैन**, 'पराग' , मेरठ

### प्रोटोकाल का पालन

**5** जनवरी को प्रधानमंत्री मोदी के पंजाब के फिरोजपुर यात्रा के दौरान प्रोटोकाल के अनुसार राज्य के मुख्यसचिव और पुलिस महानिदेशक को साथ यात्रा करना था। लेकिन दोनों ही अधिकारी प्रधानमंत्री के साथ नही गए। दूसरी ओर पश्चिम बंगाल के राज्यपाल द्वारा मुख्यसचिव और पुलिस महानिदेशक को नेताविपक्ष शुभेंदु अधिकारी को झारग्राम जाने से पुलिस के रोकने की जानकारी देने के लिये 8 जनवरी को बुलाया था।दोनो ही जिम्मेदार अधिकारी राज्यपाल से मिलने नही पहुँचे और न दूसरे अधिकारियों को स्पष्टीकरण देने के लिये भेजा। राज्यपाल द्वारा शुभेन्दु अधिकारी की शिकायत के बाद राज्य के दोनों अधिकारियों को बुलाया था। शुभेंदु अधिकारी को पुलिस द्वारा रोकने का कार्य गैर जिम्मेदाराना था। कलकत्ता हाईकोर्ट ने कहा था। नेताविपक्ष को के आवागमन पर कोई प्रतिबन्ध नही होना चाहिये। राज्यपाल धनखड़ ने एक सप्ताह के अंदर मुख्यसचिव से जवाब देने को कहा। देश मे प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा कृत आचरण पर सवाल उठ रहे हैं।

– **कुलदीप मोहन त्रिवेदी**, जरगांव

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



**गोवा** परिवर्तन चाहता है और इस तटीय राज्य में आम आदमी पार्टी को जबर्दस्त समर्थन मिल रहा है।

– **अरविंद केजरीवाल**
दिल्ली के मुख्यमंत्री

**मेरा** मानना है कि व्लादिमीर पुतिन यूक्रेन में पूर्ण युद्ध नहीं चाहते हैं और अगर वह एक सैन्य घुसपैठ के साथ आगे बढ़ते हैं तो उन्हें कीमत चुकानी पड़ेगी।

– **जो बाइडेन**
अमेरिकी राष्ट्रपति





**नौजवान** अपने पैरों पर खड़े होना चाहते हैं और ये ही वे चीजें हैं जो एक देश को मजबूत बनाती हैं।

– **प्रियंका गांधी**
कांग्रेस नेत्री

# टीईटी में कोविड पॉजिटिव के लिए पृथक कक्ष बनाएं

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 23 जनवरी को प्रस्तावित शिक्षक पात्रता परीक्षा टीईटी को सम्पन्न कराने के लिए सभी आवश्यक प्रबन्ध किए जाएं। यदि कोई कोविड पॉजिटिव अभ्यर्थी परीक्षा देने का इच्छुक हो तो उसके लिए पृथक कक्ष की व्यवस्था की जाए। प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर एक कोविड केयर सेन्टर की स्थापना की जाए। संदिग्ध एवं अराजक तत्वों पर विशेष नजर रखी जाए। उन्होंने कहा पेपर लीक जैसी किसी भी प्रकार की घटना स्वीकार नहीं की जाएगी।

पेपर लीक होने पर सम्बन्धित डीएम, बीएसए, परीक्षा केन्द्र प्रभारी सहित सभी की जिम्मेदारी तय होगी। प्रदेश में प्रतिदिन औसतन 25 लाख लोगों का कोविड टीकाकरण किया जा रहा है। इस क्षमता को बढ़ाकर 30 लाख प्रतिदिन किया जाए। जिन जनपदों में टीकाकरण की गति धीमी है उस जनपद में विशेष प्रयास कर टीकाकरण की गति को तेज किया जाए।

## ● वैक्सीन की हर दिन तीस लाख डोज लगाएं: सीएम

मुख्यमंत्री गुरूवार को अपने सरकारी आवास पर कोविड-19 की स्थिति की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कोरोना संक्रमण से बचाव और उपचार की व्यवस्थाओं को मजबूती से बनाये रखने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान परिस्थितियों में संक्रमण से बचाव के दृष्टिगत विशेष सतर्कता एवं सावधानी बरतना आवश्यक है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आगामी सप्ताह में प्रदेशव्यापी डोर-टू-डोर स्क्रीनिंग अभियान के लिए स्वास्थ्य कर्मियों का प्रशिक्षण कराया जाए। कोरोना की पिछली लहर के दौरान घर-घर स्क्रीनिंग के कार्य से संक्रमण नियंत्रण में सहायता मिली थी। इस बार भी ऐसे प्रयास की जरूरत है। डोर-टू-डोर स्क्रीनिंग अभियान के तहत निगरानी समितियां, स्वास्थ्य कर्मी घर-घर



जाकर लक्षणयुक्त लोगों की पहचान करें।

संदिग्ध मरीजों को मेडिकल किट उपलब्ध करायी जाए। आवश्यकतानुसार लोगों के टेस्ट किये जाएं। अपूर्ण टीकाकवर वाले लोगों की सूची तैयार कर उनका वैक्सीनेशन कराया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि इंटीग्रेटेड कोविड कमाण्ड सेन्टर पूरी तरह सक्रिय हो कर कार्य करें। प्रत्येक जनपद में डीएम, सीडीओ व सीएमओ द्वारा आईसीसीसी में प्रतिदिन नियमित तौर पर बैठक कर स्थिति की समीक्षा की जाए। लोगों को टेलीकंसल्टेशन की सुविधा उपलब्ध करायी जाए। होम आइसोलेशन के मरीज, निगरानी समिमियों से संवाद, एम्बुलेंस की आवश्यकता और टेली कन्सल्टेशन के लिए पृथक-पृथक नम्बर जारी किए जाएं। उन्होने कहा कि मुख्यमंत्री हेल्प लाइन के माध्यम से अस्पताल में उपचार करा रहे कोविड पॉजिटिव लोगों के परिजनों से नियमित अन्तराल पर संवाद किया जाए। होम आइसोलेशन में स्वास्थ्य लाभ ले रहे कोविड मरीजों से संवाद कर उन्हें मेडिकल परामर्श, मेडिकट किट एवं अन्य सुविधाएं उपलब्ध करायी जाएं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक जनपद में कम से कम एक बड़ा अस्पताल डेडिकेटेड कोविड हॉस्पिटल के रूप में आरक्षित किया जाए। अन्य अस्पताल नॉन-कोविड मरीजों के लिए उपलब्ध रहें। वर्तमान शीतलहर में निराश्रितों को राहत पहुंचाने के लिए रैनबसेरों का प्रभावी संचालन किया जाए।

# अदिति सिंह ने कांग्रेस से दिया इस्तीफा



**लखनऊ।** रायबरेली सदर से कांग्रेस विधायक अदिति सिंह ने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता और विधायकी से इस्तीफा दे दिया है। वह पहले ही बीजेपी में शामिल हो चुकी हैं लेकिन उन्होंने कांग्रेस की सदस्यता नहीं छोड़ी थी क्योंकि ऐसा करने पर उनकी विधानसभा की सदस्यता भी चली जाती। अदिति सिंह ने कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी के भेजे इस्तीफे में लिखा है कि आपको अवगत कराना है कि मैं भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे रही हूं। उन्होंने विधायकी छोड़ने के लिए विधानसभा अध्यक्ष को भी इस्तीफा भेज दिया है। अदिति सिंह 2017 में कांग्रेस के टिकट पर विधायक बनी थीं लेकिन बाद में उन्होंने बागी रुख अख्तियार कर लिया था। पिछले साल 24 नवंबर को उन्होंने बीजेपी की सदस्यता ली है। अदिति को राजनीति विरासत में अपने पिता स्वर्गीय अखिलेश सिंह से मिली जो कद्दावर नेता माने जाते थे। वे रायबरेली से एक बार कांग्रेस और पांच बार निर्दलीय विधायक रहे।

# जाट समाज नहीं भूलेगा अपना अपमान

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



## ● तुष्टीकरण की राजनीति कर रही सपा-रालोद का असली चेहरा फिर आया सामने

**केंद्रीय** मंत्री डॉ संजीव बालियान ने राष्ट्रीय लोक दल पर बड़ा हमला किया है। उन्होंने कहा कि रालोद मुखिया और उनकी पत्नी के ट्विट इस बात के गवाह हैं कि चुनाव के पहले ही उन्हें हार दिखने लगी है और चुनाव में उन्हें हिंदू-मुसलिम की याद आ रही है। तुष्टीकरण की राजनीति कर रही समाजवादी पार्टी और रालोद का असली चेहरा फिर सबके सामने आ गया है। जाट समाज कभी अपने अपमान को नहीं भूलेगा। शायद इसी लिए उनका जगह-जगह इनका विरोध हो रहा है। डॉ बालियान ने पत्रकारों से गुरुवार को बातचीत में कहा कि पश्चिमी यूपी में कल नामांकन का आखिरी दिन है और जाट समाज की अनदेखी पर सपा-रालोद गठबंधन के घोषित उम्मीदवारों का विरोध तेज हो गया है। चुनाव से पहले ही इनके प्रत्याशियों को जनता ने नकार दिया है। जिस कारण रालोद मुखिया को समझ नहीं आ रहा है कि क्या करें और क्या न करें। अपनी खीझ वह जाट समाज के नेताओं पर निकाल रहे हैं। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव में हार और प्रत्याशियों के विरोध को देखते हुए रालोद बैकफुट पर आ गया है।

# समाजवादी पेंशन समेत अन्य घोटाले को नहीं भूली है जनता

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रदेश** सरकार के प्रवक्ता और कैबिनेट मंत्री सिद्धार्थनाथ सिंह ने गुरुवार को जारी एक बयान में कहा कि अपने कार्यकाल में पांच साल यूपी को लूट और घोटालों से बर्बाद कर देने वाले अखिलेश यादव एक बार फिर उन्हीं योजनाओं को लाने का वादा कर रहे हैं जिनकी आड़ में उन्होंने भ्रष्टाचार का पोषण और संरक्षण देकर अपनी और अपने चहेतों की तिजोरी भरी। अखिलेश जी जनता को बरगलाने निकले ही हैं तो जरा योजनाओं में हुई घोटाले की भारी भरकम धनराशि भी जनता को बता दीजिए। श्री सिंह ने सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की तरफसे कैशलेश इलाज के चुनावी वादे पर तंज कसते हुए कहा कि सत्ता में रहने के दौरान 2000 करोड़ रुपये के एम्बुलेंस घोटाले को जनता अब तक भूली नहीं है। मरीजों की जिंदगी से खिलवाड़ करने वाली सपा के नए कोरे वादों में भी जनता को भ्रष्टाचार की ही बू आ रही है। युवाओं को बेरोजगारी भत्ता के नाम पर 20 करोड़ रुपये का नाश्ता पानी भी अखिलेश यादव सरकार की ही कारस्तानी रही है। श्री सिंह ने अखिलेश यादव के पेंशन आदि को लेकर किए गए चुनावी वादों पर हमला बोलते हुए कहा कि जनता अब फिर घोटालेबाज पार्टी को मौका नहीं देने वाली। अखिलेश भले ही अपने किए घोटालों पर पर्दा डालने की कोशिश करें लेकिन जनता को एक-एक घोटाले के बारे में जानकारी है। 10.80 अरब रुपये के समाजवादी पेंशन घोटाले ने समाजवादी पार्टी की भ्रष्टाचार की संस्कृति को आगे बढ़ाया। 1173 करोड़ रुपये के लैपटॉप घोटाले, 1500 करोड़ रुपये के गोमती रिवर फ्रंट घोटाले व 550 करोड़ रुपये के जेपीएनआईसी घोटाले ने अखिलेश को भ्रष्टाचार का रहनुमा साबित किया। उन्होंने कहा कि यही नही अखिलेश सरकार ने नई पेंशन स्कीम का दस हज़ार करोड़ रुपया जमा नही किया था। यह वह राशि है जो सरकार का योगदान होता है लेकिन सपा सरकार ने जमा ही नही किया था। योगी सरकार अगर यह न जमा करती तो आम जनता पेंशन योजनाओं से वंचित रह जाती। अखिलेश यादव ने पेंशन, कैशलेस इलाज आदि से जुड़ी जो भी चुनावी वादे किए हैं, उनके पीछे उनकी मंशा मोटी मलाई काटने की है।

# अखिलेश की माफियापरस्ती का करारा जवाब देने को जनता तैयार: केशव

## ● पांच साल तक केवल अपराधियों-भ्रष्टाचारियों का गिरोह तैयार करते रहे अखिलेश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सपा** की ओर से पुरानी पेंशन बहाली के वादे पर पलटवार करते हुए यूपी के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि अखिलेश यादव की माफियापरस्ती और झूठे वादों का जनता करारा जवाब देने को तैयार बैठी है। उन्होंने सपा मुखिया को चुनौती देते हुए कहा कि भ्रष्टाचारियों और आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों को सत्त में आने का न्योता देने वाली सपा विधानसभा चुनावों में 27 सीटों को तरस जाएगी।

केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि चुनाव के वक्त माफियाओं और अपराधियों का गिरोह तैयार करने के बजाय अखलेश यादव अगर 5 साल जनता के बीच जाते और उनके सुख-दुख में शामिल होते। तो उन्हें धरातल की जानकारी होती। भाजपा सरकार में हुए विकास कार्य उनकी जुबान पर होते। रोजगार, व्यापार, स्वास्थ्य, किसानों के विकास के साथ पिछड़ों व गरीबों के हित में चल रही योजनाओं की उन्हें जानकारी होती। वो तो पांच साल तक केवल अपराधियों और भ्रष्टाचारियों की लिस्ट ही तैयार करते रह गये। मौर्य ने कहा कि सत्ता में रहते हुए भ्रष्टाचार, गुण्डागर्दी और तुष्टीकरण की पौध लगाने वाले अखिलेश यादव ने मां भारती का विरोध करने वालों को चुनाव में उतारकर अपने कुत्सित इरादों को फिर जाहिर कर दिया है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि यूपी की जनता ने उन्हें पिछली बार 47 सीटों पर समेटा था इस बार अखिलेश के गिरोह को 27 का आंकड़ा भी पार करना मुश्किल होगा। अखिलेश यादव के नेतृत्व वाली पार्टी में आपराधिक पृष्ठभूमि वाले उम्मीदवारों की लंबी लिस्ट है। उन्होंने कहा कि जिस तरह के पेशेवर अपराधियों और माफिआओं को सपा ने अपनी सूची में टिकट दिये हैंए वो राज्य की जनता देख रही है। भाजपा ने जहां विकास, सुशासन और राष्ट्रवाद को चुनाव के लिए एजेंडा के रूप में प्राथमिकता दी है। वहीं समाजवाद का डंका पीटने वाली सपा में वंशवाद और पारिवारिक राजनीति को हमेशा बढ़ावा दिया है। जनता से ज्यादा केवल और केवल अपने परिवार के लिए सोचा है।

## कार्यकर्ताओं व मेरे बीच किसी प्रकार की नहीं होगी दीवार

**लखनऊ।** सिराथू विधानसभा से प्रत्याशी बनाए जाने के बाद गुरूवार को डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने पार्टी पदाधिकारियों, बूथ अध्यक्षों, शक्ति केंद्र संयोजकों और वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के साथ वर्चुअल माध्यम से संवाद किया। इस दौरान वर्चुअल बैठक में उन्होंने कहा कि मेरी राजनीतिक यात्रा 2012 से सिराथू विधानसभा से ही प्रारंभ हुई थी आप सभी के आशीर्वाद से ही आज मैं इस बड़े दायित्व का भी निर्वाह कर रहा हूं। केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि सिराथू विधानसभा के कार्यकर्ता खुद को प्रत्याशी समझकर अपना दायित्व निभाएं। इस दौरान उन्होंने सभी को आश्वासन दिया कि उनके और कार्यकर्ताओं के बीच किसी भी प्रकार की दीवार नहीं होगी। किसी भी तरह की समस्या होने पर वह सीधे संपर्क कर



सकेंगे। सिराथू विधानसभा के लिए सदैव एक ऑफिस और फोन नंबर समर्पित रहेगा। गौरतलब है कि केशव प्रसाद मौर्य 2012 में पहली बार सिराथू से ही भाजपा के विधायक चुने गए थे और उन्होंने सपा प्रत्याशी वाचस्पति को 26000 वोटों के अंतर से हराया था। वह उस वक्त प्रयागराज मंडल से भाजपा के इकलौते विधायक चुने गए थे। हालांकि डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य के सिराथू से चुनाव लड़ने के ऐलान के बाद यह हॉट सीट हो गई है। इस सीट पर अभी सपा और बसपा ने अपने प्रत्याशियों की घोषणा नहीं की है। माना जा रहा है कि मौर्य के कद और जातीय समीकरण के हिसाब से सपा और बसपा को इस सीट से प्रत्याशी उतारने में काफी मशक्कत करनी पड़ेगी। सिराथू विधानसभा सीट पर अगर जातीय समीकरण की बात करें तो यह भाजपा के लिए बेहद अनुकूल सीट मानी जा रही है। इस सीट पर अनुसूचित जाति वर्ग के मतदाता सर्वाधिक हैं जबकि दूसरे नंबर पर पिछड़े वर्ग के मतदाता हैं। इस सीट पर हार-जीत का फैसला अनुसूचित जाति वर्ग के मतदाताओं के हाथ में रहता है। सिराथू में मौजूदा समय में 365153 मतदाता हैं।

# छुट्टा जानवरों के चलते किसानों की परेशानी किसी से छिपी नहीं

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रदेश** कांग्रेस अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने प्रदेश में गायों की दुर्दशा और उनके नाम पर हो रही राजनीति को लेकर योगी सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि भाजपा राज में गायों की दुर्दशा और छुट्टा जानवरों के चलते किसानों को हो रही परेशानी किसी से छिपी नहीं है लेकिन योगी सरकार इसका समाधान करने के बजाय अपनी नीतियों से लोगों की परेशानियों को और बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि मीडिया में लगातार प्रदेश की गौशालाओं में गायों के मरने की खबरें आती हैं। झांसी की घुघुआ गौशाला में पिछले 10 दिन में लगभग 20 से अधिक गायें भूख और ठंड से मर चुकी हैं। रोज 2 से 3 गायें मर रही हैं। ज़िंदा गायों की हालत भी कुछ अच्छी नहीं है। इसी तरह से कानपुर, जालौन, झांसी, ललितपुर, महोबा, बांदा, चित्रकूट में बड़ी संख्या में ठंड से गौशालाओं में गायों के मरने की ख़बर है। कड़ाके की ठंड में प्रदेश की गौशालाओं में गायें खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर हैं। गौशालाओं में गायों के रहने के लिए टीन शेड जरूर लगे हैं लेकिन गायों की संख्या के मुकाबले वे अपर्याप्त हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की खराब नीतियों के चलते गांव-गांव में किसान परेशान हैं। गौशाला के नाम पर करोड़ों रुपये का भ्रष्टाचार हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में 4.5 लाख छुट्टा पशु सड़कों पर हैं, जिनकी देखभाल कोई नहीं कर रहा है। इससे पहले भी प्रदेश के अनेक हिस्सों से समय-समय पर गोशालाओं में रखरखाव में कमी और पशुओं के बीमार होने और मरने की खबरें आती रही हैं। बांदा, उन्नाव, अमेठी, हमीरपुर, कन्नौज जैसे उनके जिलों में पशु शेड न होने, पशुओं के भीगने यहां तक कि पशुओं को जिंदा दफनाने तक की घटनाएं सामने आती रही हैं लेकिन कोरे वादों और जांच के झांसे के अलावा सरकार ने न तो कहीं कोई ठोस कदम उठाया और न ही जिम्मेदारों पर कार्रवाई की गई।

# सपा बलात्कारियों को मंत्री बनाती थी, हम भेजते हैं जेल: पाठक

## ● सपा सरकार ने किया बहन-बेटियों का अपमान

## ● भाजपा राज में गरीब, महिला सब खुश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ





**प्रदेश** के कानून मंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता ब्रजेश पाठक ने गुरुवार को भाजपा मुख्यालय पर हुई प्रेसवार्ता में कहा कि भाजपा सरकार ने महिलाओं, बहन, बेटियों को स्वाभिमान, सम्मान और स्वावलंबन देने का काम किया है। उनके खिलाफ अत्याचार करने वालों को सरकार ने कड़ी से कड़ी सजा दिलाने का काम किया है। इसके उलट सपा ऐसे लोगों को सम्मानित करने का काम करती थी। उन्हें कैबिनेट की कुर्सी देकर उपकृत करने का काम करती रही है। उन्होंने कहा कि सपा की पहली लिस्ट से साफ है कि इन्होंने गुंडों, दंगाइयों, बलवाइयों को टिकट देकर साबित कर दिया है कि ये सभ्य समाज के लिए खतरा हैं। इन्होंने ऐसे लोगों को टिकट दिया है जो बहन-बेटियों पर अत्याचार करने वालों, उनका उत्पीड़न करने वालों का समर्थन करने वाले हैं। उन्होंने कहा कि सपा की पहली सूची गुंडे माफिया और आतंकवादियों के नाम से भरी हुई है। इस पहली सूची से यह संदेश साफ है कि सपा गुंडे, माफियाओं और आतंकवादियों की पालनहार रही है। अपने कार्यकाल में महिला और बेटियों का अपमान करने वाली सपा में उस समय कैबिनेट मिनिस्टर रहे आजम खान के उस बयान को जनता कभी नहीं भूलेगी, जब उन्होंने एक रेप पीड़िता से कहा शोहरत देगी तो दुनिया को चेहरा कैसे दिखाएगी। यह सपा का असली चेहरा और नजरिया है। उन्होंने साल 2017 के उस मामले को याद दिलाते हुए कहा कि सपा क्या प्रदेश की महिला और बेटियों की सुरक्षा करेगी उनके कार्यकाल में मुख्यमंत्री की पत्नी से एक कार्यक्रम में सपा के गुंडों ने अभद्र व्यवहार किया था।

### सपा सरकार में हुआ बेटियों और महिलाओं का अपमान

उन्होंने कहा कि सपा सरकार में बेटी और महिलाओं का अपमान हुआ, बलात्कार व छेड़खानी के मामले तेजी से बढ़े थे। जब से उत्तर प्रदेश में बीजेपी की सरकार बनी तब से आज तक मिशन शक्ति अभियान, पिंक बूथ, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, कन्या सुमंगला योजना, स्वयं सहायता समूह, पुलिस भर्ती में 20 प्रतिशत सीट महिलाओं के लिए आरक्षित करना यह सभी कार्य बीजेपी ने उत्तर प्रदेश में किए जिससे सीधा लाभ महिलाओं को मिला है। सपा कार्यकाल में बहू-बेटियां सड़क पर देर रात निकलने से सहम जाती थी। रेप पीड़िता को सालों साल न्याय के लिए कोर्ट कचहरी के चक्कर लगाने पड़ते थे पर योगी सरकार ने 15000 से अधिक ऐसे मनचलों पर कार्यवाही की जिन्होंने महिलाओं का शोषण किया। उन्होंने कहा हमारी सरकार ने नाबालिग से गैंगरेप करने वाले खनन घोटाला मंत्री को भी तगड़ी सजा दी है जो आजीवन कारावास काट रहे हैं। बृजेश पाठक ने प्रदेश सरकार के पिछले 5 सालों के कामों को गिनाते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाने का काम किया है। पिछले 5 सालों में प्रदेश में गुंडागर्दी पर अंकुश लगा है। बेटियों और महिलाओं की सुरक्षा हमारी सरकार की प्राथमिकता रही है।

# न्याय के लिए संघर्ष करने वाली आवाजों को फिर मिली जगह

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कांग्रेस** महासचिव व यूपी प्रभारी प्रियंका गांधी ने दूसरी सूची में भी 40 फीसदी महिलाओं को टिकट देकर जहां अपना वादा पूरा किया है वहीं न्याय के लिए संघर्ष करने वाली आवाजों को फिर से जगह दी है। असमानता और अन्याय के खिलाफ लड़ रही महिलाओं, युवाओं को प्रमुखता से उम्मीदवार बनाया गया है। वाल्मीकि समाज के अधिकारों के लिए लड़ने वाले सिकंदर वाल्मीकि को कांग्रेस ने आगरा कैंट सीट पर प्रत्याशी बनाया है। सिकंदर वाल्मीकि ने वाल्मीकि समाज पर भाजपा सरकार के अत्याचार के ख़िलाफ़ लगातार संघर्ष किया। वे जल निगम में सरकारी कर्मचारी थे लेकिन अपने समाज के अधिकारों की लड़ाई के लिए उन्होंने अपनी नौकरी छोड़ दी। नौकरी करते समय जब उन्होंने हाथरस की बलात्कार पीड़िता के न्याय के लिए कैंडल मार्च निकाला था, तब उनको सस्पेंड कर दिया गया था। विगत दिनों आगरा में जेल के अंदर अरुण वाल्मीकि नाम के 31 साल के युवक की मौत हो गई थी। इसके बाद कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी अरुण वाल्मीकि के परिजनों से मिलने उनके घर गई थीं। उन्होंने परिजनों को सांत्वना दी थी साथ ही पार्टी की तरफसे अरुण बाल्मीकि के परिवार को 30 लाख रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की गई थी। कांग्रेस पार्टी के प्रवक्ता स्व. राजीव त्यागी की पत्नी संगीता त्यागी को पार्टी ने साहिबाबाद सीट से उम्मीदवार बनाया है। राजीव त्यागी की एक लाइव टीवी डिबेट के दौरान हार्ट अटैक से मृत्यु हो गई थी। संगीता त्यागी ने टीवी चैनलों में नफ़रत के तत्वों से भरी बहस को इसका ज़िम्मेदार बताया था और वे टीवी चैनलों में हेट स्पीच को रोकने के लिए सुप्रीम कोर्ट भी गई थीं। किसान आंदोलन में सक्रिय रही पूनम पंडित स्याना से कांग्रेस की उम्मीदवार बनाई गईं हैं। 25 वर्षीय पूनम पंडित राष्ट्रीय स्तर की शूटिंग खिलाड़ी रह चुकी हैं। बरेली की नवाबगंज सीट से कांग्रेस पार्टी ने उषा गंगवार को अपना उम्मीदवार बनाया है। वह कई बार जिला पंचायत की अध्यक्ष रह चुकी हैं। बड़ोत से राहुल कश्यप कांग्रेस के उम्मीदवार होंगे।

### उम्मीदवारों की औसत उम्र 46 वर्ष

इन 41 विधानसभा सीटों के उम्मीदवारों की औसत उम्र 46 वर्ष है। इस सूची में महिलाओं की एवरेज उम्र 42 वर्ष और पुरुषों की उम्र 49 वर्ष है। इस सूची में 12 सामान्य वर्ग के, 9 मुस्लिम, 12 ओबीसी, 7 अनुसूचित जाति और 1 सिख उम्मीदवार शामिल हैं। सूची में सामान्य वर्ग 12 उम्मीदवारों में 9 ब्राह्मण और 3 राजपूत शामिल हैंए वहीं ओबीसी के 12 उम्मीदवारों में 1 बनिया, 1 गुर्जर, 5 जाट, 2 कश्यप समेत 1 कुर्मी, 1 प्रजापति व 1 सैनी शामिल हैं। वहीं अनुसूचित जाति से 1 धनगर, 1 धोबी, 2 जाटव, 1 खटिक समेत 2 वाल्मीकि समाज के उम्मीदवार शामिल हैं।

**अखिलेश यादव का बड़ा ऐलान**

# सपा की सरकार बनी तो कर्मचारियों के लिए लागू होगी पुरानी पेंशन व्यवस्था

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

## ● कैशलेस इलाज की सुविधा और यश भारती सम्मान दोबारा शुरू करने का भी किया वादा

**सपा** अध्यक्ष अखिलेश यादव ने एक बड़ा ऐलान करते हुए कहा है कि अगर यूपी में सपा की सरकार बनी तो पुरानी पेंशन 2005 के पहले की व्यवस्था के तहत लागू की जाएगी। सपा इसे अपने घोषणा पत्र में शामिल करेगी। आर्थिक मंथन के बाद पुरानी पेंशन बहाल करने का फैसला किया गया है। इसके साथ ही अखिलेश ने कर्मचारियों के लिए कैशलेस इलाज की सुविधा और यश भारती सम्मान दोबारा शुरू करने का भी ऐलान किया। अखिलेश ने कहा कि तृतीय और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को उनके घर के पास तैनाती दी जाएगी। यश भारती के साथ ही नगर भारती सम्मान की भी शुरुआत की जाएगी। नगर भारती सम्मान समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को दिया जाएगा। कर्मचारियों की सुविधा के लिए अन्य व्यवस्थाएं भी की जाएंगी।

पार्टी मुख्यालय में मीडिया से वार्ता करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा ने कर्मचारियों और शिक्षकों की पुरानी पेंशन को खत्म कर दिया। सपा की सरकार बनने पर हम इसे पुन: बहाल करेंगे। लम्बी सेवा के बाद सेवानिवृत्त होने वालों के जीवन निर्वाह के लिए पुन: पुरानी सामाजिक सुरक्षा पेंशन दिया जाना उचित है। भाजपा ने राज्य कर्मचारियों, शिक्षकों के साथ धोखा किया। पेंशन बहाली से 13.37 लाख लोग लाभाविन्त होंगे। राज्य कर्मचारियों और अटेवा संगठन की इस सम्बंध में पुरानी मांग रही है। कर्मचारियों के इलाज के लिए कैशलेस स्कीम को लागू किया जाएगा। यादव ने वित्तविहीन शिक्षकों को सम्मानजनक मानदेय देने की व्यवस्था करने का भी आश्वासन





दिया। श्री यादव ने कहा कि बीजेपी कर्मचारी विरोधी है। हर वर्ग को धोखा दिया है। भाजपा सरकार भेदभाव के साथ काम करती रही जबकि सपा की कथनी करनी में कोई अंतर नहीं है। हमने जो भी वादा किया उसको पूरा किया है। आउटसोर्सिंग को लेकर श्री यादव ने कहा कि यह अच्छी प्रथा नहीं है। इसमें शोषण के अलावा कुछ नहीं होता है। भाजपा सरकार ने कर्मचारियों की बात नहीं सुनी। अखिलेश यादव ने कहा कि सपा के घोषणा पत्र में कर्मचारियों, शिक्षकों, आंगनबाड़ी सभी की समस्याओं को शामिल करेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार में रही तो हर चीज बेच देगी। भाजपा एक दिन सरकार को भी आउटसोर्स कर देगी। सपा निजीकरण के खिलाफ है। भाजपा ने निजीकरण के जरिए संविधान और आरक्षण को नुकसान पहुंचाया। अखिलेश यादव ने कहा कि सपा ने अपने साथ व्यापक जनाधार वाले नेताओं और मंत्रियों को जोड़ा है। क्षेत्रीय पार्टियों से गठबंधन किया है। समाजवादी पार्टी लड़ाई जीत गई है। भाजपा हार गई है। समाजवादी पार्टी चुनाव में हर तरह से आगे हैं और हम सरकार बनाने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमने 300 यूनिट घरेलू बिजली मुफ्त देने की घोषणा की है। घबराकर भाजपा ने बिजली का बिल आधा कर दिया। जब बिजली का बिल आधा किया जा सकता था इन्होंने जनता से दुगना बिल क्यों लिया। समाजवादी सरकार के समय 2012 से 2017 के बीच बिजली उत्पादन दुगुना हो गया था। बिजली के लिए ज्यादा बजट दिया गया था। यादव ने कहा कि समाजवादी सरकार ने लगभग 20 लाख छात्र नौजवानों को लैपटॉप दिएए जो आज भी चल रहे हैं। बीजेपी सरकार ने जो टेबलेट दिए हैं उन पर सवाल उठ रहे हैं। यादव ने कहा कि हम घोषणा पत्र में नौजवानों के लिए नौकरी और रोजगार की योजना लाएंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा साजिश और षडयंत्र करके आगे बढ़ना चाहती है। भाजपा सरकार में लाखों लोगों का रोजगार और नौकरी छिन गई। यूपी सरकार के पास किसी भी चीज का आंकड़ा नहीं है। भाजपा आंकड़ों को छुपाती है। कोरोना में कितने लोगों की जान गई सरकार के पास कोई जानकारी नहीं है। कितने लोगों की नौकरी और रोजगार गए भाजपा सरकार नहीं बता सकती। सपा अध्यक्ष ने पार्टी कार्यकर्ताओं से कहा कि समाजवादी पार्टी के नेतृत्व में प्रोग्रेसिव सरकार बनाएं। हम जो भी वादे कर रहे हैं सब पूरे करेंगे। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी वर्चुअल रैली के साथ साथ फिजिकल कैंपेन भी कर रही हैं। हमने अपने कार्यकर्ताओं से कहा है कि वह डोर टू डोर जाकर लोगों को समाजवादी पार्टी की योजनाओं की जानकारी दें और जनता से वोट की अपील करें।

# निर्भया केस की वकील सीमा कुशवाहा बसपा में शामिल

**लखनऊ।** निर्भया केस को बहादुरी से लड़ने वाली एडवोकेट सीमा कुशवाहा गुरुवार को बसपा में शामिल हो गई। बसपा के राष्ट्रीय महासचिव सतीश चंद्र मिश्र की अध्यक्षता में उन्होंने बसपा ज्वाइन कर मायावती को पाँचवी बार मुख्यमंत्री बनाने का संकल्प लिया। सीमा कुशवाहा ने कहा कि वो मजबूर और गरीब पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए फ्री में केस की पैरवी करती हैं। यही काम बीएसपी अध्यक्ष मायावती भी करती आई हैं। बीएसपी शासनकाल में मायावती ने जिस तरह कानून व्यवस्था को दुरुस्त किया था वो एक नजीर बनी है। इसी को लेकर उन्होंने मायावती से प्रभावित होकर पार्टी ज्वॉइन की है। वहीं सतीश चंद्र मिश्रा ने कहा कि उन्हें इस बात की खुशी है कि आज सीमा को बीएसपी में शामिल कराकर पार्टी का सदस्य बनाया है। सीमा ने न ही सिर्फ देश बल्कि विदेश में अपना परचम लहराया है। इन्होंने चार दरिंदों को फांसी की सजा दिलवाई थी। इस दौरान उन्होंने भाजपा पर तंज कसते हुए कहा कि राम मंदिर बनवाने के नाम पर पैसे इकट्ठे किये गये थे लेकिन अभी मंदिर नहीं बना पाए।

# तीसरी लहर में दूसरी की तुलना में कम हुईं मौतें

## केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव ने कोविड-19 को लेकर प्रमुख आंकड़ों की तुलना पेश की

**भाषा**। नई दिल्ली


एक महिला की कोविड टेस्टिंग करता हेल्थ वर्कर

**कोविड**-19 की तीसरी लहर में दूसरी लहर की तुलना में काफी कम मौतें हुई हैं और टीकाकारण की उच्च दर के बाद मामलों में वर्तमान वृद्धि गंभीर बीमारी या मौत का कारण नहीं बन रही है। सरकार ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण ने भारत में दूसरी और तीसरी लहर के दौरान प्रमुख आंकड़ों की तुलना पेश करते हुए कहा कि 30 अप्रैल, 2021 को 3,86,452 नए मामले, 3,059 मौतें और 31,70,228 उपचाराधीन मरीज थे और उस समय पूर्ण टीकाकरण वाले लोगों का अनुपात दो प्रतिशत था।

उन्होंने कहा कि 20 जनवरी, 2022 को 3,17,532 नए मामले, मृतकों की संख्या 380 और 19,24,051 उपचाराधीन मरीज हैं और पूरी तरह से टीकाकरण वाले लोगों का अनुपात 72 प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि यह दर्शाता है कि उपचाराधीन मरीजों की तुलना में मौत के मामले कोविड-19 महामारी की तीसरी लहर में काफी कम रहे है, जबकि टीकाकरण करा चुके लोगों की संख्या दूसरी से तीसरी लहर में काफी बढ़ गई है। भूषण ने कहा कि इसके द्वारा हम आपको बताना चाहते हैं कि टीकाकरण प्रभावी है। पूर्ण टीकाकरण वाले व्यक्तियों में यह बीमारी हल्की और मध्यम स्तर पर रहती है। उन्होंने उन लोगों से टीका लगवाने का आग्रह किया जिन्होंने अभी तक अपनी पहली खुराक नहीं ली है। उन्होंने लोगों से पूर्ण टीकाकरण कराने की भी अपील की।

उन्होंने कहा कि हम बच्चों के आंकड़ों को भी ध्यान में रखते हैं, 2020 में कोविड के कुल मामलों में 0-19 आयु वर्ग के लोगों का 10 प्रतिशत और कुल मौतों में 0.96 प्रतिशत का योगदान था। वर्ष 2021 में कोविड के कुल मामलों में 0-19 आयु वर्ग के लोगों का 11 प्रतिशत और कुल मौतों में 0.70 प्रतिशत का योगदान था। भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के महानिदेशक डॉ बलराम भार्गव ने कहा, भारत में मामलों में मौजूदा वृद्धि होने के बावजूद उच्च टीकाकरण दर के कारण गंभीर बीमारी, मौत होने के मामलों में वृद्धि देखने को नहीं मिल रही है। हालांकि, हमें एक बात याद रखना होगी कि गंभीर बीमारियों से ग्रस्त लोगों को अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना चाहिए।

उन्होंने कहा कि टीकाकरण से मौत का कम खतरा होता है इसलिए टीकाकरण जरूरी है। नीति आयोग के सदस्य (स्वास्थ्य) डॉ वी. के. पॉल ने इस तथ्य की ओर ध्यान आकर्षित किया कि अभी भी लगभग एक करोड़ लोग (60 वर्ष से अधिक आयु वर्ग में) हैं, जिन्होंने अभी तक अपनी पहली खुराक नहीं ली है और 25 प्रतिशत को दूसरी खुराक मिलना बाकी है।

उन्होंने कहा कि 15-17 वर्ष आयु वर्ग में 52 प्रतिशत ने अपनी कोविड टीके की पहली खुराक प्राप्त कर ली है। भूषण ने कहा कि भारत के 94 प्रतिशत वयस्कों को कोविड टीके की पहली खुराक दी जा चुकी है, जबकि 72 प्रतिशत लोगों का पूर्ण टीकाकरण हो चुका है।

उन्होंने कहा कि देशभर में 15-18 वर्ष आयु वर्ग के 52 प्रतिशत किशोरों ने कोविड टीके की अपनी पहली खुराक प्राप्त की है, जिसमें आंध्र प्रदेश 91 प्रतिशत के साथ शीर्ष पर है, इसके बाद हिमाचल प्रदेश 83 प्रतिशत और मध्य प्रदेश 71 प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि 15 से 18 वर्ष के आयु वर्ग के युवाओं ने टीकाकरण अभियान में सक्रिय रूप से भाग लिया है। साथ ही स्वास्थ्य कर्मियों, अग्रिम पंक्ति के कर्मचारियों और 60 वर्ष और उससे अधिक आयु के लोगों को 61.75 लाख एहतियाती खुराक दी गई हैं। महाराष्ट्र, कर्नाटक, तमिलनाडु, केरल, दिल्ली और उत्तर प्रदेश में बढ़ते साप्ताहिक मामले और संक्रमण दर चिंता का कारण रही है।

देश के 11 राज्योंकेंद्र शासित प्रदेशों में कोविड के 50,000 से अधिक उपचाराधीन मरीज हैं और 515 जिलों में साप्ताहिक संक्रमण दर पांच प्रतिशत से अधिक दर्ज की गई। चंडीगढ़, हिमाचल प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश सहित बारह राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की पात्र वयस्क आबादी के 100 प्रतिशत को कोविड टीके की पहली खुराक दी जा चुकी है।

### सामूहिक प्रयासों से कोविड पर काफी हद तक नियंत्रण पाया गयाः बिरला

इंदौर (**मध्यप्रदेश**)। देश में कोविड-19 के खिलाफ जारी टीकाकरण अभियान की सराहना करते हुए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बृहस्पतिवार को कहा कि सरकार और समाज के सामूहिक प्रयासों से महामारी पर काफी हद तक नियंत्रण पा लिया गया है। बिरला ने कहा कि दुनिया के कई मुल्कों में कोविड-19 के कारण काफी लोगों की जान गई है। लेकिन भारत ने केंद्र सरकार, राज्य सरकारों और नागरिक समाज के सामूहिक प्रयासों की बदौलत इस महामारी पर काफी हद तक नियंत्रण प्राप्त कर लिया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में महामारी रोधी टीकों की 160 करोड़ से ज्यादा खुराक दिया जाना बहुत बड़ी उपलब्धि है जिसकी दुनिया के अलग-अलग मुल्कों ने तारीफ की है।

लोकसभा अध्यक्ष ने देश के नागरिकों से अपील की कि वे कोविड-19 से बचाव की तमाम हिदायतें मानें ताकि इस महामारी को पूरी तरह परास्त किया जा सके। निजी यात्रा पर इंदौर आए बिरला ने शहर के पितरेश्वर हनुमान मंदिर में दर्शन किए और पूर्व लोकसभा अध्यक्ष सुमित्रा महाजन के घर जाकर उनसे शिष्टाचार भेंट भी की।

# अब ठाणे पुलिस ने कालीचरण महाराज को किया गिरफ्तार

**महात्मा गांधी पर अपमानजनक टिप्पणी का मामला**

**भाषा**। ठाणे (महाराष्ट्र)

**महाराष्ट्र** के ठाणे शहर की पुलिस ने महात्मा गांधी के खिलाफ कथित रूप से अपमानजनक टिप्पणी को लेकर यहां दर्ज एक मामले में हिंदू धर्मगुरु कालीचरण महाराज को छत्तीसगढ़ से गिरफ्तार कर लिया है।

अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। इससे पहले पिछले साल 26 दिसंबर को छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में आयोजित एक कार्यक्रम में महात्मा गांधी के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणियां करने के आरोप में रायपुर पुलिस ने कालीचरण महाराज को गिरफ्तार किया था। वहीं, 12 जनवरी को महाराष्ट्र के वर्धा की पुलिस ने उन्हें इसी तरह के एक मामले में गिरफ्तार किया था।

नौपाड़ा थाने के एक अधिकारी ने बताया कि राष्ट्रपिता के खिलाफ कथित टिप्पणी को लेकर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) नेता एवं महाराष्ट्र के मंत्री जितेंद्र अव्हाड की शिकायत के आधार पर ? दर्ज मामले में रायपुर से कालीचरण महाराज को गिरफ्तार किया गया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि नौपाड़ा थाने की आठ-सदस्ईय टीम ने रायपुर जाकर कालीचरण महाराज को गिरफ्तार किया।उन्होंने कहा क्योंकि वह वहां एक जेल में बंद हैं, नौपाड़ा पुलिस द्वारा गिरफ्तारी के बाद उन्हें रायपुर की द्वारका अदालत में पेश किया गया।

वहां की अदालत ने आरोपी को एक दिन की ट्रांजिट रिमांड की अनुमति दी। अधिकारी ने कहा नौपाड़ा पुलिस की टीम आज शाम उन्हें लेकर ठाणे शहर पहुंचेगी और शुक्रवार को उन्हें अदालत में पेश किया जाएगा।

अगर यहां की अदालत उन्हें न्यायिक हिरासत में भेजती है तो पुलिस टीम उन्हें फिर से रायपुर ले जाएगी। कालीचरण महाराज को रायपुर पुलिस ने राष्ट्रपिता के खिलाफ उनकी कथित अपमानजनक टिप्पणियों के लिए गिरफ्तार किया था। इससे पहले पुणे पुलिस ने भी 19 दिसंबर 2021 को वहां आयोजित शिव प्रताप दिन कार्यक्रम में कथित रूप से भड़काऊ भाषण के मामले में कालीचरण महाराज को गिरफ्तार किया था।


पटना में कोविड-19 के बढ़ते मामलों के बीच सोशल डिस्टेंसिंग को भूली रेलवे स्टेशन पर उमड़ी भीड़

# ओडिशा से एमबीए डिग्रीधारी युवक गिरफ्तार

**बुल्ली बाई ऐप मामला**

**भाषा**। मुंबई

**मुंबई** अपराध शाखा की साइबर पुलिस ने बुल्ली बाई ऐप मामले में बृहस्पतिवार को ओडिशा से एक युवक को गिरफ्तार किया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। इस ऐप पर मुस्लिम महिलाओं की तस्वीरें नीलामी के लिए डालकर उन्हें निशाना बनाया जाता था। अधिकारी ने बताया कि आरोपी की पहचान 28 वर्षीय नीरज सिंह के रूप में की गई है, जो एमबीए डिग्री धारी है। पुलिस के अनुसार नीरज ने मुख्य आरोपी के साथ मिलकर ऐप के निर्माण की योजना बनाई थी। अधिकारी ने कहा कि नीरज की भूमिका इस मामले में पहले गिरफ्तार किए गए आरोपियों से पूछताछ में सामने आई। पूछताछ के बाद साइबर थाने की एक टीम उसकी गिरफ्तारी के लिए ओडिशा भेजी गई थी। उन्होंने बताया कि नीरज को मुंबई लाया जा रहा है, जहां उसे एक अदालत में पेश किया जाएगा।

नीरज की गिरफ्तारी के साथ मुंबई पुलिस बुल्ली बाई ऐप मामले में अब तक कुल चार आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है।

उससे पहले, श्वेता सिंह (18) और मयंक रावल (21) को उत्तराखंड से, जबकि इंजीनियरिंग छात्र विशाल कुमार झा (21) को बेंगलुरु से गिरफ्तार किया गया था। बुल्ली बाई ऐप मामले के मुख्य साजिशकर्ताओं में कथित तौर पर शामिल नीरज बिश्नोई को दिल्ली पुलिस ने असम से गिरफ्तार किया था। ओपन सोर्स सॉफ्टवेयर प्लेटफॉर्म गिटहब पर मौजूद बुल्ली बाई ऐप पर सैकड़ों मुस्लिम महिलाओं की तस्वीरों से छेड़छाड़ कर उन्हें नीलामी के लिए डालने की शिकायतें सामने आने के बाद मुंबई पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी।

### अदालत का तीन आरोपियों को जमानत देने से इनकार

**मुंबई**। मुंबई की एक अदालत ने बुली बाई ऐप से जुड़े एक मामले में गिरफ्तार तीन छात्रों की जमानत याचिकाओं को बृहस्पतिवार को खारिज कर दिया। इस ऐप में मुस्लिम महिलाओं की तस्वीरें डालकर उन्हें निशाना बनाया गया था। तीन आरोपियों में विशाल कुमार झा, श्वेता सिंह और मयंक रावत शामिल हैं। मुंबई पुलिस के साइबर प्रकोष्ठ ने सिंह (18) और रावत (21) को पांच जनवरी को उत्तराखंड से गिरफ्तार किया था जबकि झा को चार जनवरी को बेंगलुरु से गिरफ्तार किया गया था। उपनगरीय बांद्रा में एक मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट ने आरोपियों को जमानत देने से इनकार कर दिया था। अदालत का विस्तृत आदेश अभी प्राप्त नहीं हो सका है। इससे पहले पुलिस ने उनकी जमानत का विरोध करते हुए दावा किया था कि आरोपियों ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट के लिए सिख समुदाय से संबंधित नामों का इस्तेमाल समाज में शांति भंग करने और धार्मिक समूहों के बीच दुश्मनी पैदा करने के इरादे से किया है।

# एनपीपी के वरिष्ठ नेता को हत्या के मामले में उम्रकैद की सजा

**● शराब के नशे में युवक की हत्या करने का मामला**

**भाषा**। शिलांग

मेघालय में सत्तारूढ़ नेशनल पीपुल्स पार्टी (एनपीपी) के एक वरिष्ठ नेता को वेस्ट जयंतिया हिल्स जिले की एक अदालत ने शराब के नशे में 25 वर्षीय व्यक्ति की हत्या के जुर्म में उम्रकैद की सजा सुनाई है।

जिला सत्र न्यायाधीश बी खीम ने जयंतिया हिल्स क्षेत्र के एनपीपी के कार्यकारी अध्यक्ष निदामोन चुलेट को भारतीय दंड संहिता की धारा 302 (हत्या) के तहत दोषी ठहराया और बुधवार को उन्हें आजीवन कारावास की सजा सुनाई। अदालत ने चुलेट पर 50 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया। चुलेट के सहयोगी कोमिंग राबोन को शव को ठिकाने लगाने के अपराध में आईपीसी की धारा 201 (अपराध के सबूत मिटाने) के तहत दोषी ठहराया गया। उन्हें सात साल जेल की सजा सुनाई गई, साथ ही उन पर 10,000 रुपए का जुर्माना भी लगाया गया था। चुलेट को मुख्यमंत्री कोनराड के संगमा का करीबी माना जाता है। चुलेट और एक अन्य आरोपी, जिनकी 2019 में मुकदमे के दौरान मृत्यु हो गई, ने जोवाई में एक दुकान पर ताश खेलने के दौरान इवानमिडू लुइद से विवाद के बाद शराब के नशे में उस पर दाव (पारंपरिक तलवार) से हमला किया था। घटना फरवरी 2008 की है। अभियोजन के अनुसार बाद में राबोन ने शव को ठिकाने लगा दिया। न्यायाधीश खीम ने पुलिस द्वारा की गई बेकार जांच को ध्यान में रखते हुए मामले को संदेह से परे उचित साबित करने के लिए अभियोजन पक्ष की सराहना की।

पूर्वी मेघालय में परिवहन संस्था के अध्यक्ष चुलेट पर राज्य में एनपीपी के सत्ता में आने के कुछ महीनों बाद नवंबर 2018 में सामाजिक कार्यकर्ताओं एग्नेस खार्शिंग और अमिता संगमा से मारपीट करने का भी आरोप है। कार्यकर्ता जयंतिया हिल्स क्षेत्र में अवैध कोयला खनन और उनके परिवहन को उजागर करने की कोशिश कर रहे थे। एनपीपी ने पहले चुलेट का बचाव करते हुए कहा था कि जब तक वह दोषी साबित नहीं हो जाते तब तक उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जा सकती है। हालांकि फैसला आने के बाद पार्टी ने अब तक कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है।

### उत्तराखंड और पंजाब में कांग्रेस की सरकार बनेगीः पायलट

**जयपुर (भाषा)**। राजस्थान के पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि उत्तराखंड और पंजाब में आगामी विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की सरकार बनेगी जबकि उत्तर प्रदेश में मतदाताओं के लिए कांग्रेस एक बेहतर विकल्प के रूप में सामने आ रही है। उत्तर प्रदेश का दौरा कर लौटे पायलट ने बृहस्पतिवार को टोंक में संवाददाताओं से बातचीत में कहा, उत्तराखंड और पंजाब में हम सरकार बनाएंगे। उत्तर प्रदेश में लोग बदलाव चाहते है और कांग्रेस एक बेहतर विकल्प बनकर सामने आ रही है। उन्होंने उत्तर प्रदेश में भाजपा सरकार के कार्यकाल में किसानों के उत्पीड़न, महिलाओं के शोषण का आरोप लगाते हुए कहा, उत्तर प्रदेश के हर जिले में जिस प्रकार से पुलिस और प्रशासन ने कानून के दायरे के बाहर जाकर काम किया है लोगों में आतंक फैलाया है।

# श्रीलंकाई नौसैनिकों ने हमला कर तमिलनाडु के मछुआरों की नाव डुबाई

**भाषा**। रामेश्वरम (**तमिलनाडु**)

**श्रीलंका** के नौसेना कर्मियों ने द्विपीय देश की जल सीमा के पास मछली पकड़ रहे भारतीय मछुआरों के एक समूह पर कथित तौर पर हमला किया। मत्स्यपालन विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि कच्चातिवु में श्रीलंकाई नौसेना के जहाज से हुई टक्कर में भारतीय मछुआरों की एक नाव डूब गई। इससे नाव में सवार कम से कम सात मछुआरे समुद्र में गिर गए।

अधिकारी के मुताबिक, श्रीलंकाई नौसैनिकों ने भारतीय मछुआरों के जाल काट दिए और उनका पीछा भी किया। अधिकारी ने आरोप लगाया कि श्रीलंकाई नौसैनिकों ने जहाज की टक्कर से समुद्र में गिरे मछुआरों को बचाने की कोशिश तक नहीं की। अखिल यांत्रिक नौका मछुआरा संघ से जुड़े एक मछुआरे ने कहा, नाव डुबोने के बाद श्रीलंकाई नौसैनिकों ने उस पर सवार मछुआरों को पानी से बाहर निकालने में कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई। उन्होंने न सिर्फ हमारे जाल काट दिए, बल्कि काफी दूर तक पीछा भी किया।

मत्स्यपालन विभाग ने बताया कि मछुआरों का एक समूह बुधवार शाम रामेश्वरम से 569 ट्रॉलर (जालदार जहाज) पर सवार होकर मछली पकड़ने के लिए निकला था। हालांकि, श्रीलंकाई नौसेना की ओर से खदेड़े जाने के बाद समूह बृहस्पतिवार तड़के रामेश्वरम लौट आया और मत्स्यपालन विभाग से घटना की शिकायत की।

रामनाथपुरम के सांसद के नवल कणि ने केंद्र से तमिलनाडु के मछुआरों पर हमले का मुद्दा श्रीलंका सरकार के सामने उठाने की मांग की। उन्होंने मछुआरों को हुए नुकसान की भरपाई करने को भी कहा।

# भाजपा ने पोंगल उपहारों की खरीद में एक हजार करोड़ रुपए के भ्रष्टाचार का आरोप लगाया

**भाषा**। कोयंबटूर (**तमिलनाडु**)

**भारतीय** जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता एच. राजा ने तमिलनाडु में राशन कार्डधारकों के बीच वितरण के लिए पोंगल उपहारों (गिफ्ट हैम्पर्स) की खरीद में 1,000 करोड़ रुपए के भ्रष्टाचार का बृहस्पतिवार को आरोप लगाया। राजा ने यहां संवाददाताओं से कहा कि सरकार द्वारा 1,800 करोड़ रुपए की खरीद के दावे के विपरीत वितरित वस्तुओं के मानक को ध्यान में रखते हुए 1,000 करोड़ रुपए का भ्रष्टाचार किया गया।

यहां एक मंदिर में एक कार्यक्रम में शामिल होने आए राजा ने कहा कि द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) ने विपक्ष में रहते हुए लोगों के बीच वितरण के लिए 5,000 रुपए की मांग की थी, जब पिछली अन्नाद्रमुक सरकार ने पोंगल उपहार के रूप में 2,500 रुपए दिए थे। उन्होंने आरोप लगाया कि द्रमुक ने अब लोगों को केवल घटिया सामान दिया है। उन्होंने कहा कि जनता सत्ताधारी पार्टी को आगामी नगर निकाय चुनाव में उन्हें धोखा देने के लिए करारा जवाब देगी।

गणतंत्र दिवस की झांकी पर उन्होंने कहा कि जब 2006 से केंद्र में द्रमुक-कांग्रेस सरकार सत्ता में थी, तब तमिलनाडु की झांकियों को केवल दो साल के लिए अनुमति दी गई थी और द्रमुक इस मुद्दे पर नाटक कर रही है।

उन्होंने कहा कि झांकियों के चयन में सरकार की कोई भूमिका नहीं है। उन्होंने कहा कि यहां तक कि भाजपा शासित राज्य उत्तर प्रदेश को भी सूची में जगह नहीं मिली है।

# आय से अधिक सम्पत्ति के मामले में अन्नाद्रमुक नेता अंबालागन से जुड़े 58 परिसरों पर छापे

**भाषा**। चेन्नई

**सतर्कता** एवं भ्रष्टाचार रोधी निदेशालय (डीवीएसी) ने आय से अधिक सम्पत्ति के मामले में बृहस्पतिवार को तमिलनाडु और तेलंगाना में अन्नाद्रमुक नेता एवं पूर्व मंत्री के.पी. अंबालगन के कई परिसरों पर छापे मारे। अंबालगन राज्य में पिछली अन्नाद्रमुक सरकार में उच्च शिक्षा मंत्री थे।

डीवीएसी की धर्मपुरी इकाई ने पूर्व मंत्री और उनके परिवार के चार करीबी सदस्यों के खिलाफ आय से अधिक सम्पत्ति का मामला दर्ज किया तथा अधिकारियों ने तेलंगाना के अलावा धर्मपुरी, सलेम और चेन्नई में उनके 58 ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की। अधिकारियों ने छापे के दौरान ठोस दस्तावेजों के अलावा करीब 6.637 किलोग्राम स्वर्णाभूषण, करीब 13.85 किलोग्राम चांदी और बिना हिसाब-किताब के 2,65,31,650 रुपए नकद और बैंक लॉकर की चाबी जब्त की गई। मामले में आगे जांच जारी है।

डीवीएसी द्वारा ऑल इण्डिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) के छठे पूर्व मंत्री के ठिकानों पर छापेमारी की गई है।

डीवीएसी के पुलिस उपाधीक्षक द्वारा भ्रष्टाचार रोकथाम अधिनियम, 1988 की विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज प्राथमिकी में पूर्व मंत्री अंबालगन का नाम शामिल है। उन पर भ्रष्ट गतिविधियों में संलिप्त रहने का आरोप लगाया गया है। यह मामला, 2016 से 2021 के बीच का है जब वह मंत्री थे।

### मोबाइल ऐप के जरिए 84 करोड़ की ठगी करने वाले को ईडी ने किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली**। प्रवर्तन निदेशालय ने बृहस्पतिवार को कहा कि एजेंसी ने चीन से संबंध रखने वाले एक भारतीय व्यक्ति को गिरफ्तार किया है जिस पर फर्जी मोबाइल ऐप के जरिए निवेशकों से 84 करोड़ रुपए की ठगी करने का आरोप है।

ईडी ने कहा कि कुछ समय पहले चेन्नई पुलिस की अपराध शाखा सीआईडी द्वारा गिरफ्तार किए जाने के बाद अनस अहमद को चेन्नई स्थित पुझल केंद्रीय कारागार में न्यायिक हिरासत में रखा गया था। एजेंसी की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि बेंगलुरु की विशेष धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) अदालत ने बृहस्पतिवार को अहमद को ईडी की छह दिन की हिरासत में भेज दिया था। बयान में कहा गया कि आरोपी ने फर्जी मोबाइल ऐप के जरिए लोगों को निवेश करने को कहा और उन्हें दैनिक या साप्ताहिक आधार पर ब्याज देने का आश्वासन दिया।

# शराब पीना बंद करना लोगों का दायित्वः प्रद्युम्न सिंह

**भाषा**। इंदौर

20 जनवरी (भाषा) मध्यप्रदेश की नई आबकारी नीति के तहत शराब 20 प्रतिशत सस्ती किए जाने के निर्णय को लेकर जारी सियासी खींचतान के बीच राज्य के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बृहस्पतिवार को कहा कि यह आम लोगों का दायित्व है कि वे शराब पीना बंद कर दें।

राज्य में शराबबंदी की मांग और नई आबकारी नीति को लेकर प्रतिक्रिया मांगे जाने पर तोमर ने इंदौर में संवाददाताओं से कहा कि यह समाज का दायित्व है, हम लोगों का कर्तव्य है कि हम शराब पीना बंद कर दें।

गौरतलब है कि आगामी वित्त वर्ष 2022-23 के लिए प्रदेश सरकार की नई आबकारी नीति में शराब की खुदरा कीमतों में 20 प्रतिशत की कमी करने का निर्णय किया गया है। इसके साथ ही, राज्य के सभी हवाई अड्डों और चार बड़े शहरों के चुनिंदा सुपर बाजारों में शराब बिक्री की अनुमति देने और एक करोड़ रुपए या इससे अधिक की सालाना आय वाले लोगों को घरों में बार बनाने के लाइसेंस जारी करने को भी मंजूरी दी गई है।

ऊर्जा मंत्री ने कहा कि हमारी नई आबकारी नीति में शराब की एक भी दुकान (ठेका) बढ़ाए जाने की बात नहीं की गई है। यह एक संदेश है। तोमर पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कम्पनी की समीक्षा बैठक के लिए इंदौर आए थे।

राज्य में बिजली के अनाप-शनाप बिलों की शिकायतों पर उन्होंने कहा कि अगर उपभोक्ताओं को लगता है कि आंकलित बिजली खपत के आधार पर उन्हें अनुचित बिल दिए गए हैं, तो जांच के बाद इनमें तत्काल सुधार किया जाएगा।


नई दिल्ली में गणतंत्र दिवस परेड के लिए इंडो-तिब्बत बार्डर पुलिस के जवान अभ्यास करते हुए

### जम्मू कश्मीर के बडगाम से लश्कर-ए-तैयबा का आतंकी गिरफ्तार

**श्रीनगर,**। सुरक्षा बलों ने जम्मू-कश्मीर के बडगाम जिले से लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के एक आतंकवादी को बृहस्पतिवार को गिरफ्तार किया और उसके कब्जे से हथियार और गोला-बारूद जब्त किया। पुलिस के एक अधिकारी ने कहा कि सुरक्षा बलों को आतंकवादी की मौजूदगी की सूचना मिली थी जिसके बाद सुबह बडगाम के चदूरा इलाके में तलाशी अभियान शुरू किया। उन्होंने कहा कि अभियान के दौरान प्रतिबंधित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े एक सक्रिय आतंकवादी को पकड़ा गया। अधिकारी ने बताया कि उसकी पहचान शोपियां के मेमंदर निवासी जहांगीर अहमद नाइकू के तौर पर हुई है।

# शेयर बाजारों में लगातार तीसरे दिन गिरावट

## सेंसेक्स 634 अंक टूटा

मुंबई (भाषा)

**घरेलू शेयर** बाजारों में बृहस्पतिवार को लगातार तीसरे दिन गिरावट रही और बीएसई सेंसेक्स 634 अंक का गोता लगाकर 60,000 अंक के नीचे बंद हुआ। यूरोपीय शेयर बाजारों में दोपहर के कारोबार में गिरावट के बीच आईटी, ऊर्जा और वित्तीय शेयरों में भारी बिकवाली के साथ बाजार नीचे आया। शेयर बाजारों में तीन दिन से जारी गिरावट से निवेशकों की संपत्ति 6,80,441 करोड़ रुपए घट गई। कारोबारियों के अनुसार, अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपए की विनिमय दर में गिरावट और विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की बिकवाली से भी कारोबारी धारणा प्रभावित हुई। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 634.20 अंक यानी 1.06 प्रतिशत लुढ़ककर 59,464.62 पर बंद हुआ। इसी प्रकार, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 181.40 अंक यानी 1.01 प्रतिशत का गोता लगाकर 17,757.00 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में 4.57 प्रतिशत की गिरावट के साथ सर्वाधिक नुकसान में बजाज फिनसर्व रही। इसके अलावा इन्फोसिस, टीसीएस, सन फार्मा, एचसीएल टेक, एचयूएल, डॉ. रेड्डीज, एचडीएफसी और रिलायंस इंडस्ट्रीज में प्रमुख रूप से गिरावट रही। दूसरी तरफ,लाभ में रहने वाले शेयरों में पावर ग्रिड, भारती एयरटेल, एशियन पेंट्स, मारुति और अल्ट्राटेक सीमेंट शामिल हैं। इनमें 4.86 प्रतिशत तक की तेजी रही। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 23 नुकसान में रहे। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, वैश्विक स्तर पर महंगाई दर को लेकर लगातार बनी चिंता और फेडरल रिजर्व के नीतिगत दर बढ़ाने की आशंका घरेलू बाजार के लिए प्रमुख चुनौती रही और बाजार लगातार तीसरे दिन लुढ़का।

उन्होंने कहा, बांड प्रतिफल बढ़ने से विदेशी निवेशक भारत जैसे बाजार से पैसा निकाल रहे हैं। कंपनियों के अबतक आए तिमाही परिणाम बाजार को उत्साहित करने में विफल रहे हैं। इसके साथ उतार-चढ़ाव ने निवेशकों के भरोसे को प्रभावित किया है। रेलिगेयर ब्रोकिंग लि. के उपाध्यक्ष (शोध) अजित मिश्रा ने कहा कि बाजार इस समय वैश्विक चुनौतियों का सामना कर रहा है। घरेलू मोर्चे पर भी कोई राहत नहीं है। उन्होंने कहा, हालांकि अबतक आई गिरावट बाजार के हिसाब से बेहतर है और उम्मीद है कि निफ्टी 17,600 के स्तर को बरकरार रखेगा। कंपनियों के तिमाही परिणाम के बीच कारोबारियों के लिए उतार-चढ़ाव से निपटना एक बड़ी चुनौती है। हमारी राय है कि लिवाली को सीमित रखें और जबतक बाजार में तेजी नहीं लौटती जोखिम से बचाव के उपाय करें। एशिया के अन्य बाजारों में हांगकांग का हैंगसेंग, दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और जापान का निक्की लाभ में रहे जबकि चीन में शंघाई कंपोजिट सूचकांक नुकसान में रहा।

यूरोप के प्रमुख बाजारों में दोपहर के कारोबार में बिकवाली दबाव रहा। अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड एक प्रतिशत घटकर 87.56 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया। अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपए की विनिमय दर सात पैसे फिसलकर 74.51 पर पहुंच गई। शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, एफआईआई ने बुधवार को 2,704.77 करोड़ रुपए मूल्य के शेयर बेचे।

बीएसई सेंसेक्स जनवरी 2022 20

59,464.62




| टॉप गेनर | % | टॉप लूजर | % |
|---|---|---|---|
| पावर ग्रिड कॉर्प | 4.86 | बजाज फिनसर्व | -4.57 |
| भारती एयरटेल | 1.60 | इन्फोसिस | -2.33 |
| एशियन पेन्ट्स | 0.81 | टीसीएस | -2.25 |
| मारुति सुजुकी | 0.35 | सन फार्मा | -2.20 |
| अल्ट्रा टेक सीमेंट | 0.28 | हिन्द. यूनी. | -2.13 |

पीटीआई ग्राफिक

एनएसई निफ्टी जनवरी 2022 20

17,757.00




| टॉप गेनर | % | टॉप लूजर | % |
|---|---|---|---|
| पावर ग्रिड कॉर्प | 4.81 | बजाज फिनसर्व | -4.58 |
| भारती एयरटेल | 2.17 | बजाज ऑटो | -3.70 |
| ग्रासिम | 1.66 | Divis Lab | -2.93 |
| जेएसडब्लू स्टील | 1.34 | इन्फोसिस | -2.24 |
| Tata Consumer | 1.17 | टीसीएस | -2.08 |

## एनसीएलएटी ने एचसीएल टेक के खिलाफ दिवाला कार्रवाई पर रोक लगाई

**नई दिल्ली (भाषा)।** राष्ट्रीय कंपनी विधि अपीलीय न्यायाधिकरण (एनसीएलएटी) ने सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र की कंपनी एचसीएल टेक्नोलॉजीज को बड़ी राहत प्रदान करते हुए एक लेनदार द्वारा दायर याचिका पर उसके खिलाफ शुरू की गई दिवाला कार्वाई पर रोक लगा दी है। एनसीएलएटी की दो सदस्ईय पीठ ने एचसीएल टेक्नोलॉजीज के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी सी विजयकुमार की याचिका स्वीकार करते हुए राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) के 17 जनवरी 2022 के उस आदेश पर रोक लगा दी जिसमें एनसीएलटी ने कंपनी के खिलाफ दिवाला कार्वाई शुरू करने का आदेश दिया था। अपीलीय प्राधिकार ने सहज भारती ट्रेवल्स को भी नोटिस जारी किया, जिसने एचसीएल टेक द्वारा 3.54 करोड़ रुपए नहीं चुकाने का दावा किया था। उससे दो हफ्ते के भीतर जवाब दाखिल करने को कहा गया है।

## क्विक न्यूज

### बीएमडब्ल्यू ने भारत में एक्स3 का नया संस्करण उतारा

**नई दिल्ली।** जर्मनी की लग्जरी कार निर्माता कंपनी बीएमडब्ल्यू ने भारत में एक्स3 एसयूवी का नया संस्करण बृहस्पतिवार को बाजार में उतारा। इसकी कीमत 59.9 लाख रुपए से शुरू होती है। कंपनी की ओर से जारी बयान में बताया गया कि स्थानीय स्तर पर विनिर्मित इस मॉडल के पेट्रोल से चलने वाले दो संस्करणों की कीमत 59.9 लाख रुपए और 65.9 लाख रुपए रखी गई है। डीजल से चलने वाले संस्करण को बाजार में बाद में उतारा जाएगा। एक्स3 एक्सड्राइव30आई में दो लीटर का चार सिलेंडर वाला पेट्रोल इंजन है। यह 6.6 सेकेंड में 0-100 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार पकड़ सकती है और इसकी सर्वाधिक रफ्तार 235 किलोमीटर प्रतिघंटा है।नई बीएमडब्ल्यू एक्स3 दो पेट्रोल वैरिएंट्स में उपलब्ध है । नई बीएमडब्ल्यू एक्स3 में बतौर मानक क्लासिक एक्स. एल्मंट्स पर जोर दिया गया है। इसमें ज्यादा दमदार उपस्थितिए काफी जगह और ड्राइविंग डाइनैमिक्स के साथ ज्यादा आधुनिक छवि है। स्पोर्टएक्सप्लस वैरिएंट में स्पोर्टीनेस और श् एक्स.नेस श् पर ज्यादा फोकस सुनिश्चित किया गया है। एम स्पोर्ट्स वैरिएंट उच्च.गुणवत्ता वाले एक्स एलमंट्स से समृद्ध है।

### डब्ल्यूटीओ के महत्वपूर्ण सदस्यों की ऑनलाइन बैठक कल, महामारी व सुधार उपायों पर होगी चर्चा

**नई दिल्ली।** विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के महत्वपूर्ण सदस्यों की शुक्रवार को ऑनलाइन बैठक होगी, जिसमें कोविड-19 महामारी को लेकर डब्ल्यूटीओ की प्रतिक्रिया, मत्स्यपालन सब्सिडी संबंधी प्रस्तावित समझौते और सुधार उपायों पर चर्चा होगी। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। दावोस में विश्व आर्थिक मंच के शिखर सम्मेलन से इतर होने जा रही यह बैठक स्विट्जरलैंड ने बुलाई है। डब्ल्यूटीओ की महानिदेशक नगोज़ी ओकोंजो इवेला भी इन चर्चाओं में शामिल होंगी। यह बैठक इस मायने में महत्वपूर्ण है कि डब्ल्यूटीओ के निर्णय लेने वाले शीर्ष निकाय 12वें मंत्रिस्तरीय सम्मेलन की बैठक को कोविड महामारी के कारण अनिश्चितकाल के लिए टाल दिया गया है। यह दूसरी बार है जबकि महामारी की वजह से इस आयोजन को टाला गया है।

### बजट में स्वास्थ क्षेत्र को सबसे अधिक प्राथमिकता मिलने की उम्मीद : एसोचैम

**नई दिल्ली ।** कोरोना वायरस महामारी से उत्पन्न चुनौतियो के बीच वित्त वर्ष 2022-23 के लिए केंद्रीय बजट में स्वास्थ्य क्षेत्र को सबसे अधिक प्राथमिकता मिलने की संभावना है। उद्योग मंडल एसोचैम ने बृहस्पतिवार को अपने एक सर्वेक्षण में यह बात कही। एसोचैम ने कहा कि उसके सर्वेक्षण में 47 प्रतिशत लोगों ने उम्मीद जताई कि बजट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र पर सबसे अधिक ध्यान देंगी। सर्वेक्षण में शामिल लोगों ने सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमो (एमएसएमई), ऊर्जा और बुनियादी ढांचा और प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों को भी बजट की प्राथमिकता सूची में रखा है। सर्वेक्षण 40 शहरों में विभिन्न क्षेत्रों मे काम करने वाले 400 लोगों की राय ली गई। एसोचैम ने कहा कि सरकार के सक्रिय उपायों और अग्रिम पंक्ति के कर्मचारियो के अथक प्रयासो ने अनिश्चित स्थिति से निपटने मे मदद मिली है। साथ ही कोरोना महामारी ने सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली में कुछ कमियों को भी उजागर किया है। इसके अलावा सर्वेक्षण में लगभग 40 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने कहा कि वित्त मंत्री को निजी मांग और खपत को बढ़ावा देने के लिए अन्य उपायो के साथ आयकर को कम करना चाहिए। यह पूछे जाने पर कि रोजगार सृजन की गति को बढ़ाने के लिए सरकार क्या कर सकती है, तो ज्यादातर लोगों ने कहा कि सरकार को बुनियादी ढांचे और आवास क्षेत्र पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए।

### वनवेब, ह्यूजेस ने भारत में उपग्रह ब्रॉडबैंड सेवा प्रदान करने के लिए समझौता किया

**नई दिल्ली।** भारती समूह द्वारा समर्थित कंपनी वनवेब और उपग्रह सेवा प्रदाता कंपनी ह्यूजेस नेटवर्क सिस्टम्स ने भारत में उपग्रह ब्रॉडबैंड सेवा प्रदान करने के लिए छह वर्ष का रणनीतिक वितरण समझौता किया है। दोनों कंपनियों ने बृहस्पतिवार को एक संयुक्त वक्तव्य में कहा कि ह्यूजेस और भारती एयरटेल का संयुक्त उपक्रम ह्यूजेस कम्युनिकेशंस इंडिया प्रालि (एचसीआईपीएल) भारत में सेवाएं प्रदान करेगा। कंपनियों ने इस बाबत समझौता ज्ञापन पर सितंबर 2021 में हस्ताक्षर किए थे। एचसीआईपीएल के प्रेसिडेंट एवं प्रबंध निदेशक पार्थो बनर्जी ने कहा, वनवेब की क्षमता का उपयोग करते हुए हम एचसीआईपीएल के माध्यम से उच्च गति वाली प्रभावी सेवाएं लाने के लिए तत्पर हैं। वनवेब ने बीते 27 दिसंबर को एक और उपग्रह प्रक्षेपित कर अपनी क्षमता में इजाफा किया था। वनवेब के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नील मास्टरसन ने कहा कि वनवेब भारत में गेटवेज और पीओपी जैसी अवसंरचना स्थापित करने के लिए निवेश करेगा।

### राज्यों के कर हिस्से की अग्रिम किस्त के रूप में 47,541 करोड़ रुपए जारी करेगा वित्त मंत्रालय

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार राज्यों को उनके कर के हिस्से की अग्रिम किस्त के रूप में बृहस्पतिवार को 47,541 करोड़ रुपए जारी करेगा। वित्त मंत्रालय ने यह जानकारी दी है। मंत्रालय ने एक बयान में कहा, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने राज्य सरकारों को कर हस्तांतरण की अग्रिम किस्त के रूप में 47,541 करोड़ रुपए जारी करने की मंजूरी दी है। यह किस्त जनवरी, 2022 के लिए नियमित हस्तांतरण के अतिरिक्त है, इसे भी आज ही जारी किया गया। इसमें कहा गया कि राज्यों को कुल 95,082 करोड़ रुपए या जनवरी माह की पात्रता से करीब दोगुनी राशि प्राप्त होगी। इससे पहले, बीते वर्ष नवंबर में भी केंद्र ने राज्यों को कर हस्तांतरण की पहली अग्रिम किस्त जारी की थी जो 47,541 करोड़ रुपए थी। मंत्रालय ने कहा, आज दूसरी अग्रिम किस्त जारी होने के साथ राज्यों को कर हस्तांतरण के तहत अतिरिक्त 90,082 करोड़ रुपए मिले हैं जो जनवरी 2022 तक जारी की जाने वाली राशि के अतिरिक्त है।

### आयकर विभाग ने 17 जनवरी तक 1.59 लाख करोड़ रुपए से अधिक के रिफंड जारी किए

**नई दिल्ली।** आयकर विभाग ने बृहस्पतिवार को कहा कि इस वित्त वर्ष में अब तक उसने 1.74 करोड़ करदाताओं को 1.59 लाख करोड़ रुपए से अधिक के रिफंड जारी किए है। आयकर विभाग ने ट्वीट किया, केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने एक अप्रैल 2021 से 17 जनवरी 2022 के बीच 1.74 करोड़ से अधिक मतदाताओं को 1,59,192 करोड़ रुपए से अधिक के रिफंड जारी किए है। इसमे आकलन वर्ष 2020-21 (31 मार्च, 2021 को समाप्त वित्तीय वर्ष) के 1.36 करोड़ रिफंड शामिल है, जो 26,372.83 करोड़ रुपए के है।

## इंडिया रेटिंग्स का अनुमान

# 2022-23 में 7.6 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी भारतीय अर्थव्यवस्था

भाषा। मुंबई

**भारतीय अर्थव्यवस्था** अगले वित्त वर्ष 2022-23 में 7.6 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी। इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च ने यह अनुमान लगाया है। एजेंसी ने बृहस्पतिवार को कहा कि लगभग दो साल के अंतराल के बाद देश के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में अर्थपूर्ण विस्तार होगा। 2022-23 में वास्तविक जीडीपी के 2019-20 (कोविड-पूर्व स्तर) से 9.1 प्रतिशत अधिक रहने का अनुमान है। इंडिया रेटिंग्स की रिपोर्ट में कहा गया है कि अगले वित्त वर्ष में भारतीय अर्थव्यवस्था का आकार जीडीपी के रुझान मूल्य से 10.2 प्रतिशत कम रहेगा। इस कमी में मुख्य योगदान निजी खपत और निवेश मांग की गिरावट का रहेगा। कुल गिरावट में निजी खपत का हिस्सा 43.4 प्रतिशत और निवेश मांग का हिस्सा 21 प्रतिशत रहेगा।

● **एजेंसी का अनुमान है कि 2022-23 में राजकोषीय घाटा 5.8 प्रतिशत से छह प्रतिशत के बीच रहेगा**

इससे पहले इसी महीने राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने जीडीपी पर अपने पहले अग्रिम अनुमान में कहा था कि 2021-22 में आर्थिक वृद्धि दर 9.2 प्रतिशत रहेगी। इससे पिछले वित्त वर्ष में अर्थव्यवस्था में 7.3 प्रतिशत की गिरावट आई थी। इंडिया रेटिंग्स के प्रमुख अर्थशास्त्री और निदेशक लोक वित्त सुनील कुमार सिन्हा ने संवाददाताओं से कहा कि सरकार और रिजर्व बैंक अर्थव्यवस्था की वृद्धि को समर्थन देंगे। उन्होंने कहा कि अभी सरकार राजकोषीय मजबूती की हड़बड़ी में नहीं है। इसका आशय है कि 2022-23 में भी राजकोषीय घाटा ऊंचा रहेगा। इससे वृद्धि को समर्थन मिलेगा। एजेंसी का अनुमान है कि 2022-23 में राजकोषीय घाटा 5.8 प्रतिशत से छह प्रतिशत के बीच रहेगा। सिन्हा ने कहा कि मुद्रास्फीति का रुझान अभी ऊपर की ओर है और अर्थव्यवस्था का पुनरुद्धार सुस्त है। ऐसे में निकट भविष्य में केंद्रीय बैंक नीतिगत दरों में वृद्धि से बचेगा।

# एफएआईएफए ने की सिगरेट, अन्य तंबाकू उत्पादों के बीच मूल्य समानता की मांग

नई दिल्ली (भाषा)

**कृषक संगठन** एफएआईएफए ने बृहस्पतिवार को सरकार से अवैध सिगरेट बाजार पर अंकुश रखने के लिए सिगरेट और तंबाकू के अन्य उत्पादों के बीच मूल्य समानता लाने का आग्रह किया। संगठन का कहना है कि अवैध सिगरेट कारोबार से तंबाकू किसानों की आजीविका को नुकसान पहुंच रहा है। फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया फार्मर एसोसिएशन (एफएआईएफए), ने कहा कि भारत में कानूनी सिगरेट की खपत की कीमत उपभोक्ताओं की खरीदारी क्षमता के अधिकतम स्तर तक पहुंच गई है। जबकि बाजार में अवैध सिगरेट और विकल्पों का बाजार सस्ता और तेजी से बढ़ रहा है। एफएआईएफए आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक और गुजरात के वाणिज्यिक फसल उगाने वाले किसानों और खेत मजदूरों का प्रतिनिधित्व करने का दावा करता है। संघ ने बयान में कहा, ... करों में और वृद्धि से एफसीवी (फ्लू-क्योर वर्जीनिया तंबाकू) की खेती में भारी कमी आएगी और किसानों की आजीविका प्रभावित होगी। एफएआईएफए के उपाध्यक्ष गड्डे शेषगिरी राव ने कहा कि उपरोक्त स्थिति किसान समुदाय पर दबाव डाल रही है क्योंकि उपभोक्ता तस्करी वाली सिगरेट की ओर रुख करते हैं। इसमें घरेलू तंबाकू का उपयोग नहीं होता है। राव ने कहा, यह देखते हुए कि भारत में तंबाकू खेती करने वाले किसानों की आजीविका के लिए तंबाकू की फसल पर बहुत बड़ी और व्यापक निर्भरता है, सरकार को अवैध सिगरेट बाजार पर अंकुश रखने के लिए सिगरेट और तंबाकू के अन्य उत्पादों के बीच मूल्य समानता लाने के लिए उचित और जिम्मेदारी से कार्य करना चाहिए।

### एसईसीएल ने 10 करोड़ टन कोयला उत्पादन किया मार्च तक 17 करोड़ टन से अधिक का लक्ष्य : अधिकारी

**कोलकाता।** कोल इंडिया की अनुषंगी साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड ने 2021-22 वित्त वर्ष में 10 करोड़ टन कोयला उत्पादन का लक्ष्य हासिल कर लिया है और मार्च तक 17.2 करोड़ टन के महत्वाकांक्षी लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। कंपनी के एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह कहा। उन्होने बताया कि एसईसीएल का कोयला उत्पादन 18 जनवरी तक 10.019 करोड़ टन था। 2020-21 में कंपनी का उत्पादन 15.06 करोड़ टन था। अधिकारी ने बताया कि एसईसीएल ऊर्जा कंपनियो को कोयले की आपूर्ति प्राथमिकता के आधार पर कर रही है और पिछले वर्ष के मुकाबले वर्तमान वित्त वर्ष मे 14 फीसदी वद्धि के साथ 12.156 करोड़ टन कोयले की आपूर्ति कर चुकी है।

# चालू वित्त वर्ष में 50 अरब डॉलर को पार कर सकता है कृषि निर्यात: वाणिज्य मंत्रालय

भाषा। नई दिल्ली

**वाणिज्य मंत्रालय** ने बृहस्पतिवार को कहा कि समुद्री और बागवानी उत्पादों सहित देश के कृषि उत्पादों का निर्यात अप्रैल से नवंबर, 2021 के दौरान 23.21 प्रतिशत बढ़कर 31.05 अरब डॉलर हो गया। मंत्रालय ने कहा कि चालू वित्त वर्ष में कृषि निर्यात पहली बार 50 अरब डॉलर के स्तर को लांघ सकता है। निर्यात को बढ़ावा देने के लिए मंत्रालय ने कोविड-19 महामारी के चालू दौर में भी कई कदम उठाए हैं। इन उपायों में विभिन्न प्रमाणपत्रों व मान्यताओं की वैधता की समाप्ति अवधि के बाद उनकी वैधता का विस्तार करना, समस्याओं के समाधान के लिए नियंत्रण कक्ष स्थापित करना, निर्यात के लिए ऑनलाइन प्रमाणपत्र जारी करना और जांच संबंधी और प्रयोगशालाएं खोलने की सुविधा प्रदान करना शामिल है। मंत्रालय ने कहा कि इन पहल के कारण ही भारत वैश्विक मांग की पूर्ति कर पाया और इससे कृषि निर्यात को गति मिली। मंत्रालय ने कहा, मौजूदा वृद्धि स्तर को देखते हुए भारत का कृषि निर्यात पहली बार 50 अरब डॉलर के आंकड़े को पार कर सकता है, जो इतिहास का सर्वाधिक स्तर होगा। इसमें कहा गया कि चावल निर्यात इस साल 2.2 करोड़ टन हो सकता है। गैर-बासमती चावल, गेहूं, चीनी तथा अन्य अनाज की वृद्धि भी अब तक काफी बेहतर है। इन उत्पादों का निर्यात बढ़ने से पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश और महाराष्ट्र के किसानों को लाभ पहुंचा है। मंत्रालय ने कहा कि समुद्री उत्पादों का निर्यात भी पहली बार आठ अरब डॉलर के स्तर को पार कर सकता है और मसालों का निर्यात 4.8 अरब डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच सकता है।

## बीते साल भारत में एफडीआई प्रवाह 26 फीसदी घटा

**संयुक्त राष्ट्र (भाषा)।** संयुक्त राष्ट्र की कारोबार संबंधी संस्था ने कहा है कि 2021 में भारत में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) 26 फीसदी कम रहा क्योंकि 2020 में जो बड़े विलय एवं अधिग्रहण (एम ऐंड ए) सौदे हुए थे वे 2021 में नहीं हुए। संयुक्त राष्ट्र व्यापार और विकास सम्मेलन (यूएनसीटीएडी) के निवेश रूझान मॉनिटर ने बुधवार को कहा कि 2021 में वैश्विक प्रत्यक्ष विदेशी निवेश 77 फीसदी बढ़कर कोविड-19 से पहले के स्तर से भी अधिक अनुमानित 1650 अरब डॉलर तक पहुंच गया जो 2020 में 929 अरब डॉलर था। यूएनसीटीएडी की महासचिव रेबेका ग्रिन्सपन ने कहा, विकासशील देशों में निवेश प्रवाह उत्साहजनक है लेकिन न्यूनतम विकसित देशों में उद्योगों में नए निवेश में ठहराव चिंता का प्रमुख विषय है। रिपोर्ट में कहा गया कि विकसित अर्थव्यवस्थाओं में एफडीआई में अब तक का सबसे बड़ा उछाल आया है और यहां एफडीआई 2021 में अनुमानित 777 अरब डॉलर पहुंच गया जो 2020 के मुकाबले तीन गुना है। विकासशील अर्थव्यवस्थाओं में एफडीआई प्रवाह 30 फीसदी वृद्धि के साथ करीब 870 अरब डॉलर हो गया जबकि दक्षिण एशिया में यह 24 फीसदी गिरकर 2021 में 54 अरब डॉलर रहा। अमेरिका में एफडीआई 114 फीसदी वृद्धि के साथ 323 अरब डॉलर पहुंच गया। रिपोर्ट में कहा गया, भारत में एफडीआई प्रवाह 26 फीसदी कम रहा क्योंकि 2020 में जो एम ऐंड ए सौदे हुए थे वे 2021 में नहीं हुए।

# पेज एक का शेष

## मुलायम के...

कि मुलायम सिंह का हम सभी सम्मान करते हैं, वह एक विपक्षी दल के राष्ट्रीय नेता हैं। पहले उनके समधी हरिओम यादव, बहू अपर्णा यादव और आज उनके साढू प्रमोद गुप्ता भाजपा परिवार में शामिल हो रहे हैं और आप सभी जानते हैं कि एक परिवार में साढू का कितना महत्व होता है। पत्रकारों से बातचीत में गुप्ता ने आरोप लगाया, किसी को मुलायम सिंह यादव से मिलने की अनुमति नहीं दी जा रही है, उन्हें सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बंधक बनाकर रखा है। गुप्ता ने कहाकि मुलायम सिंह और शिवपाल सिंह को पार्टी में परेशान किया जा रहा है। पार्टी कार्यकर्ता इससे बहुत दुखी हैं। जो लोग मुलायम सिंह के खिलाफ अभद्र भाषा का इस्तेमाल करते थे, उन्हें पार्टी में महत्व दिया जा रहा है। ऐसी परिस्थितियों में समाजवादी विचारधारा कहां जाएगी। प्रमोद गुप्ता को मुलायम सिंह यादव की दूसरी पत्नी साधना गुप्ता का रिश्तेदार बताया जाता है।

## मुख्यमंत्री के...

चंद्रशेखर आजाद को अपना उम्मीदवार घोषित करती है। आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) की राष्ट्रीय कोर कमेटी के सदस्य मोहम्मद आकिब ने पीटीआई-भाषा से इसकी पुष्टि भी की। साथ ही, उन्होंने बताया कि पार्टी का पंजीकृत नाम आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) है। इस बीच आजाद ने ट्वीट किया, बहुत-बहुत धन्यवादउ मैं पिछले पांच साल से लड़ रहा हूं। मैं लड़ता रहूंगा। जय भीम, जय मंडल, बहुजन हिताय-बहुजन सुखाय। आजाद (35), दलित अधिकार संगठन भीम आर्मी के सह संस्थापक हैं और वह इसके राष्ट्रीय अध्यक्ष भी हैं। उन्होंने मार्च 2020 में आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) की शुरुआत की थी, जिसके वह अध्यक्ष हैं। गोरखपुर सदर सीट के लिए उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के छठे चरण यानी तीन मार्च को मतदान होना है। मतगणना 10 मार्च को होगी। आजाद हाल तक अखिलेश यादव के नेतृत्व वाली समाजवादी पार्टी (सपा) के साथ चुनाव लड़ने के वास्ते गठबंधन के लिए बातचीत कर रहे थे, लेकिन उसके द्वारा केवल दो सीटों की पेशकश किए जाने पर बात नहीं बन पाई। इसके बाद, आजाद ने मंगलवार को कहा था कि उनकी पार्टी अब गठबंधन के लिए सपा से सम्पर्क नहीं करेगी, क्योंकि यह आत्मसम्मान का मामला है। उन्होंने कहा था कि वह चुनाव के लिए नए सहयोगी खोजने के लिए तैयार हैं।

## मैनपुरी में...

का पिछली सात बार से कब्जा रहा है। 2017 विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा की लहर के बावजूद सपा उम्मीदवार सोबरन यादव को इस सीट पर एक लाख से ज्यादा वोट मिले थे और उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी प्रेम शाक्य को 38 हजार से ज्यादा मतों से हराया था। गौरतलब है कि अखिलेश के पिता व सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव मैनपुरी से सांसद हैं। वह पांचवीं बार यहां से सांसद चुने गए हैं। मुलायम का करहल से गहरा नाता है। उन्होंने यहीं के जैन इंटर कॉलेज से शिक्षा ग्रहण की थी और वह यहां शिक्षक भी रहे। भाजपा ने अखिलेश की करहल सीट से चुनाव लड़ने पर प्रतिक्रिया जाहिर करते हुए कहा कि सपा अध्यक्ष अगर करहल को सुरक्षित सीट मानते हैं तो आगामी विधानसभा चुनाव में उनकी यह गलतफहमी दूर हो जाएगी। भारतीय जनता पार्टी की उत्तर प्रदेश इकाई के प्रवक्ता राकेश त्रिपाठी ने कहा, "अखिलेश को अगर यह लगता है कि करहल उनके लिए सुरक्षित सीट है तो यह उनकी गलतफहमी है, जो विधानसभा चुनाव में दूर हो जाएगी। उनके पिता मुलायम सिंह यादव बसपा अध्यक्ष मायावती की अपील के बाद किसी तरह से मैनपुरी लोकसभा सीट से चुनाव जीत पाए थे। इस बार भाजपा करहल में साइकिल को पंक्चर कर देगी ताकि वह एक्सप्रेस-वे के रास्ते लखनऊन पहुंच सके। करहल सीट पर 20 फरवरी को तीसरे चरण में मतदान होना है। अखिलेश पहली बार विधानसभा का चुनाव लड़ेंगे। इससे पहले जब वह मुख्यमंत्री थे, तब वह विधान परिषद के सदस्य चुने गए थे।

## सात राज्यों...

मामले बेंगलुरु के हैं। तमिलनाडु में 28,561 केस आए और 39 लोगों की मौत हुई। उत्तर प्रदेश में 18 हजार से अधिक केस आए हैं। दिल्ली में गुरुवार को 12,336 मामले आए। यहां एक सप्ताह पहले ही लगभग 24 हजार केस आ रहे थे। पिछले साल 10 जून (44 मौतें) के बाद गुरुवार को सबसे अधिक 43 लोगों की जान गई। मुंबई में गुरुवार को 5,708 नए केस आए और 12 मौतें हुईं। इस बीच, राज्य सरकार ने 24 जनवरी से सभी कक्षाओं के लिए पूरे महाराष्ट्र में स्कूल खोलने का फैसला किया है। मुम्बई में लगातार मामलों में गिरावट के बावजूद महाराष्ट्र में 20.66 प्रतिशत सकारात्मकता दर के साथ 43,697 मामले दर्ज किए गए। डीजी-आईसीएमआर डॉ. बलराम भार्गव ने देश में कोविड-19 की स्थिति पर मीडिया को जानकारी देते हुए यह भी कहा कि टीकाकरण के कारण मौतों की संख्या में काफी कमी आई है। देश में गुरुवार को सुबह 9 बजे आई पिछले 24 घंटों की रिपोर्ट में 3,17,532 केस दर्ज किए गए। देश का सक्रिय केसलोड वर्तमान में 19,24,051 है, जबकि रिकवरी दर 93.69 प्रतिशत है। गुरुवार को ओमीक्रोन मामलों की कुल संख्या बढ़कर 9,287 हो गई है, जो बुधवार की तुलना में 3.63 प्रतिशत अधिक है। एक दिन में 491 कोविड रोगियों ने घातक संक्रमण के कारण दम तोड़ दिया।

## दिल्ली में...

टेस्ट के लिए 100 रुपये का भुगतान करना होगा, जिसके लिए अब तक 300 रुपये तक लिए जाते थे। सरकारी आदेश के मुताबिक, कोविड जांच और घर से नमूने एकत्र करने के लिए पूर्व के 700 रुपये के बजाय 500 रुपये का भुगतान तय किया गया है। सरकारी केंद्रों और अस्पतालों में आरटी-पीसीआर और रैपिड एंटीजन टेस्ट निशुल्क किए जाते हैं।

## बूस्टर डोज...

ने पाया कि जिन लोगों ने ऑक्सफोर्ड/एस्ट्राजेनेका वैक्सीन या फाइजर/बायोएनटेक वैक्सीन की दो डोज ली थी, उनमें अल्फा और डेल्टा वेरिएंट की तुलना में उत्पन्न एंटीबॉडी ओमीक्रोन वैरिएंट को बेअसर करने में कम सक्षम थे। उन्होंने यह भी पाया कि दूसरी खुराक के बाद पहले तीन महीनों में एंटीबॉडी का स्तर गिर गया, लेकिन तीसरी बूस्टर खुराक ने एंटीबॉडी के स्तर को बढ़ा दिया जो प्रभावी रूप से ओमीक्रोन वैरिएंट को बेअसर कर देता है।

## भाजपा ने...

में अमित शाह और जेपी नड्डा समेत पार्टी के कई शीर्ष नेताओं ने उन्हें मनाने की कोशिश की है। भाजपा ने गोवा विधानसभा की 40 सीटों पर सामान्य सीट से तीन अनुसूचित जनजाति के और एक अनुसूचित जाति के उम्मीदवार को मैदान में उतारा है। पार्टी ने अन्य पिछड़ी जातियों (ओबीसी) के 11 और अल्पसंख्यक समुदाय के नौ उम्मीदवारों को मैदान में उतारा है। उम्मीदवारों की सूची में छह नए चेहरों को भी शामिल किया गया है। गोवा के मौजूदा मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत सांखली से चुनाव लड़ेंगे। महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने भाजपा महासचिव अरुण सिंह के साथ संवाददाता सम्मेलन में कहा कि भाजपा सत्ता में वापसी करेगी। कांग्रेस ने भ्रष्टाचार से राज्य को बदनाम किया है। उन्होंने कहा कि राज्य में पहली बार चुनाव लड़ने वाली तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) एमजीपी कैडर के साथ गठबंधन कर नेताओं को खरीदने की कोशिश कर रही है, जिससे लोगों का मोह भंग हो गया है। उन्होंने आम आदमी पार्टी को झूठा बताते हुए कहा कि इस पार्टी ने दिल्ली की जनता के वादे पूरे नहीं किए हैं। उत्पल को टिकट न देने के सवाल पर फडणवीस ने कहा कि हमने उत्पल को दो विकल्प दिए, लेकिन उन्होंने मना कर दिया। भाजपा ने दो मंत्रियों डब्ल्यूआरडी मंत्री फिलिप नेरी रोड्रिग्स और पीडब्ल्यूडी मंत्री दीपक प्रभु पौस्कर को टिकट नहीं दिया गया है। मोरमुगाओ से मिलिंद नाइक को भी उम्मीदवार बनाने की घोषणा की, जिन्होंने कथित सेक्स स्कैंडल मामले में मंत्री के रूप में इस्तीफा दे दिया था।

## उत्तराखंड में...

जा रही थीं। इस सूची में चौंकाने वाला नाम है चार बार विधायक रहे कुंवर प्रणव सिंह चैंपियन की पत्नी कुंवरणी देवयानी सिंह का। देवयानी सिंह को उनके पति के वर्तमान निर्वाचन क्षेत्र खानपुर सीट के लिए नामांकित किया गया है। अन्य प्रमुख महिला उम्मीदवारों में सरिता आर्य शामिल हैं, जो हाल ही में टिकट नहीं मिलने पर कांग्रेस से अलग हो गईं। वह नैनीताल आरक्षित सीट से चुनाव लड़ेंगी। मौजूदा महिला एवं बाल विकास मंत्री रेखा आर्य को सोमेश्वर विधानसभा क्षेत्र से मैदान में उतारा गया है। उत्तराखंड विधानसभा चुनाव के लिए एक ही चरण में 14 फरवरी को मतदान होगा। मतगणना 10 मार्च को होगी।

## सुप्रीम कोर्ट...

के लिए मानदंड को चुनौती दी, जिसके लिए हमें न केवल मामले को विस्तार से सुनने की आवश्यकता होगी, बल्कि हमें सभी इच्छुक पक्षों को सुनने के लिए भी तैयार करना होगा। हालांकि, इस याचिका के लंबित होने के कारण काउंसलिंग प्रक्रिया में देरी को देखते हुए, हम ईडब्ल्यूएस श्रेणी की पहचान के लिए मौजूदा मानदंडों के साथ काउंसलिंग सत्र शुरू करने की अनुमति देना आवश्यक समझते हैं। उच्चतम न्यायालय ने 2021 की राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातकोत्तर (नीट-पीजी) की रुकी हुई काउंसलिंग प्रक्रिया को अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के छात्रों को 27 प्रतिशत तथा आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के लिए दस प्रतिशत आरक्षण की मौजूदा सीमा के आधार पर फिर से शुरू करने का रास्ता सात जनवरी को साफ कर दिया था। केन्द्र ने अजय भूषण पांडे, पूर्व वित्त सचिव, वीके मल्होत्रा, सदस्य सचिव, आईसीएसएसआर और केंद्र के प्रधान आर्थिक सलाहकार संजीव सान्याल की तीन सदस्ईय समिति का पिछले साल 30 नवंबर को गठन किया था।

## भारतीय सेना...

के लिए सहायता मांगी गई है। गाव ने बुधवार को कहा कि घटना उस स्थान के पास घटी जहां से सांगपो नदी अरुणाचल प्रदेश में भारत में प्रवेश करती है। सांगपो को अरुणाचल प्रदेश में सियांग और असम में ब्रह्मपुत्र कहा जाता है। सांसद ने यह भी कहा कि उन्होंने केंद्रीय गृह राज्य मंत्री निशिथ प्रमाणिक को घटना से अवगत करा दिया है और उनसे इस संबंध में आवश्यक कार्वाई करने का अनुरोध किया है। सितंबर 2020 में पीएलए ने अरुणाचल प्रदेश के अपर सुबनसिरी जिले से पांच युवकों का अपहरण कर लिया था और लगभग एक सप्ताह के बाद उन्हें छोड़ा था।

## नए भारत...

बेहतर राजनीतिक भागीदारी और मंत्रिपरिषद में प्रतिनिधित्व जैसे सुधार को महिलाओं के बीच नए आत्मविश्वास का प्रतीक बताया। उन्होंने इस बात पर संतोष जताया कि यह आंदोलन समाज के नेतृत्व में हुआ है और और कहा कि देश में महिला-पुरुष के अनुपात में सुधार हुआ है। प्रधानमंत्री ने कहा, हमें ये भी मानना होगा कि आजादी के बाद के 75 वर्षों में, हमारे समाज में, हमारे राष्ट्र में, एक बुराई सबके भीतर घर कर गई है। ए बुराई है, अपने कर्तव्यों से विमुख होना, अपने कर्तव्यों को सर्वोपरि ना रखना। उन्होंने कहा कि बीते 75 वर्षों में हमने सिर्फ अधिकारों की बात की, अधिकारों के लिए झगड़ते, जूझते, समय खपाते रहे। उन्होंने कहा, अधिकार की बात, कुछ हद तक, कुछ समय के लिए, किसी एक परिस्थिति में सही हो सकती है लेकिन अपने कर्तव्यों को पूरी तरह भूल जाना, इस बात ने भारत को कमजोर रखने में बहुत बड़ी भूमिका निभाई है। प्रधानमंत्री ने सभी का आह्वान करते हुए कहा, हम सभी को, देश के हर नागरिक के हृदय में एक दीया जलाना है- कर्तव्य का दीया। हम सभी मिलकर, देश को कर्तव्य पथ पर आगे बढ़ाएंगे, तो समाज में व्याप्त बुराइयां भी दूर होंगी और देश नई ऊंचाई पर भी पहुंचेगा।

# लाहौर के अनारकली बाजार में विस्फोट, दो की मौत

● 28 अन्य घायल, प्रधानमंत्री इमरान खान ने विस्फोट की निंदा की

भाषा। लाहौर



**पाकिस्तान** में लाहौर का भीड़भाड़ वाला एक बाजार बृहस्पतिवार को शक्तिशाली विस्फोट से दहल उठा। इस घटना में कम से कम दो लोगों की मौत हो गई और 28 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, विस्फोट यहां अनारकली बाजार में पान मंडी के पास हुआ। इस बाजार में भारतीय वस्तुएं बेची जाती हैं। पुलिस ने बताया कि विस्फोट पान मंडी के पास दोपहर एक बज कर 45 मिनट पर हुआ, जब बाजार लोगों से भरा हुआ था। लाहौर के आयुक्त मुहम्मद उस्मान ने संवाददाताओं से कहा कि घटना में दो लोग मारे गए और 28 अन्य घायल हो गए। उन्होंने बताया कि इस विस्फोट की जिम्मेदारी बलूच चरमपंथी समूह ने ली है।

बलूच नेशनलिस्ट आर्मी (बीएनए) ने एक ट्वीट में कहा, हम अनारकली बाजार, लाहौर में बैंक को निशाना बनाने की जिम्मेदारी लेते हैं। हमला बैंक के कर्मचारियों को निशाना बना कर किया गया था। जल्द ही एक विस्तृत बयान जारी किया जाएगा। बीएनए ने पूर्व में वित्तीय संस्थानों को निशाना बनाने की चेतावनी दी थी। इससे पहले, डॉन अखबार की खबर के मुताबिक, लाहौर पुलिस के प्रवक्ता राना आरिफ ने विस्फोट में तीन लोगों की मौत होने की पुष्टि की थी। उन्होंने कहा कि विस्फोट की वजह से दुकानों और इमारतों की खिड़कियों के कांच टूट गए। प्रधानमंत्री इमरान खान ने विस्फोट की निंदा की और अधिकारियों से घायलों को सर्वश्रेष्ठ उपचार उपलब्ध कराने का आग्रह किया। उन्होंने पंजाब सरकार से एक रिपोर्ट भी मांगी है। पंजाब के मुख्यमंत्री उस्मान बजदार ने पुलिस महानिरीक्षक को घटना पर एक रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया है। उन्होंने अधिकारियों को घायलों को सर्वश्रेष्ठ उपचार उपलब्ध कराने को भी कहा है। उन्होंने कहा, घटना का लक्ष्य कानून व्यवस्था में खलल डालना था। विस्फोट के जिम्मेदार लोग कानून के हाथों से बच नहीं पाएंगे। पुलिस महानिरीक्षक (पंजाब) राव सरदार खान ने कहा कि विस्फोट के जिम्मेदार रहे लोगों को पकड़ने के लिए सभी संसाधनों का उपयोग किया जाएगा। पुलिस उपमहानिरीक्षक (अभियान) डॉ मोहम्मद आबिद ने लाहौर के ऐतिहासिक वॉल्ड सिटी के करीब विस्फोट स्थल पर पत्रकारों से कहा, हम विस्फोट की प्रकृति का पता लगा रहे हैं।

आबिद ने मोटरसाइकिल पर या बाजार में टाइम डिवाइस रखे जाने की संभावना से इनकार नहीं किया है। उन्होंने कहा, विस्फोट के कारण हुआ गड्ढा टाइम डिवाइस के इस्तेमाल की ओर इशारा कर रहा है। बहरहाल, अभी हम किसी चीज़ की पुष्टि नहीं कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि आतंकवाद रोधी विभाग और बम निरोधक दस्ते के अधिकारी मौके पर पहुंच गए हैं और विस्फोट की प्रकृति की जांच कर रहे हैं। रेस्क्यू 1122 के मुताबिक, घायलों को मेयो अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां दो ने दम तोड़ दिया। मेयो अस्पताल के चिकित्सा अधीक्षक डॉ इफ्तिखार ने बताया कि नौ साल के एक बच्चे सहित दो लोगों ने चोटों के चलते दम तोड़ दिया। उन्होंने कहा कि अस्पताल लाए गए चार घायलों की हालत गंभीर है। उन्होंने कहा कि घायलों में महिलाएं भी शामिल हैं।

## लाइबेरिया में एक धार्मिक समारोह में भगदड़ मचने से 29 लोगों की मौत

एपी। मोनरोविया (लाइबेरिया)

**लाइबेरिया** में राजधानी मोनरोविया के घनी आबादी वाले इलाके में एक धार्मिक समारोह में मची भगदड़ में 11 बच्चों और एक गर्भवती महिला सहित 29 लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस प्रवक्ता मोसेस कार्टर ने द एसोसिएटेड प्रेस को बताया कि बुधवार रात लगभग नौ बजे समारोह में शामिल सैकड़ों लोगों पर चाकुओं से लैस अपराधियों के एक गिरोह ने हमला कर दिया, जिससे भगदड़ मच गई। उन्होंने बताया कि इस सिलसिले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। यह घटना न्यू क्रू टाउन नामक समुद्र तट क्षेत्र में हुई। शवों को पोस्टमार्टम के लिए रिडेम्पशन अस्पताल ले जाया गया है। खबरों के अनुसार राष्ट्रपति जॉर्ज विया के बृहस्पतिवार को घटनास्थल का दौरा करने की उम्मीद है।

## यूक्रेन में सैन्य घुसपैठ बढ़ाने पर रूस को बड़ी कीमत चुकानी होगी

एपी। वाशिंगटन



**अमेरिका** के राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा कि उनका मानना है कि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन यूक्रेन के साथ पूर्ण युद्ध नहीं चाहते हैं, लेकिन अगर वह सैन्य घुसपैठ के साथ आगे बढ़ते हैं तो उन्हें इसकी कीमत चुकानी होगी। बाइडन ने अमेरिका के राष्ट्रपति पद का कार्यभार संभालने के एक वर्ष पूरे होने के मौके पर एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि उनका मानना है कि रूस यूक्रेन पर कार्वाई करने की तैयारी कर रहा है, हालांकि उन्हें नहीं लगता कि रूस के राष्ट्रपति ने अभी तक अंतिम निर्णय किया है।

उन्होंने कहा कि अगर रूस यूक्रेन पर और आक्रमण करता है तो वह अंतरराष्ट्रीय बैंकिंग प्रणाली तक रूसी पहुंच को सीमित कर देंगे। बाइडन ने कहा, मुझे नहीं लगता है कि अभी तक वह तय कर पाए हैं कि उन्हें क्या करना है। मुझे लगता है कि वह कार्वाई करेंगे। बाइडन के बयान से कुछ घंटे पहले अमेरिका के विदेश मंत्री एंटोनी ब्लिंकन ने अपनी कीव की यात्रा के दौरान रूस पर यूक्रेन की सीमा पर ı,00,000 से अधिक सैनिकों को तैनात करने की योजना बनाने का आरोप लगाया था और कहा था कि संख्या अपेक्षाकृत दोगुनी हो सकती है। ब्लिंकन ने इस संबंध में कोई विस्तृत जानकारी नहीं दी थी, लेकिन कहा था कि रूस ने देश के सुदूर पूर्व से अपने सहयोगी बेलारूस से असंख्य सैनिक भेजे हैं, जिसका मकसद अगले महीने किसी युद्ध की तरह की गतिविधी को अंजाम देना है।

# यूएई पर आतंकवादी हमला अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन

भाषा। संयुक्त राष्ट्र

**संयुक्त** अरब अमीरात (यूएई) की राजधानी अबू धाबी में ड्रोन हमलों की कड़ी निंदा करते हुए भारत ने आम लोगों और अवसंरचना पर हमलों को अंतरराष्ट्रीय कानूनों का खुला उल्लंघन करार दिया। भारत ने जोर देकर कहा कि संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) को आतंकवाद के ऐसे जघन्य कृत्यों के खिलाफ स्पष्ट संदेश देने के लिए एकजुट होना चाहिए।

सुरक्षा परिषद में पश्चिम एशिया पर चर्चा शुरू करते हुए संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थाई प्रतिनिधि राजदूत टी एस तिरुमूर्ति ने अबू धाबी में हाल में हुए आतंकवादी हमलों की कड़ी निंदा की जिनमें दो भारतीयों समेत तीन लोगों की मौत हो गई। उन्होंने कहा, निर्दोष नागरिकों और अन्य अवसंचरना पर इस तरह का हमला पूरी तरह से अस्वीकार्य है। यह अंतरराष्ट्रीय कानून का खुला उल्लंघन है। यह सभी मानदंडों के खिलाफ है। तिरुमूर्ति ने कहा कि भारत यूएई के साथ खड़ा है। उन्होंने कहा कि भारत इस आतंकवादी हमले की परिषद द्वारा स्पष्ट निंदा के लिए अपना पूर्ण समर्थन व्यक्त करता है। उन्होंने कहा, यह जरूरी है कि परिषद आतंकवाद के ऐसे जघन्य कृत्यों के खिलाफ एक स्पष्ट संकेत भेजने के लिए एकजुट हो। यमन के हूती विद्रोहियों ने सोमवार की सुबह अबू धाबी के मुसाफ्फा आईसीएडी3 इलाके और अबू धाबी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के नव निर्मित क्षेत्र को निशाना बनाया। हमलों के बाद पेट्रोलियम टैंकरों में विस्फोट हुआ जिसमें दो भारतीय नागरिकों एवं एक पाकिस्तानी नागरिक की मौत हो गई। घटना में छह अन्य जख्मी हो गए जिनमें दो भारतीय शामिल हैं। यूएई मिशन ने यहां एक बयान में कहा, हूती विद्रोहियों ने हमलों की जिम्मेदारी लेने की पुष्टि की है। यूएई ने अबू धाबी में हूती विद्रोहियों द्वारा आतंकवादी हमलों के संबंध में संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक का अनुरोध किया था। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मंगलवार को संयुक्त अरब अमीरात के विदेश मंत्री शेख अब्दुल्ला बिन जायद अल नाहयान से टेलीफोन पर बातचीत की। इस दौरान दोनों ने आतंकवादी हमले पर चर्चा की। जयशंकर ने कड़े शब्दों में आतंकवादी हमले की निंदा की और इस बात पर जोर दिया कि निर्दोष नागरिकों पर इस तरह का हमला पूरी तरह से अस्वीकार्य है और सभी मानदंडों के खिलाफ है। तिरुमूर्ति ने वेस्ट बैंक, यरुशलम और गाज़ा में हाल के घटनाक्रम पर भी गहरी चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा, हाल के हफ्तों में आम नागरिकों पर हिंसक हमले बढ़े हैं। तोड़फोड़ और भड़काने की कार्वाई जारी है। नई बस्तियां बनाने की घोषणाएं की गई हैं। हम संबंधित पक्षों से टकराव दूर करने के लिए तुरंत ठोस कोशिश करने का आह्वान करते हैं। भारत ने रेखांकित किया कि इस तरह के एकतरफा उपाय जमीन पर यथास्थिति को अनुचित रूप से बदलते हैं, दो-राष्ट्र समाधान की व्यवहार्यता को कम करते हैं और शांति वार्ता की बहाली के लिए गंभीर चुनौतियां पेश करते हैं। तिरुमूर्ति ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय को किसी भी ऐसे कदम के खिलाफ कड़ा संकेत देना चाहिए जो निकट भविष्य में इजराइल और फलस्तीन के बीच स्थाई शांति की संभावना में रोड़ा अटका सके। भारत ने रेखांकित किया कि वह इजराइली और फलस्तीनी नेतृत्व के बीच सीधे संपर्क को प्रोत्साहित करता है। तिरुमूर्ति ने फलस्तीनी राष्ट्रपति महमूद अब्बास और इजराइल के रक्षा मंत्री बेनी गैंट्ज के बीच हालिया बैठक का स्वागत किया। उन्होंने इसका भी स्वागत किया कि इसके बाद इजराइल ने पिछली बैठकों में निर्धारित सामाजिक-आर्थिक उपायों को जारी रखने की घोषणा की है। तिरुमूर्ति ने फलस्तीनी मुद्दे के शांतिपूर्ण समाधान के लिए भारत की दृढ़ और अटूट प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि नई दिल्ली ने बातचीत के जरिए दो-राष्ट्र समाधान का समर्थन किया है, जिससे एक संप्रभु, स्वतंत्र और व्यवहार्य फलस्तीन राष्ट्र की स्थापना हो जिसमें लोग सुरक्षित रहें और सीमाओं की पहचान हो।

## फलस्तीन-इजराइल के बीच शांति प्रक्रिया पर धीमी गति से काम कर रहा अमेरिका: रियाद मल्की

**संयुक्त राष्ट्र (एपी)।** फलस्तीन के विदेश मंत्री रियाद मल्की ने फलस्तीन के खिलाफ तत्कालीन डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन की सभी प्रतिकूल नीतियों को पलटने के मामले में धीमी गति से काम करने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन की बृहस्पतिवार को आलोचना की। मल्की ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में कहा कि इस बात की उम्मीद थी कि ट्रंप प्रशासन और इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के शासन का अंत नए सिरे से शांति का मार्ग प्रशस्त करने के लिए पर्याप्त होगा। उन्होंने कहा बाइडन प्रशासन ट्रंप की गैर-कानूनी और गलत नीतियों के पलटने के मामले में और विशेषकर अमेरिकी दूतावास को यरूशलम में स्थापित करने के संबंध में बेहद धीमी गति से कदम उठा रहा है।

## यमन के हूती विद्रोहियों को फिर से आतंकवादी समूह घोषित करने पर विचार कर रहा अमेरिका

**वाशिंगटन (एपी)।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा है कि अमेरिका यमन के हूती विद्रोहियों को फिर से आतंकवादी समूह घोषित करने पर विचार कर रहा है।

संयुक्त अरब अमीरत (यूएई) में सोमवार को हुए हमले के बाद बाइडन ने बुधवार को व्हाइट हाउस में संवाददाता सम्मेलन में यह टिप्पणी की। इस हमले में दो भारतीयों समेत तीन लोगों की मौत हो गई थी। हूती पूर्व मिलिशिया समूह है जिसके कब्जे में यमन का ज्यादातर हिस्सा है। समूह ने हमले की जिम्मेदारी ली है। यूएई का कहना है कि हमले के लिए मिसाइल और ड्रोन दोनों का इस्तेमाल किया गया था जिससे एक तेल डिपो और एक अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे में आग लग गई थी। सऊदी अरब और यूएई पिछले कई महीनों से मांग कर रहे हैं कि अमेरिका हूती को फिर से आतंकवादी समूह घोषित करे।

बाइडन ने राष्ट्रपति पद का कार्यभार संभालने के कुछ समय बाद ही हूती को आतंकवादी समूह की सूची से बाहर कर दिया था। बाइडन ने बुधवार को कहा कि हूती को फिर से आतंकवादी समूह घोषित किए जाने पर विचार किया जा रहा है।


**सांकेतिक कब्जा सूचना**

ICICI Bank | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लि., तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, शाल टावर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली–110005

जबकि,
अधोहस्ताक्षरी ने आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002 के नियम 3 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नवर्णित कर्जदारों को मांग सूचनाएं जारी की थी, जिसमें उनसे सूचना में वर्णितानुसार बकाया राशि का भुगतान, उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की मांग की गई थी।
जबकि कर्जदार उपरोक्त राशि चुकाने में असफल रहे हैं, एतद्द्वारा कर्जदार और जनसाधारण को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमावली के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए यहां नीचे वर्णित संपत्ति का सांकेतिक कब्जा निम्नवर्णित तिथियों को प्राप्त कर लिया है।
कर्जदार को विशेष रूप से तथा जन साधारण को एतद्द्वारा उक्त सम्पत्ति के संबंध में संव्यवहार नहीं करने हेतु सावधान किया जाता है तथा उक्त सम्पत्ति के संबंध में कोई भी संव्यवहार आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड की बकाया राशि के प्रभाराधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्जदार का नाम/ऋण खाता संख्या | सम्पत्ति का वर्णन/सांकेतिक कब्जा की तिथि | मांग सूचना की तिथि/ मांग सूचना में राशि (रू.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | महेश/मीनाक्षी एलबीडीईएल00002353152 | फ्लैट नंबर 2, भू तल, पाकेट 1, ब्लॉक बी 12 सेक्टर 34 डीडीए रोहिणी दिल्ली/ 17–01–2022 | 19–06–2021 रू. 11,32,246.00/– | दिल्ली/ एनसीआर |

उपरोक्त कर्जदार(रों)/गारंटर(रों) को एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि उपरोक्त राशि 30 दिन के भीतर चुकता कर दें, अन्यथा इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिन की अवधि व्यतीत होने पर उक्त बंधक रखी सम्पत्तियां प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002, के नियम 8 और 9 के तहत प्रावधानों के अनुसार बेच दी जाएंगी।
तिथि : 21 जनवरी, 2022
स्थान : दिल्ली/एनसीआर
प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड



**PUBLIC NOTICE**

To be known to all that I, Hari Prasad Shah S/o. Sh. Ubin Shah, Cont. 9810305164, Email: mukeshvarma56@yahoo.com, R/o. DDA Janta Flat No.66 First Floor, Toda Pur Dasghara, Delhi-110012, are the owners of DDA Janta Flat No.66, First Floor, Todapur Dasghara, Delhi-110012 has applied conversion of aforesaid property from lease hold to free hold in DDA. Original Demand cum Allotment Letter, Possession Letter, Site Possession Slip, NOC for water & electricity connection issued by DDA, of aforesaid property have been lost. An F.I.R to this effect has been lodged in police station on dated 17/01/2022. Any person(s) claiming any right, having any objection or found in possession of original document may write/contact with above named person at above address within 15 days from the date of publication of this notice & can personally contact- Deputy Director LAB(H) Janta, D-block, 3rd floor, Vikas Sadan, INA, New Delhi.




टोक्यो बंदरगाह पर शांत खड़ी क्रेन, तेल की बढ़ती कीमतों के साथ-साथ कमजोर येन के कारण दिसंबर में जापान का निर्यात व आयात दोनों रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गए

## हैती के राष्ट्रपति की हत्या का आरोपी कारोबारी अमेरिका प्रत्यर्पित

**मियामी** (अमेरिका)। (एपी) हैती के राष्ट्रपति जोवेनेल मोइसे की हत्या के मामले में डोमिनिकन गणराज्य में पकड़े गए कारोबारी को अमेरिका प्रत्यर्पित कर दिया गया है। अमेरिकी अधिकारियों ने यह जानकारी दी। हैती के राष्ट्रपति मोइसे की पिछले साल सात जुलाई को हत्या कर दी गई थी। न्याय विभाग की प्रवक्ता निकोल नवास ने बुधवार को कहा, हम पुष्टि करते हैं कि रोडोल्फ़ जार अब फ्लोरिडा के सदर्न जिले में अमेरिकी हिरासत में है। उन्होंने एसोसिएटेड प्रेस (एपी) को भेजे एक लिखित बयान में कहा, उसे कल संघीय अदालत में पेश किया जाएगा। जार को करीब एक दशक पहले मादक पदार्थों की तस्करी के आरोपों में दोषी ठहराया गया था और वह एक समय अमेरिकी सरकार के लिए मुखबिर के रूप में भी काम कर चुका है। उसे डोमिनिकन गणराज्य से प्रत्यर्पित किया गया, जहां उसे इस महीने की शुरुआत में हिरासत में लिया गया था। हैती के राष्ट्रपति की हत्या के मामले में अमेरिका प्रत्यर्पित किया गया।


**PUBLIC NOTICE**

This is to inform public in general that Kotak Mahindra bank Ltd has organized an auction in below mention respect of Vehicles.

VEHICLES FOR SALE

1) FORCETTFB FORCE DL1VC2104 - YOM 2019
MINIMUM RESERVE PRICE 356265
2) FORCETTFB DL1VC2247 - YOM 2015
MINIMUM RESERVE PRICE 296888
3) FORCETTFB HR58B7576- YOM 2015
MINIMUM RESERVE PRICE 432608
4) CB_TATA LPS 3518 FULLY BUILT TRAILER HR38S3571-YOM 2012
MINIMUM RESERVE PRICE 617760
5) CB_MAHINDRA_FURIO_11_ FULLY_BUILT UP14HT8805 YOM 2019
MINIMUM RESERVE PRICE 1108380
6) EICHER 10.95 UP14GT3720- YOM 2017
MINIMUM RESERVE PRICE 507212
7) SM_SAMRAT UP15ET6450- YOM 2019
MINIMUM RESERVE PRICE 674360
8) CB_SML SARTAJ UP15DT7330 - YOM 2018
MINIMUM RESERVE PRICE 612521
9) TLPT1109FB UP14HT 7369 - YOM 2019
MINIMUM RESERVE PRICE 923837
10) BOLERO_MUV UP14JT5634 -YOM 2020
MINIMUM RESERVE PRICE 427232

UNDER HYPOTHECATION WITH M/S KOTAK MAHINDRA BANK IS UNDER SALE IN ITS "AS IS WHERE IS CONDITION" INTERESTED PARTIES CAN GIVE THEIR QUOTATIONS (ONLINE/ OFFLINE) WITHIN 15 DAYS FROM THIS PAPER PUBLICATION I.E. ON OR BEFORE 05.02.2022 (PLEASE NOTE THAT CLOSING AUCTION DATE WOULD NOT BE A WEEKLY OFF / HOLIDAY).
BRANCH ADDRESS:
KOTAK MAHINDRA BANK LTD., PLOT NO.7 INSTITUTIONAL AREA SECTOR-125 NOIDA NEAR DELL CAMPUS NOIDA (U.P) UP-201313
OR CONTACT : RAJESH ANTIL
KOTAK MAHINDRA BANK LTD.
CONTACT / 09711173320
EMAIL rajesh.antil@kotak.com



**सांकेतिक कब्जा सूचना**

ICICI Home Finance | पंजी. कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक टावर्स, बान्द्रा–कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बान्द्रा (ईस्ट), मुंबई–400 051
कार्पोरेट कार्यालय : आईसीआईसीआई एचएफसी टावर, जे.बी. नगर, अंधेरी कुर्ला रोड, अंधेरी (ईस्ट), मुंबई–400 059
शाखा कार्यालय : भू तल, बी–1/4, कम्युनिटी सेंटर, जनकपुरी, नई दिल्ली–110058

जबकि,
अधोहस्ताक्षरी ने आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के तहत और प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली 2002, के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए मांग सूचनाएं जारी की थी, जिसमें नीचे वर्णित कर्जदारों से सूचना में वर्णित राशि का भुगतान उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की मांग की गई थी।
कर्जदार राशि चुकाने में असफल रहे हैं, एतद्द्वारा कर्जदारों और जनसाधारण को सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरी ने उक्त नियमावली के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत उसको प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित संपत्ति का कब्जा नीचे दी गई तिथियों को प्राप्त कर लिया है। कर्जदार को विशेष रूप से तथा जन साधारण को एतद्द्वारा सम्पत्ति के संबंध में संव्यवहार नहीं करने हेतु सावधान किया जाता है तथा सम्पत्ति के संबंध में कोई भी संव्यवहार आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड की बकाया राशि अदा करने के बाद ही किया जा सकता है।

| क्र. सं. | कर्जदार/सह–कर्जदार का नाम/ऋण खाता संख्या | सम्पत्ति का विवरण/ कब्जा की तिथि | मांग सूचना की तिथि/मांग सूचना में राशि (रू.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | सुनील कुमार (कर्जदार), श्रीमती ओमवती (सह–कर्जदार), श्रीमती रेखा (सह–कर्जदार) एलएचडीडब्ल्यूजे00001299606 | डब्ल्यूओ छत अधिकार प्लॉट नंबर 37 सी 2 मोहन गार्डन, उत्तम नगर, द्वितीय तल, दिल्ली–110059. चौहद्दी – उत्तर : अन्य सम्पत्ति, दक्षिण : रोड 20 फीट, पूरब : प्लॉट नंबर 37–बी, पश्चिम : अन्य सम्पत्ति/ कब्जा की तिथि : 19–जनवरी–2022 | 10–05–2021 रू. 16,75,834/ | दिल्ली (जनकपुरी) –बी |

उपरि–वर्णित कर्जदार(रों)/गारंटर(रों) को एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि वे उक्त राशि का भुगतान 30 दिन के भीतर कर दें अन्यथा इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिन की अवधि समाप्त होने पर, उपरोक्त बंधक रखी सम्पत्तियां, प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 और 9 के तहत प्रावधानों के अनुसार बेच दी जाएंगी।
तिथि : 21 जनवरी, 2022
स्थान : दिल्ली
प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई होम फाइनैंस कम्पनी लिमिटेड



ICICI Bank | **शाखा कार्यालय:** आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, तीसरी मंजिल, शाल टॉवर, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, नई दिल्ली –110005

**सार्वजनिक सूचना – प्रत्याभूत आस्ति की बिक्री हेतु निविदा–सह–नीलामी**

नियम 8 (6) का परंतुक देखें,
अचल सम्पत्तियों की बिक्री हेतु बिक्री सूचना

आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड द्वारा अचल आस्तियों की बिक्री हेतु यह ई–नीलामी बिक्री सूचना (दीवान हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड द्वारा आईसीआईसीआई बैंक को समनुदेशित अधोवर्णित समूह के संबंध में) डीएचएफएल तथा निम्नलिखित कर्जदार(रों) के बीच हुए ऋण अनुबंध के अनुसरण में मंजूर की गई आवास ऋण सुविधा के संबंध में वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 (6) के परंतुक के तहत जारी की जा रही है। एतद्द्वारा सर्व साधारण को तथा विशेष रूप से कर्जदार(रों) तथा गारंटर(रों) को सूचना दी जाती है कि प्रत्याभूत क्रेडिटर के पास बंधक रखी/प्रभारित निम्नवर्णित अचल सम्पत्ति, जिसका भौतिक कब्जा आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्राप्त किया जा चुका है, जैसी है जहां है', जैसी है जो भी है तथा जो भी है वहां है आधार पर नीचे दिए संक्षिप्त विवरण के अनुसार बेची जाएगी

| क्र. सं. | कर्जदार (रों)/ सह–कर्जदारों/ गारंटरों का नाम/ ऋण खाता संख्या | प्रत्याभूत आस्ति का विवरण, ऋणभारों सहित, यदि कोई | बकाया राशि (रू. में) | सुरक्षित मूल्य (रू. में) / धरोहर राशि जमा (रू. में) | सम्पत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय | नीलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (क) | (ख) | (ग) | (घ) | (ङ) | (च) | (छ) |
| 1. | श्री सुबोध चौधरी (कर्जदार),श्रीमती सुनीता देवी (सह–कर्जदार) QZPTU00005064384 | मकान नंबर– ई–1304 (पुराना नंबर डब्ल्यूजेड–480–सी), एलएचएस पहली मंजिल बिना छत, खसरा नंबर –659 और 660, गांव बसई दारापुर, सुदर्शन पार्क दिल्ली क्षेत्र: 522 वर्ग फुट | रू. 28,28,699/- (जनवरी 08, 2022 तक) | रू. 17,00,000/- / रू. 1,70,000/- | फरवरी 14, 2022 को सु. 11:00 बजे से दो. 01:00 बजे तक | फरवरी 28, 2022 को सु. 11:00 बजे से |

ऑनलाइन नीलामी हमारी नीलामी एजेन्सी मैसर्स नेक्सजेन सॉल्यूशन्स प्राइवेट लिमिटेड की वेबसाइट **(यूआरएल लिंक– www.disposalhub.com)** पर सम्पन्न होगी। बंधकदाताओं/सूचनाप्रेषिती को **25 फरवरी, 2022** को **अप. 5.00** बजे से पूर्व कल बकाया उस पर आगे ब्याज सहित भुगतान करने का अंतिम अवसर दिया जाता है, जिसमें विफल रहने पर प्रत्याभूत आस्ति की बिक्री निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार की जाएगी। संभावित बिडर (बिडर्स) को धरोहर राशि जमा (कालम ई देखें) सहित अपनी ऑफर एक सीलबंद लिफाफे में, जिसके ऊपर सेवा में **आईसीआईसीआई बैंक लि., तृतीय तल, प्लॉट नंबर 23, न्यू रोहतक रोड, करोल बाग, दिल्ली–110005** सम्पत्ति के क्रय हेतु ऑफर' शीर्षांकित किया गया हो अथवा हमारे मार्केटिंग एजेन्ट **मैसर्स नेक्सजेन सॉल्यूशन्स प्राइवेट लिमिटेड, 203, द्वितीय तल, श्री श्याम पैलेस, रेलवे रोड, सेक्टर : 4 एवं 5 क्रॉसिंग, गुरूग्राम, हरियाणा–122006** के पास **25 फरवरी, 2022** को अथवा पूर्व **अप. 05.00** बजे से पहले जमा करनी चाहिए। मार्केटिंग एजेन्सी को नीलामी के समुचित संचालन हेतु नीलामकर्ता के भी रूप में अनुबंधित किया गया है। धरोहर राशि जमा डीडी/पीओ किसी राष्ट्रीयकृत/अनुसूचित बैंक से **आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड** के पक्ष में **दिल्ली** में देय होना चाहिए। निरीक्षण, नीलामी के निबंधन और शर्तों या निविदा जमा करने के संबध में किसी अतिरिक्त स्पष्टीकरण के लिए कृपया आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के मोबाइल नम्बर **8657476284** पर अथवा मैसर्स नेक्सजेन सॉल्यूशन्स प्राइवेट लिमिटेड के **9710029933/9810029926/01244233933** पर सम्पर्क करें।
निविदाएं जो बैंक/ई–नीलामी विक्रेता पदाधिकारी द्वारा सम्यक् प्राप्त की गई हैं तथा पूर्ण विवरण के साथ कट–ऑफ समय से पूर्व पंजीकृत हैं, नीलामी हेतु विचारित की जाएंगी। प्राधिकृत अधिकारी के पास बिना कोई कारण बताए किसी भी या सभी बिड्स को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है। बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए, कृपया आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड की वेबसाइट देखें : **www.icicibank.com/n4p4**
तिथि : जनवरी 21, 2022
स्थान : दिल्ली/ एनसीआर
प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड


# बाइडन के कार्यकाल को एक साल पूरा, लोकप्रियता में आई कमी: सर्वेक्षण

एपी। वाशिंगटन

**अमेरिकी** राष्ट्रपति के तौर पर जो बाइडन के कार्यकाल को एक साल पूरा हो गया है और पहली बार अधिकतर अमेरिकियों ने माना है कि वह महामारी तथा बढ़ती मुद्रास्फीति से निपटने के मामले में नाकाम रहे हैं। द एसोसिएटेड प्रेस-एनओआरसी सेंटर फॉर पब्लिक अफेयर्स रिसर्च के नए सर्वेक्षण में यह बात सामने आई है। सर्वेक्षण के दौरान 56 प्रतिशत अमेरिकी नागरिकों ने कहा कि बाइडन राष्ट्रपति के तौर पर चुनौतियों से निपटने में नाकाम रहे हैं जबकि 43 प्रतिशत ने कहा कि वह ठीक काम कर रहे हैं। फिलहाल केवल 28 प्रतिशत अमेरिकी नागरिकों का मानना है कि बाइडन 2024 में दोबारा राष्ट्रपति बनने चाहिए। जबकि केवल 48 प्रतिशत लोगों का कहना था कि डेमोक्रेटिक पार्टी की सरकार बननी चाहिए। बाइडन से बुधवार को संवाददाता सम्मेलन के दौरान जब उनकी गिरती लोकप्रियता के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, मैं सर्वेक्षणों पर विश्वास नहीं करता। जुलाई में एपी-एनओआरसी के एक सर्वेक्षण में 59 प्रतिशत अमेरिकियों ने कहा था कि बाइडन अच्छा काम कर रहे हैं। अफगानिस्तान से अमेरिकी सैनिकों की वापसी, कोरोना वायरस संक्रमण के मामलों में वृद्धि और आर्थिक, बुनियादी ढांचे और कर नीतियों को आगे बढ़ाने के अस्थिर प्रयासों के चलते सितंबर तक उनकी लोकप्रियता में 50 प्रतिशत तक की कमी आ गई थी। नए सर्वेक्षण से पता चला है कि महामारी से निपटने को लेकर बाइडन अमेरिकी नागरिकों के विश्वास पर खरे नहीं उतर पाए हैं।

## कोविड-19 के कारण अमेरिका थक चुका है, लेकिन अब भी बेहतर स्थिति में: राष्ट्रपति

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने इस बात को स्वीकार किया कि कोविड-19 वैश्विक महामारी के कारण अमेरिका के लोग थक चुके हैं और उनका मनोबल भी काफी कम हुआ है।

## अमेरिका में लोकतंत्र की रक्षा संबंधी विधेयक मतदान में गिरा

एपी। वाशिंगटन

**अमेरिका** में लोकतंत्र को बचाने के लिए महत्वपूर्ण बताया जा रहा एक अहम विधेयक बुधवार को सीनेट में मतदान के बाद गिर गया जब डेमोक्रेटिक पार्टी के दो सांसदों ने सदन के नियमों में बदलाव के लिए अपनी पार्टी का साथ देने से इनकार कर दिया। इस विधेयक के गिरने को राष्ट्रपति जो बाइडन और उनकी डेमोक्रेटिक पार्टी के लिए करारी शिकस्त के रूप में देखा जा रहा है, जिनके कार्यकाल को एक साल पूरा हो गया है।

डेमोक्रेटिक पार्टी इस विधेयक को लेकर सीनेट के नियमों में बदलाव करने को लेकर एरिजोना से सांसद क्रिस्टीन सिनेमा और वेस्ट मिशिगन से सांसद जो मैनचिन को नहीं मना सकी और न ही इस विधेयक को आगे बढ़ाने के लिए बहुमत हासिल कर पाई। बाइडन ने मतदान के बाद एक बयान में कहा, मैं बेहद निराश हूं। हालांकि, राष्ट्रपति ने कहा कि वह विचलित नहीं हैं और लोकतंत्र की रक्षा के लिए हरसंभव कदम उठाने का संकल्प लेते हैं। दरअसल, डेमोक्रेट सांसद अमेरिका में चुनावी नियमों में बड़े सुधार के लिए कानून बनाने की तैयारी कर रहे हैं। डेमोक्रेट्स का मानना है कि वोटिंग नियमों में बदलाव करने की जरूरत है, जिससे अश्वेत और अन्य पिछड़े वर्गों को मतदान करने में किसी भी तरह की मुश्किलों को सामना न करना पड़े। दूसरी ओर रिपब्लिकन पार्टी मताधिकार विधेयक को पक्षपातपूर्ण बताते हुए इसका विरोध करती रही है। पिछले साल तीन बार रिपब्लिकन पार्टी ने मतदान अधिकार विधेयक का विरोध किया था।

**मंजेश नायक** स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए हरित ऊर्जा की ओर कदम बढ़ाने के संबंध में बात कर रहे हैं।



# सौर ऊर्जा का महत्व

इंटरगवर्नमेंटल पैनल ऑन क्लाइमेट चेंज (आईपीसीसी) ने अपनी नवीनतम रिपोर्ट में जलवायु परिवर्तन में वर्तमान प्रगति को सामने रखा है। ग्रह पर मानवीय गतिविधियों के प्रभाव ने भूमि, महासागर और वातावरण को और गर्म कर दिया है। यह आगे कहता है कि वातावरण में सीओ2 का स्तर दो मिलियन वर्षों में अपने उच्चतम स्तर पर है, समुद्र के स्तर में वृद्धि 3,000 वर्षों में सबसे तेज है, और आर्कटिक समुद्री बर्फ कम से कम 1,000 वर्षों में सबसे कम है। ग्रीनहाउस गैसों (जीएचजी) के उत्सर्जन को कम करने के लिए की गई पहल काफी महत्वाकांक्षी हैं और इससे ग्लोबल वार्मिंग को पूर्व-औद्योगिक स्तरों से 1.5 डिग्री सेल्सियस या यहां तक ?ेंकि 2 डिग्री सेल्सियस तक सीमित करने में मदद मिलेगी। हाल ही में संपन्न (पार्टियों का सम्मेलन) सीओपी 26 का लक्ष्य 2030 तक जीएचजी उत्सर्जन को 50 प्रतिशत तक कम करना और 2070 तक शुद्ध-शून्य तक पहुंचना है। भारत ने अक्षय ऊर्जा क्षमता को 500 गीगावाट (जीडब्ल्यू) तक बढ़ाना शुरू कर दिया है, जो 2030 तक कुल ऊर्जा खपत का आधा हिस्सा होगा।

## नवीनीकरण का योगदान

अक्षय ऊर्जा का मुख्य उद्देश्य आर्थिक विकास को बढ़ावा देना, ऊर्जा सुरक्षा को बढ़ाना, ऊर्जा की पहुंच बढ़ाना और जलवायु परिवर्तन को कम करना है। स्वच्छ ऊर्जा के उपयोग और सस्ती और विश्वसनीय ऊर्जा तक पहुंच सुनिश्चित करके सतत विकास संभव है। मजबूत सरकारी समर्थन और आर्थिक स्थिति में सुधार के कारण भारत दुनिया के सबसे आकर्षक अक्षय ऊर्जा बाजारों के रूप में उभरा है।

सतत विकास हासिल करने और विनाशकारी जलवायु परिवर्तन को रोकने के लिए, सरकार अक्षय ऊर्जा प्रौद्योगिकी में तेजी से बदलाव कर रही है। ग्राहक सौर, पवन, बायोमास, अपशिष्ट और जल विद्युत ऊर्जा की ओर रुख कर रहे हैं। यह तेजी से स्पष्ट हो रहा है कि स्वच्छ ऊर्जा भी सस्ती है। भारत ने 2020 तक 175 गीगावाट अक्षय ऊर्जा स्थापित करने का लक्ष्य रखा था। लक्ष्य को सौर से 100 गीगावाट, पवन से 60 गीगावाट, जैव-शक्ति से 10 गीगावाट और लघु जल विद्युत से 5 गीगावाट में वितरित किया गया है। निवेशकों ने 270 गीगावाट से अधिक की कुल क्षमता बनाने की योजना बनाई है, अर्थात निजी निगमों द्वारा 191 गीगावाट, विदेशी कंपनियों द्वारा 58 गीगावाट, निजी क्षेत्रों द्वारा 18 गीगावाट ने 18 गीगावाट का योगदान दिया, और भारतीय रेलवे ने 5 गीगावाट का योगदान दिया। हाल की भविष्यवाणियों के अनुसार, 2047 तक सौर और पवन क्षमता 750 गीगावाट और 410 गीगावाट से अधिक हो जाएगी।

## इलेक्ट्रिक वाहन बाजार में विकास

2019 में पहली बार, बैटरी इलेक्ट्रिक कारों और प्लग-इन हाइब्रिड इलेक्ट्रिक वाहनों की संचयी वार्षिक बिक्री वैश्विक स्तर पर दो मिलियन के आंकड़े को पार कर गई। इलेक्ट्रिक वाहन क्षेत्र में काफी प्रगति हुई है, जिसमें वाहन निर्माता नए विद्युतीकृत वाहनों की पेशकश के लिए आरएंडडी से लेकर प्लांट रिडिजाइन तक हर चीज में अरबों का निवेश करते हैं। पारंपरिक मूल उपकरण निर्माता (ओईएम), नए प्रवेश करने वाले ओईएम, कैप्टिव फाइनेंसिंग संस्थान और डीलरशिप सभी को पर्याप्त संभावनाओं और समस्याओं का सामना करना पड़ेगा क्योंकि 2030 तक आने वाले वर्षों में ईवी लोकप्रियता में विस्तार करते हैं। ईवी में दो अलग-अलग लक्षण होते हैं जो उन्हें भविष्य के लिए आदर्श बनाते हैं। वाहन प्रौद्योगिकी। उन्हें कम या गैर-सीओ2-उत्सर्जक स्रोतों



से बिजली से चार्ज किया जा सकता है, जिससे जैव ईंधन पर चलने वाले वाहनों की तुलना में और अधिक डीकार्बोनाइजेशन की अनुमति मिलती है। दूसरा, इलेक्ट्रिक इंजन आंतरिक दहन इंजन (आईसीई) या अन्य सुझाई गई तकनीकों जैसे संपीड़ित हवा वाले वाहनों की तुलना में कहीं अधिक कुशल हैं। एक अन्य क्षेत्र जहां प्रगति की उम्मीद है, वह है ऊर्जा भंडारण। बैटरियों के पास जीवाश्म ईंधन से खुद को छुड़ाने की कुंजी है और भविष्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। पिछले एक दशक में लिथियम-आयन बैटरी में काफी अनुसंधान एवं विकास और उत्पादन वृद्धि के कारण, लागत में 80 से 85 प्रतिशत की गिरावट आई है।

## अक्षय ऊर्जा में संक्रमण

नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय के अनुसार, भारत की कुल स्थापित अक्षय ऊर्जा क्षमता, प्रमुख जल विद्युत को छोड़कर, 100 गीगावाट को पार कर गई है, जो कुल क्षमता का लगभग 26 प्रतिशत है। अक्षय ऊर्जा स्रोत वर्तमान में 150 गीगावाट यानी भारत की कुल बिजली उत्पादन क्षमता का 40 प्रतिशत है।

जलवायु अनिवार्यता और भारत सरकार के अभियान से परे, हरित ऊर्जा की बढ़ती अपील को चलाने का एक और कारण है। जबकि अधिकांश नीति निर्माताओं ने एक दशक पहले गैर-जीवाश्म-आधारित बिजली उत्पादन में परिवर्तन के महत्व को पहचाना था, लेकिन बड़े पैमाने पर सौर या पवन ऊर्जा परियोजनाएं सब्सिडी के बिना आर्थिक रूप से अव्यावहारिक थीं।

नवीकरणीय प्रौद्योगिकी में बड़े पैमाने पर वैश्विक निवेश, जैसे सौर में पीवी मॉड्यूल दक्षता में सुधार; संयंत्र लागत के संतुलन को कम करना; और पवन टरबाइन प्रौद्योगिकी में सुधार के परिणामस्वरूप लागत में उल्लेखनीय कमी आई है। पवन ऊर्जा की लागत में जहां 30-40 फीसदी की कमी आई है, वहीं कंसंट्रेटिंग सोलर पावर (सीएसपी) की लागत में 47 फीसदी की कमी आई है। सौर फोटोवोल्टिक (एसपीवी) बिजली की लागत में 82 प्रतिशत की सबसे बड़ी महत्वपूर्ण कमी आई है। अंतर्राष्ट्रीय अक्षय ऊर्जा एजेंसी के अनुसार, नई अक्षय ऊर्जा उत्पादन परियोजनाएं वर्तमान में कई मौजूदा कोयला सुविधाओं को बनाए रखने की तुलना में कम खर्चीली हैं।

## सरकार द्वारा पहल

ऊर्जा के गैर-पारंपरिक स्रोतों के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए, एमएनआरई ने 2030 तक 500 गीगावॉट स्थापित अक्षय ऊर्जा क्षमता प्राप्त करने का लक्ष्य रखा है। सरकार निजी क्षेत्र के डेवलपर्स को आगे बढ़ाने सहित देश के नवीकरणीय ऊर्जा उद्योग को बढ़ावा देने के प्रयास कर रही है। अक्षय ऊर्जा परियोजनाओं में उन्नत प्रौद्योगिकियों का उपयोग करने के लिए। देश में अधिकांश अक्षय ऊर्जा परियोजनाएं बोली प्रक्रिया के माध्यम से चुने गए निजी क्षेत्र के डेवलपर्स द्वारा हैं।

सरकार ने वितरण लाइसेंसधारियों को लागत प्रभावी तरीके से प्रतिस्पर्धी कीमतों पर बिजली प्राप्त करने में मदद करने के लिए मानक बोली मानदंड जारी किए हैं। यह 100 प्रतिशत तक प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) को अधिकृत करके डेवलपर्स की सहायता भी कर रहा है। इसके अलावा, 175 गीगावाट लक्ष्य को पूरा करने के लिए, दिसंबर तक चालू होने वाली नवीकरणीय परियोजनाओं के लिए अंतर-राज्यीय पारेषण प्रणाली (आईएसटीएस) शुल्क और सौर और पवन ऊर्जा की अंतर-राज्यीय बिक्री के नुकसान को भी माफ कर दिया गया है। अक्षय खरीद दायित्व (आरपीओ) के लिए मानदंड निर्धारित किए गए हैं। हरित ऊर्जा गलियारों के विकास से उपयोगिता-पैमाने पर नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता वृद्धि के ग्रिड एकीकरण को सहायता मिलेगी। सरकार ने भारत में अक्षय ऊर्जा के बेहतर भविष्य के लिए पीएमकुसुम, सोलर रूफटॉप फेज 2, 12,000 मेगावाट सेंट्रल पब्लिक सेक्टर अंडरटेकिंग स्कीम फेज 2 लॉन्च किया है।

बढ़ती अर्थव्यवस्था के साथ, वाणिज्यिक और औद्योगिक क्षेत्रों से ऊर्जा की मांग बढ़ने वाली है। नए बिजली संयंत्रों की स्थापना अनिवार्य रूप से अत्यधिक अस्थिर जीवाश्म ईंधन के आयात पर निर्भर है। इस प्रकार, बायोमास, सौर, जल विद्युत और पवन ऊर्जा जैसे प्रचुर मात्रा में नवीकरणीय ऊर्जा संसाधनों के विवेकपूर्ण उपयोग के माध्यम से ऊर्जा की मांग को पूरा करना आवश्यक है। ऊर्जा आपूर्ति पर बहस के अलावा, अक्षय संसाधन भारत को जलवायु परिवर्तन को कम करने में मदद करेंगे। अक्षय ऊर्जा से रोजगार के कई अवसर पैदा हो सकते हैं। भारत में हरित ऊर्जा क्रांति की शुरुआत के लिए विदेशी निवेश आकर्षित करना संभव है।

**(लेखक एक सौर ऊर्जा कंपनी ऊरजन क्लीनटेक के निदेशक और सीएफओ हैं)**



# 'स्व' का परावर्तन

**राजयोगी ब्रह्मकुमार निकुंज जी** कहते हैं, एक ईमानदार व्यक्ति को उस असीम आशा के साथ खुद को सशक्त बनाना चाहिए जो आने वाले समय में बेहतर होगा।

फूलों की महक हवा की दिशा में ही फैलती है। लेकिन एक व्यक्ति की अच्छाई हर जगह फैलती है, आचार्य चाणक्य ने कहा। यदि हम इस उद्धरण पर विचार करें तो हम महसूस कर सकते हैं कि वह सही थे क्योंकि दयालुता, उदारता, शक्ति और अखंडता के हमारे कार्य कभी विफल नहीं होते। आज की दुनिया में, हम में से कई लोगों को अपने और दूसरों में अच्छाई देखना मुश्किल लगता है। हम अपने दोषों को उजागर करते हुए अपनी कमजोरियों के बारे में बात करना पसंद करते हैं न कि अपनी ताकत के बारे में। शायद इसका संबंध हमारे बचपन से है जब हमारे माता-पिता या रिश्तेदारों ने हमसे कहा था कि हम अपनी खुद की तुरही न बजाएं। या हो सकता है, हमने दूसरों को देखकर और सुनकर अपनी असफलताओं को आसानी से पहचानना सीख लिया और इस तरह दूसरों की कमजोरियों को ही देखने की आदत डाल ली। या हो सकता है कि हम किसी ऐसे व्यक्ति के साथ बड़े हुए हों जिसका जीवन के प्रति दृष्टिकोण नकारात्मक था। एक प्रश्न जो मन में आता है - कौन सा समझदार व्यक्ति सकारात्मकता को नज़रअंदाज़ करना और नकारात्मकता पर जोर देना पसंद करेगा? क्या हममें से कोई जानबूझकर एक नकारात्मक व्यक्ति बनना चाहेगा? ज़रूरी नहीं।



हममें से ज्यादातर लोग जो शायद ही कभी पहचानते हैं, वह एक सरल सिद्धांत है कि जो आप दूसरों में देखते हैं वह वही है जो आप अपने भीतर बनाते हैं। जैसा कि पुरानी कहावत है 'आप जो पाते हैं वही आपको मिलता है।' इसलिए, यदि आपके पास यह प्रवृत्ति नहीं है कि आप दूसरों में देखते हैं कि आपके व्यक्तित्व में क्या है, तो आप इसे 'दूसरे' में नहीं पाएंगे।

इसलिए यह आवश्यक है कि हम अच्छाई खोजें - चाहे वह अपने भीतर कितना ही छोटा क्यों न हो - उसकी ओर प्रवृत्त हों, उसका पोषण करें और उसका पोषण उसी तरह करें जैसे हम पौधों के लिए करते हैं। याद रखें, जब हम अपने भीतर सकारात्मक पर ध्यान केंद्रित करते हैं, तो हम इसे एक जीवन देते हैं, बढ़ने की अनुमति देते हैं और हमारे स्वभाव में बहाल हो जाते हैं। हम में से अधिकांश को यह एहसास नहीं है कि अच्छाई हमेशा से रही है, लेकिन यह केवल हमारी दृष्टि और जागरूकता से बाहर थी। यह विचार कि 'जहां आपका ध्यान जाता है, ऊर्जा प्रवाहित होती है और जहां आपकी ऊर्जा प्रवाहित होती है, वहां चीजें बढ़ती हैं' अब कुछ हद तक क्लिच है। लेकिन सिद्धांत सभी स्तरों पर कायम है। इसलिए, दूसरों में सकारात्मक, अच्छाई, गुण देखने के लिए आप उनमें जो देखते हैं उसे सशक्त बनाना है। यह आपके जीवन की थोड़ी सी ऊर्जा उनके जीवन में जोड़ता है।

महात्मा गांधी ने कहा था, ''खुद वो बदलाव बनिए जो आप दुनिया में देखना चाहते हैं।'' इसलिए, यदि आप चाहते हैं कि दूसरे अच्छे, बेहतर और महान बनें, तो स्वयं अच्छे, बेहतर और महान बनें। लेकिन आज हम जो देख रहे हैं वह दुखद है। दुनिया उन लोगों के लिए अधिक अनुकूल है जो जोड़-तोड़ करते हैं और कड़ी मेहनत करने वालों की तुलना में पुरस्कारों का पीछा करते हैं। ऐसे में बहुत से लोग निराश हो जाते हैं और सवाल पूछने लगते हैं- बुरी दुनिया में अच्छा होने का क्या मतलब है? हम में से कई लोग यह मानने लगे हैं कि अच्छाई खो जाती है या अनदेखी रह जाती है।

इतिहास ऐसे अनगिनत उदाहरणों से भरा पड़ा है जब शक्तिशाली विजेताओं ने लूटपाट की और एक गरिमापूर्ण जीवन में जनता को फंसाया, जब बुराई सर्वव्यापी लगती थी। और फिर भी, इन जनता से जागृत लोगों का एक छोटा साहसी समूह उभरा, जिन्होंने अन्याय के खिलाफ क्रांति का नेतृत्व किया और अंत में उत्पीड़कों पर पलटवार किया। लेकिन निश्चित रूप से, अच्छाई के सभी कार्य एक क्रांति की श्रेणी में नहीं आते, क्योंकि वे हमेशा परिवर्तन की हवा नहीं बनाते हैं। फिर भी, वे गर्म रेगिस्तान में ठंडी हवा या सूखी भूमि पर एक बूंदा बांदी की तरह काम करते हैं। हम सभी ने एक अनुभव किया है जहां हमने हर चीज और अपने आस-पास के सभी लोगों में आशा खो दी थी। और फिर किसी के द्वारा किए गए दयालुता के कार्य ने कहीं न कहीं आशा की एक किरण प्रज्वलित की। इसलिए, हमें यह समझने की आवश्यकता है कि कोई भी अच्छाई व्यर्थ नहीं जाती है। यह कभी-कभी अनसुना हो सकता है और नकारात्मक शक्तियों द्वारा उस पर काबू पाया जा सकता है लेकिन निश्चित रूप से कभी भी व्यर्थ नहीं जाता है।

हम सभी उस नन्ही चिड़िया की कहानी जानते हैं जिसने अपनी चोंच को एक तालाब के पानी से भर दिया और आग की लपटों वाली लकड़ियों की ओर चल पड़ी। जब वह उस पर थी, एक दर्शक ने छोटे जीव से पूछा कि उसके प्रयासों का क्या मतलब है, क्योंकि छोटी बूंदें विशाल लपटों को बुझा नहीं पाएंगी। उसने चुटकी लेते हुए कहा, ''जब मैं मर जाऊंगी, और मेरे जीवन का रिकॉर्ड पढ़ा जा रहा है, तो मेरा नाम उन लोगों की सूची में आएगा जिन्होंने आग बुझाने की कोशिश की, न कि उन लोगों ने जिन्होंने इसे जलाया या इसके बारे में कुछ नहीं किया।''

हमें यह याद रखना चाहिए कि कारण और प्रभाव का एक नियम है जो ब्रह्मांड में हर क्रिया का मार्गदर्शन करता है। और जो मनुष्य किसी से करता है, वह अपके साथ करता है। इसलिए, जबकि एक नकारात्मक कार्य किसी व्यक्ति पर कर्ज का ढेर लगा देता है, एक सकारात्मक कार्य एक अच्छे भविष्य के लिए एक निवेश है। और जब तक किसी को इस कानून की पवित्रता में अटूट विश्वास नहीं होगा, तब तक उसे मौजूदा शत्रुतापूर्ण वातावरण के आगे घुटने टेकने के लिए मजबूर होना पड़ेगा।

यदि अच्छाई मुश्किल समय में भी जीवित रह सकती है, तो अनुकूल परिस्थितियों के आने पर यह पूरी तरह से खिलना सुनिश्चित हो सकता है। इसलिए, एक ईमानदार व्यक्ति को परीक्षा के समय में साहस और धैर्य के साथ अपने गुण को बनाए रखना चाहिए। उसे अपने आप को इस असीम आशा के साथ सशक्त बनाना चाहिए कि जैसे रात के बाद दिन आता है, वैसे ही बेहतर समय अनिवार्य रूप से आएगा। इसलिए, नया दिन आने तक विश्वास बनाए रखें।

# अमेजन ने लॉर्ड ऑफ द रिंग्स सीरीज क शीर्षक जारी किया

**लॉस एंजिलिस।** अमेजन प्राइम वीडियो की बहुप्रतीक्षित द लॉर्ड ऑफ द रिंग्स सीरीज का आधिकारिक शीर्षक द लॉर्ड ऑफ द रिंग्स : द रिंग्स ऑफ पावर होगा। मशहूर वेब सीरीज प्लेटफॉर्म ने बुधवार को यह घोषणा की।

मध्यकालीन पृथ्वी के द्वितीय युग को लेकर जेआरआर टोलकीन की कल्पनाओं पर आधारित यह ड्रामा सीरीज दो सितंबर से देखी जा सकेगी। इसके नए एपिसोड हर हफ्ते रिलीज किए जाएंगे। अमेजन ने कंपनी के सभी सोशल मीडिया अकाउंट पर एक वीडियो प्रसारित कर बुधवार को द लॉर्ड ऑफ द रिंग्स सीरीज के शीर्षक का खुलासा किया। द वैरायटी के मुताबिक यह सीरीज जेडी पायने और पैट्रिक मैकके के निर्देशन में बनी है। पेन और मैकके ने दावा किया कि द लॉर्ड ऑफ द रिंग्स : द रिंग्स ऑफ पावर शीर्षक टोलकीन की किताब में की गई कल्पनाओं को पूरी तरह से चरितार्थ करता है।

उन्होंने बताया कि द लॉर्ड ऑफ द रिंग्स : द रिंग्स ऑफ पावर सीरीज मध्यकालीन पृथ्वी के द्वितीय युग की सभी कहानियों को आपस में पिरोती है। इनमें छल्लों के निर्माण से लेकर अंधेरे के देवता सौरोन का उद्भव, न्यूमेनॉर की ऐतिहासिक गाथा और एल्व्स व उसके साथियों के बीच की साझेदारी शामिल है। पेन और मैकके ने कहा, अभी तक दर्शकों ने स्क्रीन पर सिर्फ एक छल्ले की कहानी देखी है,




लेकिन हकीकत में इससे पहले कई और छल्ले थे। हम नई वेब सीरीज में इन सभी छल्लों की कहानी बयां करने को लेकर बेहद उत्साहित हैं।

द लॉर्ड ऑफ द रिंग्स : द रिंग्स ऑफ पावर में सींथिया अद्दाई-रॉबिंसन, रॉबर्ट अरामायो, ओवेन आर्थर, मैक्सिम बाल्ड्री, नाजनीन बोनियादी, मॉर्फिड क्लार्क, इस्माइल क्रूज कोर्डोवा, चार्ल्स एडवर्ड, ट्रिस्टिन ग्रेवेल और सर लेनी हेनरी अहम किरदार निभाते नजर आएंगे।

# भारत में अपनी उपस्थिति को बढ़ावा देने के लिए पोकेमॉन कंपनी करती है बहुभाषी कंटेंट पर भरोसा

द पोकेमॉन कंपनी ने अपने यूट्यूब के दर्शक और सब्स्क्राइबर की संख्या बढ़ाने के लिए भारत-केंद्रित कंटेंट स्ट्रैटजी की घोषणा की है। अपने हिन्दी यूट्यूब चैनल की बड़ी सफलता के बाद, कंपनी अपनी नई पोकेमॉन ऐनिमे सीरीज़ पोकेमॉन जर्नीज़, तेलुगू, तमिल और बंगाली इन तीन भाषाओं में भी लॉन्च करने वाली है। 8,00,000+ सब्स्क्राइबर के साथ द पोकेमॉन एशिया ऑफिशियल (हिन्दी) के यूट्यूब चैनल पर 29 अक्टूबर 2021 से पोकेमॉन जर्नीज़ की सीरीज़ प्रदर्शित हो रही है। कंपनी के हिन्दी कंटेंट चैनल को 3 दिन में 1,00,000 से ज़्यादा सब्सक्राइबर प्राप्त हुए हैं - जिससे इसकी लोकप्रियता दिखाई देती है।

द पोकेमॉन कंपनी के बहुभाषी इंडिया स्ट्रैटजी के बारे में, सुसुमु फुकुनागा, एग्जीक्यूटिव ऑफिसर, द पोकेमॉन कंपनी, कहते हैं, ''मैंने देखा है कि अक्टूबर 2021 से पोकेमॉन एशिया ऑफिशियल (हिन्दी) चैनल पर दिखाई देने वाले हमारे पोकेमॉन ऐनिमे के हिन्दी में डब किए गए एपिसोड बहुत सारे लोगों ने देखे हैं। मुझे इस बात की भी बहुत ख़ुशी है कि भारत में और कई लोग पोकेमॉन ऐनिमे का आनंद ले सकेंगे क्योंकि पहली बार हम तमिल, तेलुगू और बंगाली में डब किए गए एपिसोड प्रदर्शित करने वाले हैं। पोकेमॉन जर्नीज़ में कांतो से लेकर गलार तक सभी रीजन दर्शाए गए हैं। सितंबर 2021 में भारत में ऑफ़िशियल लॉन्च किए गए पोकेमॉन यूनाइट और 2021 में अपनी 5 वीं सालगिरह मनाते हुए दर्शकों का उत्साह बढ़ाने वाले पोकेमॉन गो में दिखाई दिए गए अलग-अलग पोकेमोन भी इस सीरीज़ में फिर दिखाई देंगे। अब इस सीरीज़ के रिलिज़ के साथ, भारत में अधिकाधिक इवॉल्व (विकसित) होने वाली पोकेमोन की दुनिया का आनंद लेते रहें।''



- यूट्यूब पर पोकेमॉन एशिया हिंदी चैनल के लॉन्च होने के बाद 8,00,000+ सब्स्क्राइबर रेजिस्टर हुए हैं।
- हाल ही में यूट्यूब पर पोकेमॉन जर्नीज़ ऐनिमे सीरीज़ हिन्दी में लॉन्च हुई है, जिसे दर्शकों से भारी प्रतिक्रिया मिल रही है
- अपने सब्स्क्राइबर बढ़ाने के लिए, तमिल, तेलुगू और पहली बार बंगाली भाषा में चैनल लॉन्च किए जाएंगे।

पोकेमॉन जर्नीज़ के सीरीज़ में, मशहूर ऐश के अलावा, दूसरे मुख्य पात्र के रूप में दिखाई देगा गोह, जो एक 10 साल का लड़का है, जिसका सपना है हर तरह के पोकेमॉन को पकड़ना (और मिथिकल पोकेमॉन म्यू को भी)।

एक इत्तेफ़ाक से गोह की मुलाकात होती है स्कोरबनी नामक पोकेमॉन से। और ऐसे शुरू होता है ऐश और पिकाचू के साथ गोह और उसके पार्टनर स्कोरबनी का यह अनोखा सफर।

हर हफ़्ते शुक्रवार को शाम 7 बजे द पोकेमॉन कंपनी के द्वारा हर भाषा में एक नया एपिसोड रिलिज़ किया जाएगा। पोकेमॉन जर्नीज़ के तमिल, तेलुगू और बंगाली में डब किए गए एपिसोड सिर्फ ऑफ़िशियल यूट्यूबचैनल पर देखे जा सकते हैं।

# सीरीज में बने रहने के लिए भारत को चाहिए जीत

## ●दक्षिण अफ्रीका के साथ दूसरा वनडे आज

**भाषा**। पार्ल



भारतीय टीम की फाइल फोटो

**पहले** मैच में हार से आहत भारत को अगर तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला को जीवंत बनाए रखना है तो उसके बल्लेबाजों को शुक्रवार को यहां होने वाले दूसरे वनडे में बेहतर प्रदर्शन करना होगा जिसमें केएल राहुल की कप्तानी की भी परख होगी।

राहुल पहले मैच में कप्तान के रूप में नाकाम रहे और अब जबकि उन्हें टेस्ट कप्तानी के दावेदारों में शामिल किया जा रहा है तब इस श्रृंखला में उनके लिए काफी कुछ दांव पर लगा होगा। भारतीय बल्लेबाजों ने भी पहले मैच में निराशाजनक प्रदर्शन किया जिससे टीम को 31 रन से हार का सामना करना पड़ा। जब विराट कोहली कप्तान थे तभी से मध्यक्रम का प्रदर्शन भारत के लिए चिंता का विषय बना हुआ है जिसका समाधान अभी तक नहीं खोजा जा सका है। सलामी बल्लेबाज शिखर धवन ने अर्धशतक जमाकर अच्छी वापसी की। उन्होंने कोहली के साथ मिलकर भारत की उम्मीद जगाई लेकिन यह साझेदारी टूटते ही धीमी पिच पर भारतीय मध्यक्रम बिखर गया।

दक्षिण अफ्रीका कौशल और रणनीति दोनों मामलों में भारत से अव्वल रहा और ऐसे में राहुल ने कप्तान के रूप में निराश किया। सबसे अहम सवाल यह है कि अगर वेंकटेश अय्यर से गेंदबाजी नहीं करवानी थी तो वह टीम में क्या कर रहे थे। जब युजवेंद्र चहल और शार्दुल ठाकुर पर रासी वान डर डुसेन और तेम्बा बावुमा हावी होकर खेल रहे थे तब वेंकटेश का उपयोग छठे गेंदबाज के रूप में क्यों नहीं किया गया। यदि वेंकटेश नंबर छह पर एक विशेषज्ञ बल्लेबाज के रूप में खेल रहे हैं तो सूर्यकुमार यादव को अंतिम एकादश में क्यों न शामिल किया जाए जो अनुभवी हैं और दबाव में बेहतर बल्लेबाजी करते हैं। एक और सवाल यह उठता है कि क्या राहुल ने तब चहल या रविचंद्रन अश्विन से बात की जब वान डर डुसेन और बावुमा ने स्वीप शॉट खेलने शुरू किए थे। राहुल ने गेंदबाजी में भी ऐसे बदलाव नहीं किए जिससे लगे कि वह रणनीतिक रूप से कुशल हैं। इसके विपरीत दक्षिण अफ्रीका ने एडेन मार्कराम से गेंदबाजी की शुरुआत कराई और वह भारतीय कप्तान को आउट करने में सफल रहे। इसके बाद जब भारत बल्लेबाजी कर रहा था तो धवन और कोहली के आउट होने के बाद उसकी हार सुनिश्चित हो गई थी।

अचानक ही जो पिच बल्लेबाजी के लिए आसान दिख रही थी वह मुश्किल बन गई। श्रेयस अय्यर का शार्ट पिच गेंदों के खिलाफ संघर्ष जारी रहा। उन्हें समझना चाहिए कि भारतीय एकादश में जगह बनाना आसान नहीं हैं और इस तरह से मौका नहीं गंवाया जा सकता है। इस पिच पर स्ट्राइक रोटेट करना जरूरी है। ऐसे में ऋषभ पंत और दोनों अय्यर की भूमिका अहम होगी। पहले मैच में इन तीनों ने निराश किया। उन्हें अपनी जिम्मेदारी समझने की जरूरत है। शार्दुल ठाकुर ने ऐसे समय में अर्धशतक जमाया जबकि भारत की हार तय हो गई थी और किसी तरह का दबाव नहीं था। उनका आकलन हालांकि गेंदबाजी से किया जाएगा जो उनका मुख्य काम है। गेंदबाजी में ठाकुर नाकाम रहे। उन्होंने 10 ओवर 72 रन लुटाए जिससे टीम को नुकसान हुआ। भुवनेश्वर कुमार ने भी वापसी पर निराश किया। दोनों टीमों के बीच स्पिनरों ने भी अंतर पैदा किया।

अश्विन और चहल ने 20 ओवरों में 106 रन दिए और एक विकेट लिया। दक्षिण अफ्रीका की तरफ से मार्कराम, तबरेज शम्सी और केशव महाराज ने 26 ओवर किए, 126 रन दिए और चार विकेट लिए। भारतीय स्पिनरों को अगले मैच में बेहतर प्रदर्शन करने की जरूरत है। अब दोनों मैचों में राहुल की कप्तानी पर सबकी नजर रहेगी। सीमित ओवरों की तुलना में टेस्ट कप्तानी अधिक चुनौतीपूर्ण होती है और इन मैचों का प्रदर्शन राहुल की दावेदारी के खिलाफ जा सकता है।

### टीमें

**भारत:** केएल राहुल (कप्तान), जसप्रीत बुमराह, शिखर धवन, रुतुराज गायकवाड़, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, श्रेयस अय्यर, वेंकटेश अय्यर, ऋषभ पंत, ईशान किशन, युजवेंद्र चहल, आर अश्विन, भुवनेश्वर कुमार, दीपक चाहर, प्रसिद्ध कृष्णा, शार्दुल ठाकुर, मोहम्मद सिराज, जयंत यादव, नवदीप सैनी।

**दक्षिण अफ्रीका:** तेम्बा बावुमा (कप्तान), केशव महाराज, क्विंटन डिकॉक, जुबैर हमजा, मार्को जानसेन, जानेमन मलान, सिसांडा मगला, एडेन मार्कराम, डेविड मिलर, लुंगी एनगिडी, वायने पर्नेल, एंडिले फेलुकवायो, ड्वेन प्रिटोरियस, कागिसो रबाडा, तबरेज शम्सी, रासी वान डर डुसेन, काइल वेरेने।

# रहाणे-पुजारा का ग्रेड ए बरकरार होगा मुश्किल

### केंद्रीय अनुबंध

**भाषा**। नई दिल्ली

**भारतीय** क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) जब कुछ दिन में आगामी सत्र के लिए अनुबंधित खिलाड़ियों की नई सूची पर फैसला करेगा तो अनुभवी बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा और अजिंक्य रहाणे के ग्रुप ए केंद्रीय अनुबंध पर विचार किया जा सकता है। एक अन्य बड़ा सवाल यह है कि बीसीसीआई के शीर्ष अधिकारी क्या भविष्य में कप्तानी के दो दावेदारों केएल राहुल और ऋषभ पंत के अनुबंध को अपग्रेड करके उन्हें रोहित शर्मा, विराट कोहली और जसप्रीत बुमराह के साथ एलीट ए प्लस कैटेगरी में शामिल करने के मूड में हैं या नहीं।

बीसीसीआई के केंद्रीय अनुबंध की चार कैटेगरी - ए प्लस, ए, बी और सी - हैं जिसमें सालाना रिटेनरशिप क्रमश: सात करोड़ रुपए, पांच करोड़ रुपए, तीन करोड़ रुपए और एक करोड़ रुपए है। सामान्य तौर पर तीन अधिकारी, पांच चयनकर्ता और राष्ट्रीय मुख्य कोच रिटेनरशिप पर फैसला करते हैं। हालांकि अंतिम सूची में शामिल 28 नामों में ज्यादा बड़ा बदलाव नहीं होगा लेकिन पिछले साल बनाए गए मौजूदा ग्रुप के संयोजन के बारे में कुछ गंभीर चर्चा हो सकती है।

बीसीसीआई के एक वरिष्ठ सूत्र ने गोपनीयता की शर्त पर कहा कि निश्चित रूप से सभी प्रारूपों के तीन महत्वपूर्ण खिलाड़ी रोहित, कोहली और बुमराह बिना किसी संदेह के ए प्लस कैटेगरी में बरकरार रहेंगे। लेकिन राहुल और पंत भी अब सभी प्रारूपों में नियमित खिलाड़ी के रूप में खुद को स्थापित कर रहे हैं इसलिए देखा जाएगा कि इन दोनों को प्रोमोशन मिलता है या नहीं। लेकिन एक साल के अनिरंतर प्रदर्शन के बाद पुजारा और रहाणे के अनुबंध चर्चा का विषय बन सकता है।

# रोहित, पंत और अश्विन आईसीसी टेस्ट टीम में

## ●वनडे टीम में किसी भारतीय को जगह नहीं

**भाषा**। दुबई



**रोहित** शर्मा को सलामी बल्लेबाज, ऋषभ पंत को विकेटकीपर और रविचंद्रन अश्विन को एकमात्र विशेषज्ञ स्पिनर के रूप में आईसीसी की वर्ष की टेस्ट टीम में जगह दी गई है लेकिन वर्ष 2021 के लिए एकदिवसीय एकादश में भारत के किसी खिलाड़ी को जगह नहीं मिली।

संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में खेले गए टी-20 विश्व कप में लचर प्रदर्शन के कारण आईसीसी की वर्ष की टी-20 पुरुष टीम में जगह नहीं मिलने के बाद भारत के किसी भी क्रिकेटर का वर्ष की वनडे टीम में स्थान नहीं बना पाना आश्चर्यजनक नहीं है, क्योंकि भारत ने बीते वर्ष में केवल छह वनडे खेले थे। वनडे टीम में आयरलैंड के दो खिलाड़ियों को जगह मिली है। टेस्ट में नंबर एक भारत के तीन खिलाड़ियों को हालांकि लंबी अवधि के प्रारूप की टीम में जगह मिली जिसके कप्तान न्यूजीलैंड के केन विलियमसन को बनाया गया है। भारत ने वर्ष 2021 में कुल 14 टेस्ट मैच खेले जिनमें से आठ में उसने जीत दर्ज की जबकि तीन में उसे हार मिली जिनमें न्यूजीलैंड के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप का फाइनल भी शामिल है।

हाल में विराट कोहली की जगह सीमित ओवरों के कप्तान नियुक्त किए गए रोहित ने कैलेंडर वर्ष में 47.68 की औसत और दो शतकों की मदद से 906 रन बनाए। रोहित ने इंग्लैंड के खिलाफ चेन्नई और ओवल में शतक लगाए। भारत की पहली पसंद के विकेटकीपर पंत ने 12 मैचों में 39.36 की औसत 748 रन बनाए। उन्होंने अहमदाबाद में इंग्लैंड के खिलाफ शतक भी लगाया।

इसके अलावा उन्होंने विकेटकीपर के रूप में 39 शिकार भी किए। अनुभवी स्पिनर अश्विन ने 16.64 की औसत से 54 विकेट लिए तथा इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू श्रृंखला में उन्होंने विशेष छाप छोड़ी। इसके अलावा उन्होंने 25.35 की औसत से 355 रन बनाए जिसमें इंग्लैंड के खिलाफ चेन्नई में बनाया गया शतक भी शामिल है।

भारत के तीन खिलाड़ियों और विलियमसन के अलावा आईसीसी टेस्ट टीम में श्रीलंका के दिमुथ करुणारत्ने, आस्ट्रेलिया के मार्नस लाबुशेन, इंग्लैंड के कप्तान जो रूट, न्यूजीलैंड के काइल जेमीसन और तीन पाकिस्तानी फवाद आलम, हसन अली और शाहीन अफरीदी शामिल हैं।

## मिताली और झूलन को साल की सर्वश्रेष्ठ वनडे टीम में जगह

**दुबई**। अनुभवी भारतीय खिलाड़ियों मिताली राज और झूलन गोस्वामी को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में लगातार अच्छे प्रदर्शन की बदौलत अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की साल की सर्वश्रेष्ठ महिला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय टीम में जगह मिली है। आईसीसी की साल की सर्वश्रेष्ठ टीम में उन खिलाड़ियों को जगह मिलती है जिन्होंने कैलेंडर वर्ष में मैदान पर अपने प्रदर्शन से प्रभावित किया हो। भारत की अनुभवी बल्लेबाज और कप्तान मिताली ने इंग्लैंड की सलामी बल्लेबाज टैमी ब्युमोंट के समान रन बनाए और दोनों का औसत भी समान रहा।

मिताली ने हालांकि उस समय 503 रन का योगदान दिया जब भारतीय टीम एक इकाई के रूप में जूझ रही थी जिसके कारण उनका योगदान अधिक महत्वपूर्ण रहा। इस 39 वर्षीय बल्लेबाज ने 2021 में कोई शतक नहीं बनाया लेकिन छह अर्धशतक जड़े। लंबे समय से भारत के तेज गेंदबाजी आक्रमण की अगुआ रही 39 साल की झूलन अब भी अपने प्रदर्शन से प्रभावित कर रही हैं। झूलन ने बीते साल 3.77 की शानदार इकोनॉमी दर के साथ 15 विकेट चटकाए। आईसीसी ने इस भारतीय गेंदबाज की तारीफ करते हुए कहा कि यह अनुभवी तेज गेंदबाज रन गति पर अंकुश लगाने के साथ विकेट हासिल करने में भी सक्षम है और वह किसी भी टीम के लिए महत्वपूर्ण खिलाड़ी हैं। एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 340 विकेट चटकाने वाली झूलन आईसीसी की साल की सर्वश्रेष्ठ महिला खिलाड़ी भी हैं और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सर्वाधिक विकेट चटकाने वाली गेंदबाजों की सूची में शीर्ष पर हैं। इंग्लैंड की कप्तान हीथर नाइट की अगुआई वाली टीम में मिताली और झूलन दो भारतीय खिलाड़ी हैं। टीम में दक्षिण अफ्रीका की तीन खिलाड़ियों को जगह मिली है जबकि इंग्लैंड और वेस्टइंडीज की दो-दो और आस्ट्रेलिया की एक खिलाड़ी इसमें शामिल है। इंग्लैंड की कप्तान नाइट पिछले काफी लंबे समय से इंग्लैंड के मध्यक्रम का अहम हिस्सा रही हैं और 2021 में भी वह शीर्ष प्रदर्शन करने वाली खिलाड़ियों में शामिल रहीं।

**टीम:** लिजेल ली (दक्षिण अफ्रीका), एलिसा हीली (आस्ट्रेलिया), टैमी ब्युमोंट (इंग्लैंड), मिताली राज (भारत), हीथर नाइट (इंग्लैंड), हेली मैथ्यूज (वेस्टइंडीज), मारिजेन कैप (दक्षिण अफ्रीका), शब्निम इस्माइल (दक्षिण अफ्रीका), फातिमा सना (पाकिस्तान), झूलन गोस्वामी (भारत) और अनिसा मोहम्मद (वेस्टइंडीज)।

## भारत टेस्ट रैंकिंग में तीसरे स्थान पर खिसका

**दुबई**। आस्ट्रेलिया ने हाल में समाप्त हुई एशेज श्रृंखला में इंग्लैंड पर 4-0 की शानदार जीत के बूते भारत को टेस्ट रैंकिंग के शीर्ष स्थान से हटा दिया जबकि विराट कोहली की अगुआई वाली टीम 1-0 की बढ़त गंवाकर दक्षिण अफ्रीका से टेस्ट श्रृंखला हार गई। दक्षिण अफ्रीका में टेस्ट श्रृंखला 1-2 से गंवाने के बाद भारतीय टीम तीसरे स्थान पर खिसक गई जबकि शुरूआती विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप की विजेता न्यूजीलैंड ने बांग्लादेश के खिलाफ घरेलू श्रृंखला में 1-1 ड्रा के बावजूद अपना दूसरा स्थान बरकरार रखा है जिसमें मेजबानों को किसी भी प्रारूप के घरेलू सरजमीं पर हुए मुकाबले में बांग्लादेश से पहली हार भी झेलनी पड़ी।

दक्षिण अफ्रीका को घरेलू श्रृंखला में भारत पर 2-। की जीत से एक पायदान का फायदा हुआ जबकि इंग्लैंड की टीम आस्ट्रेलिया में एशेज श्रृंखला के निराशाजनक प्रदर्शन के बावजूद चौथे स्थान पर थी। भारत ने सेंचुरियन में पहला टेस्ट जीतने के बाद दूसरा और तीसरा टेस्ट गंवा दिया जिससे उसने रैंकिंग में अपना शीर्ष स्थान गंवा दिया। आस्ट्रेलिया 119 अंक से रैंकिंग में भारत से तीन अंक आगे है। भारत ने 2021 में कुल 14 टेस्ट खेले जिसमें से उसे आठ में जीत मिली। उन्हें पिछले साल तीन टेस्ट में हार का सामना करना पड़ा था जिसमें विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप के फाइनल में न्यूजीलैंड से दिल तोड़ने वाली हार भी शामिल है।

## भारत ने मौके गंवाए, ईरान से गोलरहित ड्रा खेला

**नवी मुंबई**। भारतीय महिला फुटबॉल टीम ने एएफसी एशियाई कप के अपने शुरूआती मुकाबले में ईरान के खिलाफ पूरी तरह से दबदबा बनाने के बावजूद गोल करने के कई मौके गंवा दिए जिससे उसे गोलरहित ड्रा से संतोष करना पड़ा। मुख्य कोच थॉमस डेनेरबी मैच के नतीज से निराश होंगे क्योंकि निचली रैंकिंग की ईरानी टीम के खिलाफ जीत उनकी टीम को क्वार्टरफाइनल के लिए क्वालीफाई करने की मुहिम में सहज स्थिति में पहुंचा देती। लेकिन वह कम से कम इस चीज से खुश होंगे कि उनकी खिलाड़ियों ने डीवाई पाटिल स्टेडियम में फुटबॉल को कब्जे में रखने और एक दूसरे को पास देने में शानदार खेल दिखाया, विशेषकर दूसरे हाफ में। वह अब उम्मीद करेंगे कि उनकी टीम इस खेल को जारी रखते हुए रविवार को चीनी ताइपे के खिलाफ होने वाले मैच में गोल करे जिसे दिन के शुरूआती मैच में चीन से 0-4 से हार का सामना करना पड़ा ।

# भारत क्वार्टर फाइनल में पहुंचा

### अंडर-19 विश्व कप

## ●आयरलैंड को 174 रनों से हराया

**भाषा**। टारूबा (त्रिनिदाद)



हरनूर सिंह

**खिताब** के प्रबल दावेदार और रिकार्ड चार बार के चैंपियन भारत ने आयरलैंड को 174 रन से करारी शिकस्त देकर अंडर-19 विश्व कप के सुपरलीग क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। भारत ने गत शनिवार को दक्षिण अफ्रीका को 45 रन से हराकर जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की थी।

ब्रायन लारा स्टेडियम में पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद भारत ने हरनूर सिंह की 88 रन की आक्रामक पारी और उनके सलामी जोड़ीदार अंगकृष रघुवंशी के 79 रन की मदद से पांच विकेट पर 307 रन बनाए और इसके बाद आयरलैंड को 39 ओवर में 133 रन पर समेट दिया। कप्तान यश धुल और उप कप्तान शेख राशिद उन खिलाड़ियों में शामिल थे जिन्हें परीक्षण पॉजिटिव आने के कारण अलग थलग होना पड़ा। ऐसी स्थिति में निशांत सिंधू ने टीम की अगुवाई की। बाएं हाथ के बल्लेबाज हरनूर और अंगकृष ने पहले विकेट के लिए 164 रन की साझेदारी करके भारत को शानदार शुरुआत दिलाई। हरनूर ने अपनी पारी में 12 चौके जबकि अंगकृष ने 10 चौके और दो छक्के लगाए। कार्यवाहक कप्तान निशांत सिंधू (34) और राज बावा (42) ने तीसरे विकेट के लिए 64 रन की साझेदारी की। राजवर्धन हेंगारगेकर ने डेथ ओवरों में 17 गेंदों पर 39 रन की तेज पारी खेलकर भारत का स्कोर 300 रन के पार पहुंचाया।

आयरलैंड की टीम 308 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए शुरू में लड़खड़ा गई और उसने पहले सात ओवर के अंदर ही दोनों सलामी बल्लेबाज लियाम डोहर्टी (सात) और डेविड विन्सेंट (आठ) तथा तीसरे नंबर के बल्लेबाज जैक डिकसन (शून्य) के विकेट गंवा दिए जिससे उसका स्कोर तीन विकेट पर 17 रन हो गया। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज गर्व सांगवान (23 रन देकर दो) ने कप्तान टिम टेक्टर (15) को 15वें ओवर में आउट करके स्कोर चार विकेट पर 36 रन कर दिया।

# सिंधु, प्रणय व आकर्षी की अंतिम आठ में इंट्री

### सैयद मोदी बैडमिंटन





**लखनऊ**। स्टार शटलर पीवी सिंधु ने सैयद मोदी इंडिया इंटरनेशनल सुपर 300 बैडमिंटन में अपना विजय अभियान जारी रखते हुए अमेरिका की लॉरेन लैम को सीधे गेम में मात देकर अंतिम आठ में स्थान सुरक्षित कर लिया।

चैंपियशिप में तीसरे दिन महिला एकल में भारत की शीर्ष वरीय आकर्षी कश्यप ने भी जीत से क्वार्टर फाइनल में इंट्री कर ली। दूसरी ओर पुरुष एकल में दिग्गज भारतीय शटलर एचएस प्रणय ने भी तीन गेम तक चले संघर्षपूर्ण मुकाबले में जीत से अंतिम आठ में जगह बना ली। बाबू बनारसी दास बैडमिंटन अकादमी में महिला एकल के अंतिम 16 के मुकाबले में टॉप सीड पीवी सिंधु ने अमेरिकी प्रतिद्वंद्वी को 33 मिनट तक चले मुकाबले में सीधे गेम में 21-16, 21-13 से हराया। पहले गेम में दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु ने शानदार कोर्ट कवरेज और उम्दा स्मैश व ड्राप शॉट का सहारा लिया। सिंधु ने पहला गेम 21-16 से जीता। दूसरे गेम में भी सिंधु ब्रेक तक 11-6 से आगे रही और उम्दा खेल के सहारे 21-13 से जीत दर्ज की। इससे पहले पीवी सिंधु ने ने पहले दौर के मुकाबले में हमवतन तान्या हेमंत को 21-9, 21-9 से मात दी थी। सिंधु की अब क्वार्टर फाइनल में छठीं वरीय थाईलैंड की सुपानिदा कातेथोंग से टक्कर होगी जिन्होंने एक अन्य मुकाबले में भारत की कीर्ति भारद्वाज को 21-11, 21-7 से मात दी। इससे पहले पिछले सप्ताह खेले गए इंडिया ओपन के सेमीफाइनल में सुपानिदा ने सिंधु को मात दी थी।

पुरुष एकल में भारत की ओर से प्रबल दावेदार पांचवी वरीय एचएस प्रणय को 19 साल के प्रियांशु राजावत के खिलाफ जीत मे पसीना बहाना पड़ा। प्रणय ने एक घंटा चार मिनट चले तीन गेम के मुकाबले में 21-11, 16-21, 21-18 से मात दी। हालांकि प्रियांशु ने खासी तेजी दिखाई लेकिन पूर्व वर्ल्ड टॉप टेन में रहे प्रणय ने अपने अनुभव के सहारे जीत की बाजी अपने नाम कर ली। दूसरी ओर पुरुष एकल में भारत के चिराग सेन को हार मिली। उन्हें रूस के सर्जेई सिरांट ने 18-21, 22-20, 21-12 से मात दी। एचएस प्रणय की अब महिला एकल के एक अन्य मैच में इंडिया ओपन में साइना नेहवाल को मात देने वाली मालविका भनसोड ने हमवतन प्रेरणा नल्लूरी को 21-10, 21-8 से हराया। आकर्षी कश्यप ने साई उत्तेजिता राव को 21-9, 21-6 से मात दी। क्वार्टर फाइनल में अब आकर्षी की मालविका से टक्कर होगी। इसी के साथ बुल्गारियन ओपन की चैंपियन सामिया इमाद फारूकी ने हमवतन कनिका कंवल को 21-6, 21-15 से हराया।

# महिला एशिया कप आज से खिताब बचाने उतरेगा भारत

**भाषा**। मस्कट

**भारतीय** महिला हॉकी टीम तोक्यो ओलंपिक खेलों की लय को बरकरार रखकर मलेशिया के खिलाफ शुक्रवार को यहां एशिया कप में खिताब बचाने के अपने अभियान की शुरुआत करेगी। भारतीय महिला टीम ने पिछले साल टोक्यो ओलंपिक में चौथा स्थान हासिल किया था जो इन खेलों में उसका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है।

सविता पूनिया की अगुवाई वाली टीम टूर्नामेंट में सबसे अनुभवी है तथा उसे उम्मीद रहेगी कि ओलंपिक के बाद अपनी पहली महत्वपूर्ण प्रतियोगिता में वह अपने अनुभव का अच्छा इस्तेमाल करेगी।

गोलकीपर सविता चोटिल रानी रामपाल की गैरमौजूदगी में टीम की अगुवाई करेंगी। रानी को हैमस्ट्रिंग की चोट से उबरने के लिए विश्राम दिया गया है। सविता ने स्वीकार किया है कि इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में भारत की सफलता में टीम का अनुभव बेहद महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। यह टूर्नामेंट इस साल के एफआईएच महिला विश्व कप के लिए क्वालीफाइंग प्रतियोगिता भी है, जिसकी मेजबानी स्पेन और नीदरलैंड करेंगे। एशिया कप से भारत का व्यस्त कैलेंडर भी शुरू करेगा जिसमें वह बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों और चीन के हांग्जो में एशियाई खेलों में भाग लेगा। एशियाई खेल पेरिस ओलंपिक 2024 के लिए क्वालीफाइंग टूर्नामेंट भी है।

इनके अलावा भारतीय टीम पहली बार एफआईएच प्रो लीग में भी भाग लेगी। पूल ए के दूसरे मैच में शुक्रवार को जापान का सामना सिंगापुर से जबकि पूल बी में दक्षिण कोरिया का सामना इंडोनेशिया से और चीन का थाईलैंड से होगा।

# दानिल मेदवेदेव तीसरे दौर में, मुगुरुजा और कोंटावीट बाहर

### आस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस

**भाषा**। मेलबर्न





**दुनिया** के दूसरे नंबर के खिलाड़ी दानिल मेदवेदेव ने गुरुवार को यहां चार सेट में स्थानीय खिलाड़ी निक किर्गियोस को हराकर आस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल के तीसरे दौर में जगह बनाई।

महिला एकल में हालांकि तीसरी वरीयता प्राप्त गरबाइन मुगुरुजा और छठी वरीयता प्राप्ता एनेट कोंटावीट दूसरे दौर में हार के साथ टूर्नामेंट से बाहर गईं। दुनिया के 115वें नंबर के खिलाड़ी किर्गियोस को दर्शकों का साथ मिला और उन्होंने रूस के खिलाड़ी के खिलाफ कुछ मौकों पर शानदार खेल भी दिखाया लेकिन इसके बावजूद मेदवेदेव ने धैर्य बरकरार रखते हुए तीसरा सेट गंवाने के बावजूद 7-6 (1), 6-4, 4-6, 6-2 से जीत दर्ज की। किर्गियोस के खिलाफ 2019 में दो बार के बाद मेदवेदेव की आस्ट्रेलियाई खिलाड़ी के खिलाफ यह पहली जीत है। पुरुष वर्ग में चौथे वरीय स्टेफानोस सितसिपास ने दूसरे दौर में सबेस्टियन बेइज को 7-6(1), 6-7 (5), 6-3, 6-4 से शिकस्त दी। इस मुकाबले में दुनिया के दो पूर्व नंबर एक जूनियर खिलाड़ी आमने सामने थे। पांच बार के उप विजेता और पूर्व नंबर एक खिलाड़ी एंडी मरे को 120वें नंबर के खिलाड़ी टेरो डेनियल ने 6-4, 6-4, 6-4 से हराया। पांचवें वरीय आंद्रे रूबलेव, 15वें वरीय रॉबर्ट बतिस्ता आगुत, 20वें वरीय टेलर फ्रिट्ज, 2014 अमेरिकी ओपन चैंपियन मारिन सिलिच, 32वें वरीय एलेक्स डि मनोर और 70वें नंबर के खिलाड़ी अमेरिका के मैक्सिम क्रेसी भी तीसरे दौर में जगह बनाने में सफल रहे। आर्थर रिंडरनेच के कलाई की चोट के कारण हटने पर 24वें वरीय डेन इवांस ने तीसरे दौर में प्रवेश किया। आस्ट्रेलिया के वाइल्ड कार्ड धारक क्रिस ओकोनेल ने 13वीं डिएगो श्वार्ट्जमैन को 7-6(6), 6-4, 6-4 से हराकर उलटफेर किया।

महिला एकल में दूसरी वरीयता प्राप्त एरिना सबालेंका भी एक दर्जन डबल फॉल्ट करने के बाद हार की कगार पर पहुंच गई थी लेकिन वापसी करते हुए दुनिया की 100वें नंबर की खिलाड़ी वैंग शिन्यु का 1-6, 6-4, 6-2 से हराने में सफल रहीं।

अमेरिकी ओपन चैंपियन एमा राडुकानु को भी डेंका कोवीनिच ने 6-4, 4-6, 6-3 से हराया। मुगुरुजा रोड लावेर एरेना में पूरे मुकाबले में एक भी ब्रेक प्वाइंट हासिल नहीं कर सकी और एलिज कोर्नेट के खिलाफ 3-6 3-6 की हार के दौरान उन्होंने 33 सहज गल्तियां की जो उनकी विरोधी की तुलना में दोगुनी से भी अधिक थी।

## सानिया मिर्जा-राजीव राम की जोड़ी मिश्रित युगल के दूसरे दौर में पहुंची

**मेलबर्न**। भारतीय टेनिस स्टार सानिया मिर्जा और उनके अमेरिकी जोड़ीदार राजीव राम ने गुरूवार को यहां एलेक्सांद्रा क्रुनिच और निकोला सासिच की जोड़ी पर सीधे सेट में जीत दर्ज कर मिश्रित युगल के दूसरे दौर में जगह बनाई। राम इस स्पर्धा के गत चैम्पियन हैं, उन्होंने 2021 में चेक गणराज्य की बारबोरा क्रेजसिकोवा के साथ मिलकर मिश्रित युगल खिताब जीता था। उन्होंने शानदार सर्विस और मजबूत प्रदर्शन से 69 मिनट तक चले शुरूआती दौर के मुकाबले में 6-3 7-6 की जीत में अहम भूमिका अदा की। सानिया ने भी मुकाबले में अच्छी सर्विस की। उनकी जोड़ी के पास दूसरे ही गेम में बढ़त बनाने का मौका था लेकिन सानिया निर्णायक अंक पर नेट पर फोरहैंड लगा बैठीं।